राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 56
लखनऊ, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं के हितों से कोई समझौता नहीं करेगी : एके शर्मा 03

राफेल नडाल ने किया टेनिस से संन्यास का ऐलान 12


# हम अपने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को आसियान सम्मेलन में कहा कि हम शांतिप्रिय देश हैं और एक-दूसरे की राष्ट्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं। हम अपने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब विश्व संघर्ष और तनाव का सामना कर रहा है, भारत-आसियान मित्रता, समन्वय, संवाद और सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने लाओस के वियनतियाने में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति ने नई दिल्ली और आसियान देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को ऊर्जा और गति दी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संघर्षों के मद्देनजर आज भारत-आसियान सहयोग की बहुत आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें आसियान परिवार के साथ 11वीं बार इस बैठक में शामिल होने



पर गर्व महसूस हो रहा है। दस साल पहले उन्होंने भारत की एक्ट ईस्ट नीति की घोषणा की थी। इन 10 वर्षों में इस नीति ने भारत और आसियान देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को नई ऊर्जा, दिशा और गति दी है।

उन्होंने कहा कि भारत-आसियान पड़ोसी हैं, ग्लोबल साउथ में साझेदार हैं और दुनिया में तेजी से बढ़ता हुआ क्षेत्र हैं । उन्होंने कहा कि भारत-आसियान शांतिपूर्ण राष्ट्र हैं, एक-दूसरे की राष्ट्रीय एकता और संप्रभुता का सम्मान करते हैं और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आसियान क्षेत्र के देशों के साथ बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए भारत द्वारा की गई अन्य पहलों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष, क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए समुद्री अभ्यास शुरू किया गया था। पिछले 10 वर्षों में आसियान क्षेत्र के साथ हमारा व्यापार लगभग दोगुना होकर 130 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया है।

आज भारत के पास सात आसियान देशों के साथ सीधी उड़ान कनेक्टिविटी है और बहुत जल्द, ब्रुनेई के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने तिमोर लेस्ते में नए वाणिज्य दूतावास खोले हैं। सिंगापुर आसियान क्षेत्र का पहला देश था, जिसके साथ हमने फिनटेक कनेक्टिविटी स्थापित की और अब इसे अन्य देशों में भी दोहराया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का लगभग सात आसियान देशों के साथ सीधा उड़ान संपर्क है और ब्रुनेई के साथ भी यही शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जन-केंद्रित दृष्टिकोण हमारी डेवेलपमेंट पार्टनरशिप का आधार है। 300 से अधिक आसियान छात्रों को नालंदा यूनिवर्सिटी में स्कॉलरशिप का लाभ मिला है। विश्वविद्यालय का नेटवर्क लॉन्च किया गया है। उन्होंने कहा कि लाओस, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमार, इंडोनेशिया में साझी विरासत और संरक्षण के लिए काम किया गया है। चाहे कोविड महामारी हो या प्राकृतिक आपदा, हमने एक-दूसरे की मदद की है। भारत ने कई क्षेत्रों में सहयोग के लिए भारत-आसियान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कोष, हरित कोष और डिजिटल कोष में 30 मिलियन डॉलर का योगदान भी दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और आसियान पड़ोसी हैं, वैश्विक दक्षिण में साझेदार हैं और दुनिया में तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र हैं।

### मोदी ने जापान के नवनियुक्त प्रधानमंत्री से द्विपक्षीय बैठक की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के नवनियुक्त प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा से आज लाओस में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय बैठक की। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार उन्होंने प्रधानमंत्री इशिबा को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और जापान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में उनकी सफलता की कामना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत एक विश्वसनीय मित्र और रणनीतिक साझेदार जापान के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना जारी रखेगा। दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, बुनियादी ढांचे के विकास, रक्षा और सुरक्षा, अर्धचालक, कौशल, संस्कृति और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित व्यापक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और जापान शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपरिहार्य भागीदार हैं और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेता अगले भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए उत्सुक हैं।

### परमाणु पनडुब्बियों और प्रीडेटर ड्रोन के लिए 80 हजार करोड़ के सौदों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना और रक्षा बलों की निगरानी क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने दो परमाणु पनडुब्बियों के स्वदेशी निर्माण और अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के प्रमुख सौदों को मंजूरी दे दी है। भारतीय नौसेना को दो परमाणु ऊर्जा चालित हमलावर पनडुब्बियां मिलेंगी, जो हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना की क्षमताओं को कई गुना बढ़ाने में मदद करेंगी। विशाखापत्तनम के शिप बिल्डिंग सेंटर में दो पनडुब्बियों के निर्माण का सौदा करीब 45,000 करोड़ रुपये का होगा और इसमें लार्सन एंड टूब्रो जैसी निजी क्षेत्र की कंपनियों की प्रमुख भागीदारी होगी।

## भारत के डीएनए में शामिल है ज्ञान-विज्ञान और तकनीकी : सीएम योगी

▸ एमपीआईटी गोरखपुर के प्रथम बैच के विद्यार्थियों से सीएम योगी ने किया संवाद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीकी भारत के डीएनए में है। अपार संभावनाओं से परिपूर्ण हमारे युवाओं की तरफ पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है। निश्चित ही आने वाला समय भारत है। युवा संघर्षों से अपनी राह बनाएं, सफलता कदम चूमेगी।

योगी गुरुवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) के प्रथम बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान, विज्ञान और श्रम की त्रिवेणी अनवरत प्रवाहित है। परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है। यही प्रवृत्ति हमें दुनिया में सबसे विशिष्ट बनाती है। आवश्यकता है खुद को वैश्विक स्तर के अनुरूप खुद को तैयार करने की। हमें अभिभावकों की अपेक्षाओं पर भी खरा उतरना है। इसके लिए छात्र और शिक्षक कदम से कदम मिलाकर चलें। नेशनल-इंटरनेशनल जर्नल्स का नियमित अध्ययन करें और खुद को ई-लाइब्रेरी की तरफ अग्रसर करें। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी तकनीकी पर ध्यान देना चाहिए जो जीवन को सरल और सहज बनाए, समस्याओं का समाधान करे। ऐसी तकनीकी पर फोकस करने की आवश्यकता है जो प्रकृति के साथ समन्वय बनाकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश रोजगार का बड़ा हब बन रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश आज के तकनीकी दौर की महत्वपूर्ण जरूरत सेमी कंडक्टर का हब बनने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है। इसमें सीधे निवेश के साथ कई गुना चक्रीय निवेश भी हो रहा है। इसके अनुरूप प्रशिक्षित श्रम उपलब्ध कराने के लिए आगे आने की जिम्मेदारी तकनीकी संस्थाओं की है। ग्लोबल स्टैंडर्ड के पाठ्यक्रम से जुड़कर विद्यार्थी यहां प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स, माइनर डिग्री कोर्स और एडवांस कोर्स के जरिये खुद को संबंधित उद्योग-सेवा के क्षेत्र के अनुरूप तैयार कर सकेंगे।



### सिलिकॉन वैली में है भारत का दबदबा

योगी ने कहा कि कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनियाभर में विख्यात सिलिकॉन वैली में भारत का दबदबा है और इसमें उत्तर प्रदेश के युवाओं की बड़ी हिस्सेदारी है। सिलिकॉन वैली, हैदराबाद और बेंगलुरु के बाद उत्तर प्रदेश को भी इस दिशा में तीव्रतम गति से आगे बढ़ना है। इसी लक्ष्य को लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश का पहला स्टेट ऑफ आर्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) में स्थापित हो रहा है। विश्व स्तरीय मानक के अनुरूप यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पूर्वी उत्तर प्रदेश के पंद्रह अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों के लिए भी महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि एमपीआईटी परिसर के अलग-अलग सेंटर ऑफएक्सीलेंस में ड्रोन टेक्नोलॉजी एंड थ्री डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्पेस टेक्नोलॉजी, समेत कई एकीकृत पाठ्यक्रम भी संचालित होंगे।

## अष्टमं महागौरी



**श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥**

मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद होने की वजह से इन्हें श्वेताम्बरधरा भी कहा गया है। कहते हैं कि शिव को पति रूप में पाने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इस कारण इनका शरीर काला पड़ गया, लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शंकर ने इनके शरीर को गंगा जल से धोकर कांतिमय बना दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका नौसेना ने 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना और तटरक्षक बल ने 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। इन पर श्रीलंका के जल क्षेत्र में अवैध रूप से शिकार करने का आरोप लगाया गया है। इनके चार ट्रॉलरों को जब्त कर लिया गया है। श्रीलंका के समाचार पत्र डेली न्यूज की खबर में यह जानकारी दी गई है। इन भारतीय मछुआरों को बुधवार को डेल्फ्ट द्वीप पर पकड़ा गया। श्रीलंका की नौसेना और तटरक्षक बल गश्त के दौरान पकड़े गए भारतीय मछुआरों को मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंपेगी। स्थानीय मछुआरों की आजीविका के मद्देनजर तट रक्षक बल अपने जल क्षेत्र पर निगहबान रहते हैं। उत्तरी नौसेना कमान ने फास्ट अटैक क्राफ्ट को भी तैनात किया है। इस साल अब तक 59 भारतीय ट्रॉलर को जब्त कर 434 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है।

### विश्व बैंक ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

**नयी दिल्ली।** विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत की विकास दर 7.0 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में इसके 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताते हुये गुरूवार को कहा कि श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर और वैश्विक व्यापार एवं निवेश के लिए आगे बढ़कर अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करने से विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। विश्व बैंक ने आज जारी अपने नवीनतम दक्षिण एशिया विकास अपडेट में यह अनुमान जताया है।

### मुरादाबाद जा रही मेमो को पलटाने की कोशिश

**बिजनौर।** 7 ट्रेन को पलटने के प्रयास की घटना देश भर में देखी जा रही है। जनपद बिजनौर में ऐसी एक साजिशा फिर सामने आई है। आज सवेरे मेमो एक्सप्रेस ट्रेन को पलटाने की साजिश के तहत् नजीबाबाद क्षेत्र के गढ़मालपुर रेलवे क्रॉसिंग पर असामाजिक तत्वों द्वारा पत्थर रख दिए गए। गनीमत रही कि ट्रेन पत्थरों को तोड़ते हुए निकल गई। सहारनपुर से मुरादाबाद जा रही मेमो एक्सप्रेस जनपद के नजीबाबाद की गढ़मालपुर रेलवे क्रॉसिंग पर हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। अप और डाउन लाइन की रेल पटरी पर लगभग 20 मीटर तक रखे छोटे-छोटे पत्थर तेज आवाज के साथ टूटे तो चालक की सांसें थम गईं। गनीमत रही कि हादसा टल गया और ट्रेन पत्थरों को तोड़ते हुए सुरक्षित निकल गई।

# देश के अनमोल रतन, टाटा पंचतत्व में हुए विलीन

एजेंसी

**मुंबई।** देश के अनमोल रतन, शीर्ष उद्योगपति, पद्मविभूषण रतन टाटा का गुरुवार शाम का राजकीय सम्मान के साथ वरली के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित थे। इसके साथ राजनीतिक, फिल्म जगत, खेल जगत, उद्योग जगत के अतिविशिष्ठ लोगों नम आंखों से अपने प्रिय उद्योगपति के पार्थिव शरीर को अंतिम विदाई दी।

रतन टाटा का कल देर रात ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया था। वह 86 वर्ष के थे। रतन टाटा के पार्थिव शरीर



को ब्रीच कैंडी अस्पताल से कोलाबा स्थित उनके आवास ले जाया गया। वहां उनके परिवार, रिश्तेदारों और विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों ने उनके अंतिम दर्शन किए। इसके बाद आज सुबह 10 बजे रतन टाटा का पार्थिव शरीर कोलाबा स्थित उनके आवास से एनसीपीए लाया गया। इस मौके पर मुंबई पुलिस ने रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। रतन टाटा का पार्थिव शरीर आज सुबह 10 बजे मुंबई के एनसीपीए में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, वरिष्ठ नेता शरद पवार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मंत्री उदय सामंत, विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, उद्योगपति मुकेश अंबानी समेत बॉलीवुड और इंडस्ट्री के दिग्गजों ने रतन टाटा के पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन किया।

### रतन टाटा का नाम भारत रत्न के लिए प्रस्तावित

**मुंबई।** उद्योगपति पद्म विभूषण रतन टाटा को उनकी उपलब्धियों के लिए भारत रत्न से सम्मानित करने का प्रस्ताव गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में सर्व सहमति से पारित किया गया है। इस प्रस्ताव में केंद्र सरकार से रतन टाटा को भारत रत्न दिए जाने की सिफारिश की गई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज हुई कैबिनेट की बैठक में पद्म विभूषण रतन टाटा के निधन पर शोक प्रस्ताव पेश किया।

### गृह मंत्रालय ने हिज्ब-उत-तहरीर को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने हिज्ब-उत-तहरीर को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत हिज्ब-उत-तहरीर (हुत) और उसके सभी रूपों और प्रमुख संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। गृह मंत्रालय ने गुरुवार को यह अधिसूचना जारी की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 1953 में यरूशलम में बने वैश्विक इस्लामी कट्टरपंथी संगठन हिज्ब-उत-ताहिर (हुत) को आतंकवादी संगठन घोषित कर इसके ऊपर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार का कहना है कि यह संगठन आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है जोकि देश के भोले-भाले नागरिकों को जिहाद की आड़ लेकर उन्हें प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस में शामिल करने के लिए उकसाता है।

## विधायक दल कि नेता चुने गए उमर बनेंगे जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री

एजेंसी

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को गुरुवार को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया, जो जम्मू-कश्मीर में एक दशक में पहली निर्वाचित सरकार के गठन की दिशा में बड़ा कदम है।

नेकां के नव-निर्वाचित विधायकों ने श्रीनगर में एक बैठक में भाग लिया, जिसके दौरान श्री अब्दुल्ला के विधायक दल के नेता के रूप में चुनाव को मंजूरी दी गयी। नेकां उपाध्यक्ष ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ÷मुझे अपना नेता चुनने के लिए मैं पार्टी विधायकों का आभारी हूं। हमें चार निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन मिला है और हम सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए अपने गठबंधन सहयोगी कांग्रेस से पत्र का



इंतजार कर रहे हैं।÷ श्री अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस से पत्र मिलने के बाद वह सरकार गठन की तारीख तय करने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात करेंगे। विधायक दल की बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अली मोहम्मद सागर ने घोषणा की कि श्री अब्दुल्ला को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। उन्होंने कहा, उमर को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया है। जल्द ही सरकार की बागडोर संभालने के लिए उमर अब्दुल्ला के अलावा कोई नहीं है।

### काशी विश्वनाथ मंदिर के अरघे में श्रद्धालु के गिरने के मामले में पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में भीड़ के चलते अरघे में श्रद्धालु महिला के गिरने के मामले में मंदिर के पुलिस आयुक्त सुरक्षा ने कड़ा एक्शन लिया है।

इस मामले में गुरुवार को डीसीपी सुरक्षा ने एक दरोगा, एक आरक्षी और तीन महिला पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। वहीं, तीन उपनिरीक्षकों जो अन्य जनपदों में मंदिर की सुरक्षा में लगाए गए थे, उन्हें निलंबित करने के लिए रिपोर्ट प्रेषित की। इस दौरान भक्तों की संख्या ज्यादा होने और धक्कामुक्की से महिला और एक श्रद्धालु असंतुलित होकर अरघे में गिर गए।

## कोरियाई लेखिका हान कांग को साहित्य का नोबेल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** साहित्य में 2024 का नोबेल पुरस्कार दक्षिण कोरियाई लेखिका हान कांग को उनके गहन काव्यात्मक गद्य के लिए दिया गया है, जो पुराने सदमों का सामना करता है और मानव जीवन की नाजुकता को उजागर करता है।

हान कांग को साहित्य में नोबेल पुरस्कार 2024 की घोषणा आज स्वीडिश अकादमी के स्थायी सचिव



मैट्स माल्म ने की। हान कांग का जन्म 1970 में दक्षिण कोरियाई शहर ग्वांगजू में हुआ था। नौ साल की उम्र में वह अपने परिवार के साथ सियोल चली गई थीं। वह एक साहित्यिक पृष्ठभूमि से आती हैं। उनके पिता एक प्रतिष्ठित उपन्यासकार हैं। अपने लेखन के साथ-साथ उन्होंने खुद को कला और संगीत के लिए भी समर्पित कर दिया है, जो उनके संपूर्ण साहित्यिक उत्पादन में परिलक्षित होता है। हान कांग ने अपना करियर 1993 में पत्रिका साहित्य और समाज में कई कविताओं के प्रकाशन के साथ शुरू किया। उनकी गद्य की शुरुआत 1995 में लघु कहानी संग्रह लव ऑफ येओसु के साथ हुई।






श्रद्धांजलि

### सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सैफई में मुलायम सिंह की मूर्ति व समाधि पर अर्पित की पुष्पांजलि

# नेता जी की दूसरी पुण्यतिथि पर अखिलेश ने किया नमन

एजेंसी

**लखनऊ।** धरतीपुत्र के नाम से मशहूर समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सैफई में नेताजी की मूर्ति और समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नेताजी को याद किया। इस दौरान शिवपाल सिंह यादव, आशु मलिक, डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव, आदित्य यादव, तेज प्रताप यादव समेत पार्टी के बड़ी तादाद में स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए अखिलेश यादव ने जाने माने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर भी शोक व्यक्त करते हुए,



उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि एक ऐसे व्यक्ति हमने खोया है जिनका आजादी के पहले और आजादी के बाद भी इस देश की अर्थ व्यवस्था में बड़ा योगदान रहा है। अखिलेश ने कहा कि टाटा ने देश की आर्थिक स्थिति सुधारने का काम किया है। रतन टाटा जी के साथ हमारे व्यक्तिगत संबंध भी रहे कई बार मिलना हुआ। उन्होंने हर बार यही बताया कि कारोबार करते समय कभी अपने उसूलों के साथ समझौता नहीं किया। वहीं, अपने पिता मुलायम सिंह यादव को लेकर कहा कि नेता जी इसी धरती पर संघर्ष करके इसी धरती से चोट खाकर धरती पुत्र बने हैं। राजनीति के उतार चढ़ाव में भी नेता जी ने समाज को हमेशा सही दिशा दिखाने का काम किया। आज जब हम उन्हें याद कर रहे हैं तो समाजवादी मूल्यों के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने का संकल्प लेते हैं।

### मुलायम की पुण्यतिथि पर सीएम योगी सहित मंत्रियों ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की आज दूसरी पुण्यतिथि है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि प्रेषित की है। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा योगी पूर्व रक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, 'पद्म विभूषण' मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक व वरिष्ठ राजनेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी वरिष्ठ राजनेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को याद किया और पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का 10 अक्टूबर 2022 को गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024


# उत्तर प्रदेश सरकार ने लांच किया जीसीएपी वर्ल्ड सॉफ्टेक के साथ स्कॉलर प्लैनेट ऐप

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ ।** प्रदेश सरकार ने जीसीएपी वर्ल्ड सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से स्कॉलर प्लैनेट ऐप का शुभारंभ कार्यक्रम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गोमती नगर में आयोजित किया गया।

यह ऐप छात्रों, शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक समग्र डिजिटल प्लेटफार्म प्रदान करता है, जो शैक्षिक अनुभवों को आधुनिक और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि यह ऐप माध्यमिक शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है। प्रत्येक सरकारी माध्यमिक विद्यालय में आधुनिक तकनीक से सुसज्जित आईसीटी लैब की स्थापना हो रही है। इसके साथ ही, अटल टिंकरिंग लैब्स के माध्यम से छात्रों को रोबोटिक्स और एआई की जानकारी दी जाएगी, और व्यावसायिक दक्षता के लिए प्रत्येक राजकीय विद्यालय में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है।

स्कॉलर प्लैनेट ऐप को स्मार्ट स्कूल, शिक्षार्थी और शिक्षक बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जनरेटिव एआई, और डेटा विश्लेषण जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है ताकि छात्रों की शैक्षिक यात्रा के हर पहलू में सहायता मिल सके।

यह ऐप राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों से मेल खाता है, जो शैक्षिक प्रक्रियाओं में तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देता है। अब तक, लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव और रायबरेली के 91 स्कूलों के 30,499 छात्र और 655 शिक्षक इस प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं। इन संस्थानों को 54 ऑनबोर्डिंग सत्रों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्लेटफार्म का उपयोग करना सिखाया गया है, ताकि वे छात्रों की प्रगति को बेहतर ढंग से ट्रैक कर सकें।

# फॉरेंसिक संस्थान निर्माण में 10 करोड़ का घोटाला, जांच हुई शुरु

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** राजधानी से करीब 18 किलोमीटर दूर स्थित सरोजनीनगर के पिपरसंड में 2021 में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में किया गया था। लेकिन अब इस परियोजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने निर्माण के दौरान करीब 10 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। विधायक के एक पत्र पर प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग द्वारा एक




सप्ताह में जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश तो दिये गये थे लेकिन अब तक हुआ कुछ नहीं। हालही में लोक आयुक्त में इसकी षिकायत की गई है। शिकायत में आरोप है कि फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट के निर्माण कार्य में स्वीकृत टावरों में छठे तल के चार आवासों का निर्माण नहीं किया गया और उन्हें नियमों के विरुद्ध

**सीसी मार्ग का निर्माण भी मानकों के अनुरूप नहीं हुआ**

फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट परिसर में गद्दे और फर्नीचर मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, जिससे 1 करोड़ रुपये की शासकीय हानि हुई। साथ ही, सीसी मार्ग का निर्माण भी मानकों के अनुरूप नहीं हुआ, जिसके कारण निर्माण पूरा होने से पहले ही मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया। शिकायतकर्ता ने आर. एन. सिंह, मुख्य अभियंता, पर भ्रष्टाचार में संलिप्तता और अधिशासी अभियंता अशोक कुमार को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया है। पूर्व में विधायक के पत्र पर प्रमुख सचिव द्वारा जांच के निर्देश के बावजूद अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का संकेत है। शिकायत और मीडिया रिपोर्ट्स के बाद यह मामला तूल पकड़ रहा है। शामिल अधिकारियों पर कार्यवाही और शासकीय धन की हानि की भरपाई के लिए कार्रवाई हो सकती है। जांच प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए गये हैं, ताकि शासकीय धन का सही इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सके और दोषियों पर कार्रवाई हो सके।

स्टिल्ट फ्लोर में बनाया गया।

इसके परिणामस्वरूप पार्किंग एरिया प्रभावित हुआ और लगभग 1 करोड़ रुपये की शासकीय धन की हानि हुई है। निर्माण कार्य में 49 करोड़ रुपये का कार्य बिना टेंडर या कोटेशन के आगणित दरों पर कराया गया। इस कार्य की निविदा में ठेकेदार का अनुबंध 13 प्रतिषत कम राशि पर बना था, जिससे शासकीय खजाने को 6 करोड़ रुपये की हानि का सामना करना पड़ा। कानपुर मार्ग से परिसर पहुँच मार्ग के निर्माण में 10 सेमी मोटाई की स्वीकृत बिटमिन की परत की जगह मात्र 3-4 सेमी मोटाई की परत डाली गई, जिससे 1 करोड़ रुपये की शासकीय धन की हानि का अनुमान है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार ने सचिव, लोक आयुक्त उत्तर प्रदेश, राजेश कुमार को एक पत्र भेजकर समयवृद्धि की मांग की है। अधिशासी अभियंता ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि सचिव द्वारा 23 अगस्त 2024 को भेजे गए पत्र के अनुसार, उन्हें 1 अगस्त 2024 को प्रस्तुत परिवाद पर तथ्यात्मक आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में युवक की मौत, डग्गामार बस ने मारी टक्कर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधनी लखनऊ के विभूति खंड इलाके में गुरुवार को रोड एक्सीडेंट में 29 साल के युवक की मौत हो गई। युवक ऑटो में बैठकर ड्यूटी पर जा रहा था। तभी पीछे से आ रही है तेज रफ्तार डग्गामार बस ने टक्कर मार दी। जिससे ऑटो चालक गंभीर घायल हो गया। जबकि युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस बस को कब्जे में लेकर कार्रवाई कर रही है। गोंडा का रहने वाला सत्य प्रकाश (29) पुत्र गया प्रसाद लखनऊ के होटल में काम करता था। गुरुवार को सुबह 6 बजे ऑटो में बैठकर कमता की तरफजा रहा था। सिनेपॉलिस के पास पहुंचा था तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे की वजह से ऑटो दो पलट गया। हादसे में ऑटो चालक व सत्य प्रकाश गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने दोनों को लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने सत्य प्रकाश को मृत घोषित कर दिया।

### जानकी महिला मंडल ने निकाली शोभायात्रा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधनी में जानकी महिला मंडल ने भव्य शोभायात्रा निकाली। इसमें रानी रंग के परिधान में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नम्रता पाठक रहीं। इस मौके पर उन्होंने महिला मंडल के इस आयोजन की सराहना की। शोभायात्रा से पूर्व एक भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें 11 सुंदर आरतियों की थाली सजाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कारों का वितरण नम्रता पाठक ने किया। आयोजन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री जानकी महिला मंडल की संस्थापक रेखा त्रिपाठी ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पंडाल का निर्माण किया।

### नीलमथा में दुर्गा प्रतिमा खंडित, अराजकतत्वों ने मशीन से काटे हाथ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधनी लखनऊ के कैंट इलाके में मंदिर में स्थापित दुर्गा प्रतिमा खंडित करने का मामला सामने आया है। जिसके बाद इलाके के लोगों में आक्रोश है। लगातार मंदिर में हो रही ऐसी घटनाओं को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई। हालांकि पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मौके पर शांति कायम है। बता दें कि कैंट के नीलमथा स्थित मरी माता के मंदिर में दुर्गा प्रतिमा का आराजक तत्वों ने हाथ काट दिया। गुरुवार सुबह मंदिर के पुजारी पूजा करने पहुंचे तब जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने इलाके के लोगों को सूचना दी। मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। मूर्ति खंडित होने को लेकर इलाके के लोग आक्रोशित हो गए। पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। मामले में इंस्पेक्टर कैंट गुरप्रीत कौर ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफकेस दर्ज करके जांच की जा रही है।

### तीन मंजिला इमारत में लगी आग, टायर शोरूम जलकर राख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधनी लखनऊ में गुरुवार सुबह करीब 6:15 बजे तीन मंजिला इमारत में आग लग गई। बिल्डिंग से धुआं निकलता देखकर लोगों ने तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास की दुकानों और बिल्डिंग को खाली कराया। घटना बीबीडी थाना क्षेत्र के लखनऊ–अयोध्या हाईवे पर इंदिरा नहर के पास की है। दमकल की 8 गाड़ियां और हाइड्रोलिक मशीन ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान इमारत में सर्विस सेंटर, टायर शोरूम और मोटर पार्ट्स जलकर राख हो गए हैं। शोरूम संचालक का कहना है कि करीब 1.5 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

### एलडीए कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों का मनोनयन निरस्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विकास प्राधिकरण कर्मचारी संगठन के सेवानिवृत्त पदाधिकारियों के रिक्त पदों को भरने हेतु इसी वर्ष कुछ माह पूर्व कतिपय कर्मचारियों को आगामी अधिवेशन हेतु कुछ पदाधिकारियों का मनोनयन संगठन अध्यक्ष विनोदनी मिश्रा के द्वारा किया गया था, परन्तु संगठन के संविधान के अनुसार आगामी अधिवेशन से पूर्व ही मनोनीत पदाधिकारियों ने नया लेटर पैड बनाकर संगठनात्मक गतिविधियां शुरु कर दी गयी, जोकि संगठन के संविधान के विरुद्ध था। संगठन अध्यक्ष के द्वारा नया लेटर पैड अधिवेशन के बाद प्रारम्भ किये जाने का निर्देश दिया गया, परन्तु मनोनीत पदाधिकारियों ने लेटर पैड को जारी रखा तथा संगठन विरोधी गतिविधियां एवं अनुशासनहीनता में लिप्त हो जाने के कारण आज विनोदनी मिश्रा अध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण कर्मचारी संगठन के द्वारा पूर्व के महीनों में किये गये मनोनयन को निरस्त करते हुए पुरानी कार्य समिति को ही अधिवेशन तक कार्य किये जाने की समयावधि प्रदान कर दी गयी, जिसकी सूचना उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण को प्रेषित कर दी गयी है।

### मौसमगंज रामलीला का दशहरा मेला व रावण दहन 12 को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मौसमगंज रामलीला समिति के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि दशहरा मेला कार्यक्रम 12 अक्टूबर को शाम 6.00 बजे मौसमगंज रामलीला मैदान में होगा। उन्होंने बताया कि इस बार 30 फुट रावण के पुतले का दहन होगा। इससे पूर्व बाराबंकी के आतिशबाज द्वारा आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। दशहरा मेला से पहले भगवान श्री राम की शोभायात्रा धूमधाम से निकल जाएगी जो लीला स्थल से प्रारंभ होकर पन्नालाल रोड डालीगंज बाजार इक्का स्टैंड होते हुए लीला स्थल पर समाप्त होगी। उसके बाद राम रावण युद्ध का मंचन होगा फिर रावण दहन कार्यक्रम होगा।

# प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं के हितों से कोई समझौता नहीं करेगी : शर्मा

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने उन्नाव जनपद के कुशलपुर, बेतहर निवासी शुभम पुत्र महादेव द्वारा बिजली बिल प्रकरण को लेकर आत्महत्या किये जाने पर गहरा दुख व्यक्त किया और ईश्वर से प्रार्थना की है मृतक की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ता द्वारा आत्महत्या किये जाने संबंधी समाचार का संज्ञान लेकर संबंधित विद्युत कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की है।

उन्होंने 33/केवी उपकेन्द्र अचलगंज के अवर अभियंता आशीष सिंह तथा विद्युत वितरण उपखण्ड बंथरा के उपखंड अधिकारी रवि यादव को तत्काल निलंबित करने और उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये हैं। विद्युत वितरण खंड द्वितीय, उन्नाव के अधिशासी अभियंता सूर्योदय कुमार वर्मा को तत्काल निलंबित करने के निर्देश एमडी



- ऊर्जा मंत्री ने उन्नाव में बिजली बिल प्रकरण पर आत्महत्या का लिया संज्ञान, तीन अफसर निलंबित
- अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता के खिलाफ एफआईआर के निर्देश

मध्यांचल को दिये हैं। जिला प्रशासन उपभोक्ता के मृत्यु के कारणों की विस्तृत जांच कर रहा है लेकिन विद्युत विभाग के संबंधित कार्मिक प्रथम दृष्ट्या इस घटना के मुख्य कारण होने के दृष्टिगत इनके खिलाफकार्यवाही की गयी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की जांच में जो भी अन्य विद्युत कार्मिक दोषी पाये जायेंगे, उन सभी पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।संबंधित प्रकरण में मुख्य अभियंता वितरण द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में उपभोक्ता ने 10 मार्च, 2022 को एक किलोवाट का विद्युत कनेक्शन लिया था। सितम्बर में त्रुटिवश प्रोविजनल बिल 1,09,221 रूपये निर्गत हुआ जिसको सही करने पर बिल की देय धनराशि 16,377 रूपये हो गयी और उपभोक्ता ने इसका भुगतान भी कर दिया। 07 अक्टूबर को उपभोक्ता की कुल 33 यूनिट रीडिंग का बिल 8,306 रूपये त्रुटिवश निर्गत हो गया, जिसको 09 अक्टूबर को उपखंड अधिकारी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि उपभोक्ता द्वारा आत्महत्या किये जाने का समाचार मिलने के साथ ही विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों और जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों से लगातार संपर्क कर रहा हूँ। उन्होंने कहा है कि विद्युत कार्मिक उपभोक्ताओं की समस्याओं का न्यायोचित समाधान करायें। किसी भी प्रकार की गलती करने और टालने की प्रवृत्ति पर उनके खिलाफदण्डात्मक कार्यवाही होगी। प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत कार्य कर रही है। इसमें कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

# अखिलेश यादव का ऐलान, यूपी में रहेगा सपा-कांग्रेस गठबंधन

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की एक लिस्ट जारी की तो सियासी हलचल तेज हो गई। कांग्रेस के ओर से कहा गया कि अभी तक गठबंधन में सीट बंटवारे पर कोई बात नहीं हुई है।कांग्रेस इस बयान ने सियासत को नया रंग दे दिया जिसके बाद तमाम तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सवालों का जवाब दिया है जिसपर बीते करीब 24 घंटे से सस्पेंस बना हुआ था।

अखिलेश यादव से पहले हरियाणा में कांग्रेस की हार पर सवाल हुआ तो उन्होंने बिल्कुल स्पष्ट लहजे में कहा कि आज इस विषय पर कुछ नहीं बोलूंगा। आज का दिन इस मामले पर बोलने लायक नहीं है। सपा प्रमुख से उपचुनाव को लेकर सवाल हुआ तो उन्होंने थोड़ा खुलकर जवाब दिया। कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग और अपने उम्मीदवारों के ऐलान पर कहा कि आज के दिन बहुत कुछ नहीं बोलना है लेकिन हां यूपी में कांग्रेस



के साथ गठबंधन रहेगा। अखिलेश यादव के इस बयान के साथ ही हर सस्पेंस खत्म हो गया लेकिन सीटों का सवाल बना हुआ है। समाजवादी पार्टी ने बुधवार को छह प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की। सपा ने करहल विधानसभा सीट से तेज प्रताप यादव, सीसामऊ विधानसभा सीट से नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, मिल्कीपुर से अजीत प्रसाद, कटेहरी से शोभावती वर्मा और मंझवा विधानसभा सीट से डॉ. ज्योति बिंद को प्रत्याशी बनाया है। फूलपुर और मझवां दोनों वो सीटें है, जिसपर कांग्रेस दावा कर रही थी। उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। रिक्त हुई 10 सीटों में से पांच सीटेंसीसामऊ, कटेहरी, करहल, मिल्कीपुर और कुंदरकी सपा के पास थी।

## महाकुंभ के लिए विभिन्न देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों को भेजा निमंत्रण

**लखनऊ ।** अगले वर्ष जनवरी 13 से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में आयोजित किये जाने वाले विश्व के सबसे बड़े अध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुंभ-2025 का साक्षी बनने के लिए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने लगभग 34 देशों के राजनायिकों, राजदूतों तथा उच्चायुक्तों को निमंत्रण पत्र भेजा है। उन्होंने निमंत्रण पत्र में भारत की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत अध्यात्म, देवत्व तथा अध्यात्मिकता की ओर ध्यान आकृष्ट करके महाकुंभ में भागीदार बनने के लिए अनुरोध किया है। जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 34 देशों में से 16 देशों को निमंत्रण पत्र भेजा जा चुका है और शेष को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। भारत स्थित विभिन्न देशों के राजदूतों को पत्र भेजा गया है, उनमें नेपाल, मारीशस, इण्डोनेशिया, श्रीलंका, मलेशिया, गुयाना, कनाडा, कम्बोडिया, दक्षिण अफ्रीका, त्रिनिदाद और टुबैगो, नीदरलैण्ड, फ्रांस, फीजी, सूरीनाम, यूनाईटेड किंगडम रियूनियन, सिंगापुर, यूएसए, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, केन्या, इटली, जमैका शामिल हैं।

## बिजनौर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर शातिर चोर को गिरफ्तार किया

**लखनऊ ।** पुलिस आयुक्त अमेरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अपराधियों की धर पकड़ में राजधानी लखनऊ (दक्षिणी) क्षेत्र में, थाना बिजनौर क्षेत्र से हैरिटेज बिल्डिंग के पास खड़े वाहन के अन्दर से एक रिवाल्वर व 6 जिन्दा कारतूस एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाल ली गयी थी, इसके संबंध में वादी नवीन प्रकाश सिंह, निवासी 4,32ए विराजखंड गोमतीनगर थाना विभूतिखंड लखनऊ द्वारा थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया, जिसकी सूचना पाते ही थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर रवाना किया सख्त आदेश दिए चोर बच के ना जा पाए, पुलिस टीम को कड़ी मेहनत के बाद सफलता प्राप्त हुई शातिर चोर पकड़ा गया, आरोपी हर्षित यादव निवासी ग्राम सरवन कुमार कस्बा व थाना बिजनौर लखनऊ, कब्जे से चोरी की गई रिवाल्वर 32 बोर व जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

# टी.एस. मिश्रा लॉ स्कूल में रतन टाटा स्मृति व्याख्यान सत्र का अयोजन

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ ।** कुलाधिपति श्री सतीश चंद्र मिश्र, प्रतिकुलाधिपति श्री कपिल मिश्र एवं कुलपति डॉ. प्रशांत त्रिवेदी के मार्गदर्शन में टी. एस. मिश्रा विश्वविद्यालय के टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल द्वारा ऑनलाइन माध्यम से एक अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान हुआ जिसमें मुख्य वक्ता मिस न्युगेन क्यू वाय रहीं। मिस न्युगेन लंदन स्थित स्टडी अब्रॉड नामक संस्था की सदस्या हैं तथा इन्होंने लंदन से ही अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार में एलएलएम किया है।

ज्ञात रहे कि 9 अक्टूबर, 2024 को देश के महान व्यक्तित्व श्री रतन टाटा जी के निधन से देश को गहरी क्षति हुई है, उनके जीवन की उत्कृष्ट यात्रा को याद दिलाने तथा उन्हें श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से यह व्याख्यान आयोजित किया गया। दिवंगत रतन टाटा जी टाटा समूह के अपने परिवर्तनकारी नेतृत्व, महत्वाकांक्षी वैश्विक अधिग्रहण और नैतिक मूल्यों के लिए प्रसिद्ध थे। वे न केवल भारत में बल्कि दुनिया में एक ऐसे सम्मानित उद्योगपति थे जिनसे सभी प्रेरणा लेते हैं। व्याख्यान के दौरान मुख्य वक्ता ने बताया कि कैसे वे श्री रतन टाटा जी से प्रभावित हैं, उन्होंने ऐसे समय में टाटा समूह का नेतृत्व संभाला जब टाटा समूह के लिए बदलाव करना महत्वपूर्ण था, उन्होंने टाटा समूह के काम करने के तरीके और कई व्यवसायों को बदल दिया। रतन टाटा जी के नेतृत्व में व्यवसाय समूह ने शिक्षा और कैंसर उपचार सहित कई अन्य क्षेत्रों में बहुत काम किया, रतन टाटा की विरासत उद्योग जगत के लोगों का मार्गदर्शन करेगी।



# बिना मान्यता संचालित विद्यालयों के खिलाफ नहीं हुई ठोस कार्रवाई

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत हलधरमऊ शिक्षा क्षेत्र में कई विद्यालय बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं,और शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेशों के बावजूद उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। पूर्व खंड शिक्षाधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार जिन विद्यालयों पर पहले कार्रवाई की गई थी,उन्होंने कुछ समय के बाद फिर से संचालन शुरू कर दिया। इसमें प्रमुख रूप से ब्राइड मैरीडियन एकेडमी, एम्स स्कूल, सोमनाथ शिक्षा निकेतन, एमआई पब्लिक स्कूल, लिटिल हार्ट पब्लिक स्कूल, अपना विद्यालय और ग्रीन स्प्राउट पब्लिक स्कूल शामिल हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल




▸ जिम्मेदार अधिकारी कर रहे लीपापोती, विभागीय कार्यशैली गंभीर सवालिया घेरे में

कुमार तिवारी ने इन सभी विद्यालयों के प्रबंधकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे,लेकिन जमीनी स्तर पर इस आदेश का पालन ना होने से विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

तहसील कर्नलगंज के हलधरमऊ शिक्षा क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों में बिना मान्यता के संचालित हो रहे विद्यालयों की बढ़ती संख्या और उनके खिलाफ शिक्षा विभाग की ढीली कार्रवाई ने प्रशासनिक क्षमता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीएसए द्वारा उठाए गए सख्त कदम एक सकारात्मक पहल जरूर हैं, लेकिन जब तक इस आदेश का सही तरीके से पालन नहीं होता और अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह की कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या बीएसए के आदेशों का पालन किया जाएगा या यह मामला भी लीपापोती के भंवर में फंसकर रह जाएगा।

### खंड शिक्षाधिकारी की भूमिका पर उठे सवाल

इस पूरे प्रकरण में खंड शिक्षाधिकारी की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। जिन विद्यालयों को बंद करने के निर्देश दिए गए थे,उन्होंने महज कुछ दिनों के भीतर फिर से अपना संचालन शुरू कर दिया। विभागीय सूत्रों का कहना है कि खंड शिक्षाधिकारी की ओर से इन विद्यालयों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों का मनोबल बढ़ा हुआ है। कई लोग यह सवाल कर रहे हैं कि आखिरकार जब शिक्षा विभाग को इन अनियमितताओं की पूरी जानकारी है,तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है?

### अन्य क्षेत्रों में भी धड़ल्ले से संचालित हो रहे मान्यता विहीन विद्यालय

सूत्रों के मुताबिक तहसील कर्नलगंज क्षेत्र में हलधरमऊ के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी कई विद्यालय बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं। इन विद्यालयों में शिक्षा का स्तर बेहद निम्न है और ये शिक्षा के मानकों का पालन करने में पूरी तरह से विफल साबित हो रहे हैं। बीएसए द्वारा हाल में उठाए गए सख्त कदमों के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि अन्य क्षेत्रों के खंड शिक्षाधिकारी भी इस मुद्दे पर ध्यान देंगे और शीघ्र कार्रवाई करेंगे।

### बीएसए की सख्ती से मान्यता विहीन विद्यालय संचालकों में मचा था हड़कंप

बीएसए अतुल कुमार तिवारी की ओर से दिए गए एफआईआर दर्ज कराने के आदेशों के बाद जिले भर के मान्यता-विहीन विद्यालयों में हड़कंप मचा हुआ है। ये विद्यालय अब खुद को कानूनी शिकंजे से बचाने की कोशिशों में लगे हुए हैं,लेकिन विभागीय कार्रवाई की रफ्तार को देखते हुए इस मुद्दे पर प्रशासन की निष्क्रियता साफ नजर आ रही है। विभागीय सूत्रों का यह भी कहना है कि जिले में दर्जनों विद्यालय ऐसे हैं, जो वर्षों से बिना मान्यता के संचालित हो रहे हैं लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### विभागीय लीपापोती की आशंका

यह भी आशंका जताई जा रही है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा इस पूरे मामले को टालने की कोशिश की जा रही है। बीएसए के सख्त आदेशों के बावजूद खंड शिक्षाधिकारी ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है,जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि इस मामले में उच्चाधिकारियों को हस्तक्षेप करना चाहिए,ताकि शिक्षा क्षेत्र में फैली इन अनियमितताओं को दूर किया जा सके।

# अवैध पटाखे संग पांच गिरफ्तार



गोंडा, समृद्धि न्यूज।

दिनांक 09.10.2024 को थाना कौड़िया की पुलिस टीमें नवरात्रि दुर्गा पूजा के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में लगे पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु रवाना थे कि प्राप्त अवैध पटाखों के निर्माण/भंडारन की सूचना पर थाना कौड़िया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मौहरिया मौजा रामपुर व लैबुड़वा में दबिश देकर अवैध पटाखों के निर्माण/भंडारन में संलिप्त 05 आरोपी अभियुक्तो 01. जुमई उर्फ मक्खन, 02. रिजवान, 03. इमरान उर्फ गुल्लू, 04. अली मोहम्मद, व 05. मोहम्मद आरिफ को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से निर्मित पटाखा, सुतली बम, स्काई बम, लहसुन बम, छुरछुरी, आनार आदि (लगभग16 कुंटल अवैध पटाखा) व बनाने के उपकरण- 02 कुंटल बुरादा, 01 कुंटल लालरेत, 01 कुंटल पेपर, 50 किलो सुतली, 1.5 कुंटल सन, 2.5 कुंटल बारूद, 20 किलो पीला पाउडर (कुल लगभग 8.7 कुंटल) बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना कौड़िया पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गयी।

## खबरें एक नजर में

### विस्फोट की घटना में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार



गोंडा, समृद्धि न्यूज। सात अक्टूबर को करीब 1 बजे थाना तरबगंज क्षेत्रांतर्गत बेलसर डीहा के एक खाली पड़े घर में बाहर से ताला लगाकर कर अवैध रूप से पटाखे बनाने का काम हो रहा था, जिसमें अचानक धमाका होने से पटाखा बना रहे 05 लोग 01. इशहाक पुत्र नक्खू, 02. अयूब उर्फ लल्लू पुत्र नक्खू, 03. आकाश उर्फ छोटू, 04. कृष्ण कुमार पुत्र छबीले, 05. अयाज मोहम्मद उर्फ तूफान निवासीगण बेलसर डीहा थाना तरबगंज जनपद गोण्डा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस व उच्चाधिकारीगणों द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा घायलों को इलाज हेतु जिला अस्पताल गोण्डा भिजवाया गया। मौके पर डॉग स्क्वायड एवं फील्ड यूनिट टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी। उपचार के दौरान 03 लोगों-01. अयूब उर्फ लल्लू, 02. आकाश उर्फ छोटू, 03. अयाज मोहम्मद उर्फ तूफान की मृत्यु हो गई। घटना के सम्बन्ध में थाना तरबगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। जिसकी विवेचना उ0नि0 उपेन्द्र यादव द्वारा की जा रही थी। आज दिनांक 10.10.2024 को थाना तरबगंज पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त आरोपी अभियुक्त आजाद पुत्र मो0 अरसद को चांदपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

### जमीन का फर्जी बैनामा कराने वाला गिरफ्तार



गोंडा, समृद्धि न्यूज। वादी एडवोकेट दादूराम शुक्ला निवासी व पोस्ट पिपरा बाजार थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा द्वारा थाना कोतावली नगर को सूचना दिया की विपक्षीगण द्वारा कूटरचित अभिलेख तैयार कर धोखाधड़ी करके उसकी जमीन को फर्जी बैनाम करा लिया है । तहरीर के आधार थाना को0 नगर पर मु0अ0सं0-502/2023, धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि बनाम बृजेश कुमार अवस्थी आदि 07 नफर अभियुक्तों के विरूद्ध नामजद अभियोग पंजीकृत किया गया था। बुधवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा नामजद अभियुक्त . विजय कुमार अवस्थी पुत्र गंगाधर अवस्थी निवासी भदुआ तरहर थाना को0 देहात गोण्डा को पोर्टरगंज गोल्डन फेरी से कलन्दरपुर चौबे जाने वाले रास्ते से थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

### तुलसीपुर रेलवे स्टेशन पर गंदगी देख भड़के आयुक्त

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। तुलसीपुर रेलवे स्टेशन पर उस वक्त हड़कम्प मच गया जब आयुक्त अचानक तुलसीपुर स्टेशन पहुंचकर वहां पर साफ सफाई की हकीकत देखने लगे। दरअसल मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम को लेकर आयुक्त तुलसीपुर पहुंचे हुये थे, मुख्यमंत्री जी के प्रस्थान के बाद उन्होंने तुलसीपुर रेलवे स्टेशन पहुंचकर साफ सफाई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन के आसपास भारी मात्रा में गंदी व्याप्त मिली। स्टेशन के बाहर कूड़ा पड़ा हुआ मिला। इस दौरान उन्होंने सार्वजनिक शौचालय का भी निरीक्षण किया, वहां भी व्यापक गंदगी मिली जिसको लेकर आयुक्त ने काफी नाराजगी जाहिर की। आयुक्त ने मंडल के सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह तीन दिवस का विशेष अभियान चलाकर सभी सार्वजनिक शौचालयों व सार्वजनिक स्थलों पर साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें तथा लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। आयुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्र सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई रखना नगर पंचायत व नगर पालिका की अहम जिम्मेदारी है।

# मां के दर्शन के लिए मंदिरों व पूजा पंडालों पर उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

▸ लम्बी लाइन के कतार में लगकर कर रहें हैं मां के दर्शन

गोन्डा, समृद्धि न्यूज।

नवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिरों और पूजा पंडालों पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।जनपद में सबसे बड़ा और आकर्षक पंडाल रानी बाजार में सजाया गया है जिसको देखने और मां के दर्शन के लिए शहर के अलावा जनपद के आसपास कस्बों से भी भारी भीड़ हो रही है।शारदीय नवरात्रों पर शहर मे जगह जगह पर माता जी की मूर्ति स्थापना कर पूजा पाठ किया जा रहा है। नवरात्रि पर्व पर हर जगह पूजा पाठ चल रहा है तो रात्रि जागरण के कार्यक्रम हो रहें हैं।शहर के रानी बाजार में जनपद में सबसे बड़ा



पंडालों में रहता है।रानी बाजार में जय माता की सेवक संघ के अध्यक्ष चन्द्र मोहन मित्तल और व्यवस्थापक शिव कुमार बडकऊ ने संयुक्त रूप से बताया कि यह पंडाल 160 फिट ऊंचा दिव्य पंडाल सजाया गया है

ये पंडाल कोलकाता से आयें हुए कारीगरों द्वारा तैयार किया जाता है ।पंडाल को तैयार करने में सैकड़ों बांस बल्लियां से तैयार किया जाता है। यहां पर पूरे 9 दिन की पूजा होती है। इस पंडाल में भक्त लम्बी लाइन की कतारों से होते हुए दरबार के करीब पहुंचकर सीढ़ियों के सहारे चढ़कर सबसे पहले भगवान श्रीराम का दरबार,फिर तीनों पिंडियों का दर्शन होगा उसके बाद आगे चलकर मां दुर्गा जी का दर्शन करते है। और मां का प्रसाद ग्रहण करते हैं।इस बार मां की मूर्ति को सीप और मोती से प्रतिमा को सजाया गया है पूरे 9 दिन रानी बाजार बड़गांव क्षेत्र बिल्कुल जम्मू कटरा मां वैष्णो देवी की दरबार की तरह बना रहता है। रानी बाजार में 4 प्रतिमा अग्रसेन चौराहे पर 3 प्रतिमा, सोनार गली, साहबगंज, नूरामल मंदिर, ग़रीबी पुरवा, आवास विकास, बहराइच रोड, स्टेशन रोड, पटेल नगर,चौक बाजार, फैजाबाद रोड, बेलसर रोड, कचेहरी रोड आदि पूरे जनपद में मां की जय जय कार गूंज रही है,जय भवानी जय भवानी की गूंज हर तरफ हो रहीं हैं। रानी बाजार का पंडाल पिछले कई वर्षों से रखा जा रहा है।जय माता की सेवक संघ के पदाधिकारीगण भक्तों की सेवा में लगे रहते हैं चंदू मित्तल, शिव कुमार बडकऊ, चिंटू अग्रवाल, राम कुमार छोटकऊ, ग़ौरी शंकर कसौधन, विशाल अग्रवाल भाजपा नगर अध्यक्ष, राम सेवक ठेकेदार, गुड्डू भाई, अंकित, विजय सोनी, अन्वी, अनायशा, अलका गुप्ता, राजकुमार, हरदेव कसौधन, सहित अन्य सदस्य गण मौजूद रहते हैं।

### श्री मां वैष्णो मंडल नवयुवक समिति का पंडाल आकर्षण का बना केंद्र बिंदु



मनकापुर। करीब 20 वर्षों से मनकापुर बाजार तिराहा में श्री मां वैष्णो मंडल नवयुवक समिति के तत्वाधान में मनमोहक आकर्षक मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना नवरात्र में की जाती है। पंडाल की भव्यता एवं मां दुर्गा प्रतिमा की मनमोहक प्रतिमा बरबस ही श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करती है। पंडाल में प्रतिमा को नवरात्र में स्थापित करने वाले श्री मां वैष्णो मंडल नवयुवक समिति मनकापुर पदाधिकारी नौ दिनों तक विधिवत पूजा अर्चना करके दशहरे के दिन विसर्जन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन करते हैं। समिति अध्यक्ष आशु सिंह एवं संगठन मंत्री ललित सिंह खिरिया एवं उनकी टीम ओम प्रवेश राय ,अमित उपाध्याय, राजन सोनी, नीरज सिंह, रिशु जायसवाल, सोनू शर्मा, वैभवसिंह, उमेश सोनी, राकेश सोनी, अतुल कुमार, संजय गुप्ता, राकेश सोनी, रूबल का विशेष सहयोग एवं कड़ी मेहनत होती है। अध्यक्ष की माने तो करीब 20 वर्षों से माता की प्रतिमा यह समिति भव्यता के साथ स्थापित करके उनका आशीर्वाद लिया जाता है इतना ही नहीं माता की चौकी एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं आरती थाल सजावट रंगोली आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है जिसमें बेटियां एवं मातृ शक्तियों बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं। समिति के राजन सोनी ने बताया कि मां की कृपा से कभी भी प्रतिमा स्थापना एवं नव दिन पूजा अर्चना में कोई भी कमी नहीं आई है। बाजार में सबसे मनमोहक आकर्षक श्री मां वैष्णो मंडल नवयुवक समिति तिराहा मनकापुर का दुर्गा प्रतिमा होता है जो श्रद्धालुओं को बरबस अपनी और आकर्षित करता है। प्रतिदिन विधि विधान पूजा अर्चना के साथ प्रसाद का वितरण व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र बिंदु होते हैं। कलाकारों के सुंदर कलाकृति से बनाई गई मां दुर्गा की मूर्ति साक्षात देवी दर्शन से कम नहीं होता है अध्यक्ष एवं संगठन मंत्री की माने तो दिन प्रतिदिन महंगाई बढ़ती है लेकिन मन की कृपा से कभी भी प्रतिमा स्थापना में कोई भी आर्थिक रुकावट नहीं आई है न जन मानस के सहयोग में कमी आई है।

# अनुराधा ने निभाई खंड शिक्षा अधिकारी की भूमिका

▸ मिशन शक्ति अभियान का अभिनव पहल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

मिशन शक्ति अभियान के तहत, खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र बहादुर चौधरी ने छात्रा अनुराधा को एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी का दायित्व सौंपकर एक नई पहल की शुरुआत की। दायित्व संभालते ही अनुराधा का बीईओ व एआरपी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में अनुराधा ने प्राथमिक विद्यालय शाहपुर रसूलपुर, वैरीमहेशपुर प्रथम व द्वितीय, कहरई, वैरा क़ाज़ी और उच्च प्राथमिक विद्यालय वैरीमहेशपुर का



निरीक्षण किया। विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान छात्राओं ने अनुराधा को खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर देख गर्व महसूस किया। मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुवार को सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बालिकाओं को एक दिन के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापक नियुक्त किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नारी सुरक्षा, सशक्तिकरण और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है, ताकि समाज में महिलाओं की भूमिका और सशक्त हो सके।

शिक्षक संकुल समीक्षा बैठक के दौरान शिक्षकों को बेहतर शिक्षण के लिए निर्देश दिए गए, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। निरीक्षण के दौरान, बच्चों के पठन-पाठन की स्थिति का जायजा लिया गया और आवश्यक सुधार हेतु निर्देश भी दिए। नारी सशक्तिकरण के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एआरपी अरविन्द शुक्ला, अरविन्द शर्मा, महेन्द्र चौधरी, कृपा शंकर दुबे, सुनील सोनी और मनोज सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

### पिंजड़े में कैद हुआ एक और तेंदुआ

बहराइच, समृद्धि न्यूज। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज के धर्मपुर बेझा गांव में एक सप्ताह पूर्व तेंदुआ ने किसान पर हमला कर मार डाला था। गांव के लोगों की मांग पर वन विभाग ने पिंजड़ा लगाकर वयस्क तेंदुए को पकड़ा था। लेकिन निरन्तर क्षेत्र में तेंदुए की आमद को देखते हुए ग्राम पंचायत बेझा के मुरावनपुरवा गांव में वन विभाग की ओर से पिंजड़ा लगाया गया। जिसमें बुधवार रात 12 बजे तेंदुआ कैद हो गया। वन क्षेत्राधिकारी डीपी कनौजिया ने बताया कि तेंदुआ को पकड़ने के बाद रेंज कार्यालय लाया गया है। पकड़ा गया तेंदुआ मादा है। उसकी उम्र तीन वर्ष से अधिक है। डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि तीन डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच की जाएगी। उच्चाधिकारियों के आदेश पर आगे की कार्यवाई की जायेगी।

# सामान्य बच्चों की तरह दिव्यागों को दें अधिकार : बृजेश सिंह



▸ जिला अस्पताल में विश्व मानसिक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिला अस्पताल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। मुख्य अतिथि सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड रहे। मानसिक बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में मानसिक विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण बाबा सुंदर सिंह मूक बधिर विद्यालय के बच्चे रहे। दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्वास्थ्य सूचना और शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि भगवान सभी बच्चों को एक जैसा नहीं बनाता है। लेकिन उनकी देखभाल करना हमारा दायित्व है। ऐसे में दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ अन्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसके बाद सांसद ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। दिव्यांग बच्चों ने मुख्य अतिथि सांसद डॉक्टर आनन्द गोंड के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि विभाग की ओर से दिव्यांग बच्चों की हर मदद की जाएगी।, मानसिक रोग विशेषज्ञ डा विजित जायसवाल ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान डीपीएम सरजू खान, बाबा सुंदर सिंह बधिर विद्यालय की प्रबंधिका डॉक्टर बलमीत कौर, आबदा खातून तथा दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधिका डॉक्टर बलमीत कौर को मोमेंटो देकर भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजकुमार महतो तथा सीमा कुमारी का विशेष सहयोग रहा।

# प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं : डाली मिश्रा

▸ ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बहराइच, समृद्धि न्यूज। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत विकास क्षेत्र पयागपुर के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों के चयनित छात्रों के मध्य ब्लॉक संसाधन केंद्र पयागपुर में ब्लॉक स्तरीय क़्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चयनित बच्चों को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र दिया गया। पुरस्कार प्राप्त बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा ने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, कठिन मेहनत तथा गहन अध्ययन करने से बच्चे उच्च शिखर तक जा सकते हैं। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में उच्च प्राथमिक विद्यालय रोहनी भारी के छात्र मनोज कुमार, द्वितीय पुरस्कार महेंद्र मिश्र कुशभौना , तथा तृतीय स्थान शिवा



गंगापुर प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी राजेश कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम के आयोजक एआरपी पवन कुमार शुक्ल रहे। इस अवसर पर एआरपी यादवेन्द्र प्रताप, नोडल संकुल गोपाल शुक्ल, अजय कुमार श्रीवास्तव, श्री निवास शुक्ल, अभिकेश त्रिपाठी, अतुल त्रिपाठी, इज़हारुल हक़, शिक्षकों में सुनील पांडेय, प्रदीप पांडेय, विभा सरकार, प्रीती मिश्रा नवल पाठक, सहित कार्यालय सहायक सुनील त्रिपाठी, प्रभु दयाल मिश्र, तरुण आर्या, राजेश चक्रवर्ती, अंकित रस्तोगी आदि लोग उपस्थित रहे।

### सरकारी जमीन पर निर्माण, प्रधान प्रतिनिधि समेत तीन पर केस



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के ग्राम पंचायत बसंतापुर में सरकारी जमीन पर रोक के बाद भी प्रधान प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को निर्माण शुरू करवा दिया। जिस पर लेखपाल ने थाने में प्रधान प्रतिनिधि समेत तीन पर सरकारी काम में बाधा समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसंतापुर के छीटनपुरवा गांव में गाटा संख्या 724 और गाटा संख्या 746 खलिहान व रास्ते की जमीन पर दर्ज है। गांव के लेखपाल लल्लू ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि रोक के बाद भी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शाकिर अंसारी ने गांव के लोगों को उकसाया। जिसके चलते गांव निवासी मोहर्रम अली और दिल बहार ने सरकारी जमीन पर निर्माण करवा दिया। जबकि पहले ही निर्माण से रोका गया था। इतना ही नहीं भीड़ को भी लेखपाल के विरुद्ध उकसाया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को लेखपाल के साथ विवाद हुआ था। लेखपाल की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया गया है।

# ई-रिक्शा पर बैठाने से किया इंकार तो मारा चाकू

▸ दिनदहाड़े शहर में वारदात को दिया अंजाम

▸ पुलिस ने घायल को अस्पताल में कराया भर्ती

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शहर के मोहल्ला हमजापुरा निवासी एक युवक गुरुवार को ई-रिक्शा से आलू लेकर जा रहा था। तभी एक युवक आया उसने ई-रिक्शा पर बैठाने की बात कही। चालक के इंकार करने पर उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।थाना दरगाह के मोहल्ला हमजापुरा निवासी अब्बास (32) पुत्र बकरीदी ई रिक्शा का संचालन करते हैं। गुरुवार को वह ई रिक्शा पर आलू लादकर कोतवाली नगर के घंटाघर की तरफ जा रहे थे। दोपहर में एक युवक आया। उसने ई रिक्शा पर



बैठाने को कहा। इस पर चालक ने जगह न होने की बात कही। इस पर दूसरे युवक ने सीने और पेट में चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इससे अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर मनोज चौधरी ने बताया कि युवक को भर्ती कर लिया गया है। उसकी हालत स्थिर है। जिला अस्पताल में भर्ती घायल ने बताया कि रंजिश में उसके ऊपर हमला हुआ है। रास्ते का विवाद उससे चल रहा है। इससे पूरे सिर पर हमला करने से 17 टांके लगे थे।

# एचआईवी-एड्स से जुड़ी चार बातों से रुबरु हुए छात्र

▸ रामकृष्ण परमहंस महाविद्यालय कैसरगंज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा की अध्यक्षता में चार की बात कार्यक्रम के अंतर्गत रामकृष्ण परमहंस महाविद्यालय कैसरगंज में एचआईवी जागरूकता हेतु एक प्रभावी फ्लैश मोब का आयोजन किया गया। इस दौरान, छात्र-छात्राओं ने एचआईवी/ एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए उत्साह से नारेबाजी की और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर डॉ. एमएल वर्मा ने कहा कि एचआईवी एक वायरस है जो मानव प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करता है। यह शरीर की



### चार बातें रोकेंगी प्रसार

डॉ. एमएल वर्मा ने कहा कि एचआईवी/एड्स यह चार प्रमुख कारणों से फैलता है, लेकिन चार सरल उपायों से इससे बचा जा सकता है, असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त का चढ़ाया जाना, संक्रमित सुई/सिरिंज का प्रयोग, और गर्भवती महिलाओं से उनके बच्चों में संक्रमण का खतरा, इसके चार प्रमुख कारण हैं। इनसे बचने के लिए प्रमुख चार उपाय जैसे असुरक्षित यौन संबंध के दौरान कंडोम का प्रयोग, लाइसेंस प्राप्त रक्त बैंकों से रक्त लेना, नई सुई या सिरिंज का इस्तेमाल करना, और डॉक्टर की देखरेख में प्रसव कराना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि शिक्षा और जागरूकता से ही हम एचआईवी/एड्स के प्रसार को रोक सकते हैं और इस गंभीर संक्रमण से बच सकते हैं।

संक्रमण से लड़ने की क्षमता को कम करता है। अगर इसे समय पर नियंत्रित न किया जाए, तो यह एड्स में बदल सकता है। एड्स एचआईवी संक्रमण का अंतिम चरण है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली इतनी कमजोर हो जाती है कि व्यक्ति सामान्य संक्रमणों और बीमारियों से भी नहीं लड़ सकता। उन्होंने कहा कि इस वायरस से बचाव ही सुरक्षा की पहली शर्त है। इस आयोजन में जिला प्रबंधक टीबी, रवि शर्मा, और काजी कमाल मुस्तफा, एसटीएस कैसरगंज, महाविद्यालय की तरफ से उप प्राचार्य श्री देवेन्द्र कुमार उपाध्यआय, प्रोफ़ेसर संध्या सिंह, प्रोफ़ेसर शेखर श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, सहायक लेखा अलोक कुमार सिंह सहित स्कूली बच्चे उपस्थिति रहे।

### एचआईवी के शुरुआती लक्षण

बुखार, सिरदर्द, गले में खराश, सूजी हुई लिम्फ ग्रंथियाँ, थकान, शरीर पर रैशेस, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द।

### एचआईवी का उपचार

जिला समन्वयक टीबी ओमेंद्र तिवारी ने बताया कि एचआईवी का अभी तक कोई पूर्ण इलाज नहीं है, लेकिन एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी द्वारा इसे नियंत्रित किया जा सकता है। यह वायरस की वृद्धि को धीमा करता है और व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा को बढ़ाता है। इसके लिए जिला अस्पताल के कमरा नंबर 19 में सम्पर्क किया जा सकता है।

### सेल्फ स्टडी पर ध्यान दें आगे बढ़ें बालिकाएं : रचना

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी की देखरेख में वन स्टॉप केंद्र सलारगंज में मिशन शक्ति विशेष अभियान के अंतर्गत मेगा इवेंट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मिशन शक्ति फेज-5 कार्यक्रम की अध्यक्षता वन स्टॉप की प्रशासक रचना कटियार ने की। रचना कटियार ने कहा कि मातृशक्ति समाज में बड़े पदों पर रहकर रच रही हैं। जिले की जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी महिला हैं। ऐसे में मेहनत कर सभी लोग आगे बढ़िये और समाज में एक प्रेरक बन कर उभरिये। जिससे आप को आगे बढ़ते देख और लोगोँ को भी प्रेरणा मिलेगी। कोई यूपी पीसीएस तो कोई राज्य कर अधिकारी के रुप में दे रही सेवाएं नवदुर्गा में बेटियों, महिलाओं की सुरक्षा, आत्मसम्मान व उनके अधिकारों के लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 का शुभारंभ किया गया है। इसमें महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद स्तर पर भी विभिन्न गतिविधियों को आयोजित कर महिलाओं, बेटियों को जागरूक किया जा रहा है।

# रमपुरवा जीआईसी में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

▸ प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों का होता है बौद्धिक विकास : मनोज कुमार अहिरवार



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

राजकीय इंटर कॉलेज रमपुरवा में विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य डा. अमित कुमार पाण्डेय ने डीआईओएस मनोज कुमार अहिरवार को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। डीआईओएस मनोज कुमार अहिरवार ने विज्ञान प्रदर्शनी में लगे स्टालों पर पहुंचकर सूक्ष्म अवलोकन करके छात्र - छात्राओं से जानकारी ली। डीआईओएस ने पर्यवेक्षक उमेश कुमार पाण्डेय और ऋतु सिंह के साथ प्रतिभागियों में विजेता का चयन किया। कला वर्ग में प्रथम स्थान यशवंत सिंह, अर्पित अवस्थी, अंकित अवस्थी, सचिन मिश्रा ये चंद्रयान 3 माड्यूल हेतु में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान पर कार्बन सुधीकरण माड्यूल के लिए महिमा पाठक और उनकी टीम, द्वितीय स्थान पर लाइफाई के लिए सुधाकर कुमार, तृतीय स्थान पर संयुक्तरुप से ललिता मिश्रा, हृदय की संरचना हेतु और शिव बाबू को रेडॉक्स अभिक्रिया के लिए इनके साथ ही जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर कल्पना तिवारी पादप कोशिश हुते, द्वितीय स्थान पर संयुक्तरूप से शहजाद आलम पवन चक्की हेतु और दीपक कुमार कूलर का माड्यूल के लिए, तीसरे स्थान पर सूरज गुप्ता हाइड्रोलिक जेबीसी मशीन माड्यूल के साथ चयनित किया। सभी विजेता को पुरस्कृत भी किया गया। डीआईओएस ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। विभिन्न माडलों से नई तकनीक खोजने का अवसर प्रदान होता है। इस मौके प्रधानाचार्य डा. अमित कुमार पाण्डेय, बच्छराज, कार्यक्रम संयोजक अनिल कुमार, विनय कुमार, शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, डा. मुन्ना कुमार आर्य, डॉ कमल किशोर शुक्ल, डॉ अश्विनी कुमार सिंह, नीरज चतुर्वेदी, अम्बरीश शुक्ल, सिद्धनाथ शर्मा, प्रियरंजन कुमार, महेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद कुमार मिश्र, रफी अहमद, पंकज अवस्थी, संतोष वाजपेई, दीपशिखा अवस्थी,मानषी दीक्षित आदि मौजूद रहें।

# मां दरबार में समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों व्यापारियों, पत्रकारों का हुआ सम्मान

▸ हजारों की संख्या में लोगों ने कीर्तन का लिया आनंद

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



माता के दरबार से कभी कोई खाली हाथ नहीं जाता जो भी आता है माता रानी उसकी झोली भरती हैं पिछले 20 वर्षो से मां का आशीर्वाद मेरे ऊपर बना है तथा जनता का अपार समर्थन भी मेरे साथ जुड़ा हुआ है इसीलिए मुझे एक तरफ मां की सेवा करने का अवसर मिल रहा है तो दूसरी तरफ जनता की सेवा करने का अवसर मिल रहा है यह मेरे लिए बहुत ही गर्व की बात है यह उद्गार जसवंतरी देवी मंदिर प्रांगण में चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू व्यक्त कर रहे थे। जसवंतरी देवी मंदिर प्रांगण में समाजसेवी व्यापारियों पत्रकारों एवं आए हुए अतिथियों का अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा अंग वस्त्र एवं प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ से आए हुए विभाग प्रचारक राहुल रहे एवं विशिष्ट अतिथि रामलाल अकेला पूर्व विधायक रहे। आए हुए अतिथियों का सम्मान करते हुए प्रभात साहू द्वारा उन्हें अंग वस्त्र भेंट किया गया एवं प्रतिमा भेंट की गई तथा हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने माता रानी के दरबार में शशि राजकमल एवं राखी आजाद के बीच कीर्तन का आयोजन हुआ जिसे सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग मंदिर परिसर पहुंचे तिल रखने की भी जगह मंदिर परिसर में नहीं रही इतनी अधिक श्रद्धालुओं के जमा होने के कारण कुछ लोग तो सड़क से ही कीर्तन का आनंद लेते रहे। वहीं दोनों कलाकारों के बीच कीर्तन का कार्यक्रम बराबर चल रहा चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा भी सुंदर-सुंदर भजन सुनाए गए जिसे सुनकर लोगों ने तालिया के गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक राजाराम त्यागी पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे त्रिवेणी लाल गुप्ता पुत्री त्रिपाठी भाजपा नेता सुनील मौर्य बल्ह प्रधान पंकज गुप्ता सुल्तानपुर प्रधान संतलाल लोधी हसनपुर प्रधान केशव चौधरी अंजनी कुमार पांडे रामकुमार यादव प्रदीप श्रीवास्तव धर्मेंद्र वर्मा सूर्यभान सिंह भूपेंद्र सिंह मारुति मिश्रा हाजी जिया उल हक गुड्डू मिश्रा मुकेश यादव क्षेत्र पंचायत सदस्य भोलू सिंह महराजगंज खबर प्रेस क्लब की टीम सहित सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने की खुदकुशी

**सलोन रायबरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया।परिजनों ने मनचले द्वारा परेशान किए जाने का आरोप लगाया हैं।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।मामला सालों कोतवाली क्षेत्र के पूरे जोधी मजरे मटका गांव का हैं। जहां के निवासी रुखसाना बानो पुत्री मोहम्मद कयूम उम्र करीब 16 वर्ष ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी के फंदे से लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। फंदे से किशोरी को लटकता देख परिजनों में रोना पीटना मच गया।मृतक की मां ने मनचले के द्वारा फोन पर बेटी को परेशान करने का आरोप लगाया है।वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज कर जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

# पुलिस ने तीन चोरों को भेजा जेल

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार की रात को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर सिहोलेश्वर मोड पर चोरी के माल के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ गए । पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि बीती रात करीब ग्यारह बजे उप निरीक्षक सुरेश चंद्र अशोक कुमार हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार कांस्टेबल अभिषेक कुमार संदीप कुमार क्षेत्र गस्त पर थे जैसे ही पुलिस टीम सिहोलेश्वर मोड पर पहुंची तो तीन युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। लेकिन पुलिस ने तीनों को घेर कर पकड़ लिया और नाम पता पूछा तो क्रमशः आदित्य द्विवेदी पुत्र जयशंकर निवासी ग्राम बेहटा सातनपुर थाना खीरों दीपक सिंह उर्फ सुजीत सिंह पुत्र रामकरण सिंह, उमेश उर्फ गोलू पुत्र राजेश निवासी ग्राम पुरे खलार पश्चिम गांव थाना बछरावां बताया। पुलिस ने रात में घूमने का कारण पूछा तो सभी ने बताया कि चोरी की घटना को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे थे। पहले घरों की रेकी करते हैं फिर चोरी करते है। पुलिस ने आरोपियों से तीन अदद सोलर पैनल महाराजगंज के मंदिर से चुराया चांदी का छत्र यही के एक घर से चोरी का माल गुरुबक्श गंज के एक घर से चोरी का माल बरामद कर तीनों को जेल भेज दिया है।

# व्यापार मंडल ने उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर आयोजित की श्रद्धांजलि सभा

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



दिग्गज उद्योगपति और टाटा संस के चेयरमैन रतन टाटा का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज के अध्यक्ष विवेक शर्मा और जिला अध्यक्ष रोहित सोनी की अगुवाई में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । विवेक शर्मा ने कहा कि वह 86 वर्ष के थे। मुंबई के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से व्यापार जगत सहित पूरा देश स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि रतन टाटा ने 28 दिसंबर 2012 को टाटा संस के चेयरमैन पद से रिटायरमेंट ले लिया था लेकिन समाज और देश की सेवा में वे फिर भी लगे रहते थे। उद्योग जगत के महानायक रतन टाटा का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने न सिर्फ टाटा समूह को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, बल्कि भारतीय उद्योग को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई।उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने कई ऐतिहासिक अधिग्रहण किए और समाज कल्याण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा कि रतन टाटा की विरासत हमेशा प्रेरणादायक रहेगी और उनका जाना देश को गहरे शोक में डाल गया है। बताते चलें कि सुप्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का 9 अक्टूबर बुधवार को निधन हो गया। उम्र संबंधी परेशानियों की वजह से उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्होंने टाटा समूह का हिस्सा होते हुए समूह को नई बुलंदियों तक पहुंचाया। साल 2000 में उन्हें भारत सरकार ने पद्मभूषण और साल 2008 में उन्हें पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके द्वारा नैनो कार से लेकर जगुआर तक लिए गए निर्णयों ने लोगों का नजरिया बदला। इस अवसर पर महेश सोनी, कौशलेंद्र कंचन, अमित गुप्ता, शीलू त्रिवेदी, विनोद गुप्ता, पुष्कर गुप्ता, नीरज गुप्ता, पीयूष गुप्ता, अंकुर गुप्ता, विनय गुप्ता, अनिल सोनी, कैलाश चंद्र केसरवानी, वीरू तिवारी, शिवम गुप्ता ,मृत्युंजय बाजपेई आदि व्यापारियों ने श्रद्धेय रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी है।

# विधालय में शपथ ग्रहण करके मनाया गया विजयादशमी

**अमावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



बृहस्पतिवार को अमावा ब्लॉक के घुराडीह स्थित स्वामी दयानंद इंटरमीडिएट कॉलेज में विजयदशमी के उपलक्ष में विद्यालय के बच्चो को कन्या भोज व शपथ ग्रहण करवाया गया।विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चो ने रावण का पुतला बनाकर फूंका। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल सीमा सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि विजयदशमी एक त्यौहार मात्र नहीं यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाता हैं। जिस तरह से हम रावण के पुतले का दहन करते हैं हमें अपने अंदर व्याप्त बुराइयों को जलाना होगा तभी इस त्यौहार का मकसद साकार होगा। भाषण प्रतियोगिता में शैल सिंह, रेशमा रावत, परी सिंह , अंशी सिंह, राधा यादव, संस्कार, धीरेंद्र , आरोही पांडे, पूर्वी सभी ने एक से बढ़कर एक ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया वोलेंटियर के रूप में आदर्श मौर्य, वंश सिंह , आरुष आदि असत्य पर सत्य पर विजय का यह त्यौहार बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और बच्चों ने शपथ लिया की हम रावण के पुतले के साथ अपने अंदर की बुराइयों को भी जला देंगे और सत्य के राह पर चलेंगे ।

## खबरें एक नजर में

### बाइक एवं साइकिल की टक्कर में घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

**बछरावा रायबरेली।** बाइक एवं साइकिल की टक्कर में साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई है। मृतक युवक को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ।घटना आज दिनांक 10 अक्टूबर बृहस्पतिवार दोपहर 12:00 बजे के आसपास की है। जब सुदौली- सरेदां मार्ग पर स्थित भंवरेश्वर मंदिर के पास एक अज्ञात बाइक ने साइकिल से जा रहे युवक की सामने से टक्कर हो गई। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। वही बाइक सवार मौके का फायदा उठाकर भाग निकला। प्रत्यक्ष दर्शियों ने घायल युवक की पहचान कर उसके परिजनों एवं एंबुलेंस को सूचना दी गई। पहुंची एंबुलेंस के द्वारा उनके परिजनों के द्वारा मोहनलालगंज सीएचसी ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में युवक की मौत हो गई। परिजन शव को वापस लेकर अपने घर पहुंचे। सूचना पर स्थनीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बछरावां कोतवाली क्षेत्र के सरौरा गांव का रहने वाला दीपक 22 वर्ष पुत्र भागीरथ साइकिल से मजदूरी करने के लिए जा रहा था। कोतवाल ओपी तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### राष्ट्रवादी अखंड युवा संगठन ने आयोजित किया भंडारा




**बछरावां रायबरेली।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर राष्ट्रवादी अखंड युवा संगठन के तत्वावधान एवं क्षेत्र के प्रसिद्ध विद्यालय रायल पब्लिक स्कूल के नेतृत्व में क्षेत्र के शेखपुर समोधा ग्राम सभा के खालेगांव ग्राम में स्थित से झारखंडेश्वर महादेव मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ग्राम सभा के पूर्व प्रधान शिवा शंकर शुक्ला, रॉयल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक शिवशंकर सिंह, कृष्ण कुमार मिश्रा, महेंद्र मिश्रा वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि रामसागर यादव, शिवम शुक्ला, राघवेंद्र सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य राकेश कुमार, सहित भारी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी देवी विवि का मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल ने किया निरीक्षण

**बलरामपुर।** मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील द्वारा निर्माणधीन मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को कार्य में तेजी लाते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय निर्माण की प्रगति के ।लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त , अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार,एसडीएम सदर व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### नरेंद्र वाधवा बने बजाज एनर्जी के सीईओ



**उतरौला(बलरामपुर)।** बजाज एनर्जी लिमिटेड के नरेंद्र वाधवा को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्री वाधवा बजाज पावर बिजनेस के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह बनकोटी को रिपोर्ट करेंगे। श्री वाधवा 29 वर्षों से अधिक का अनुभव रखते हैं, बड़े थर्मल पावर प्लांट्स के प्रबंधन और परिचालन दक्षता को बढ़ाने में सफलतापूर्वक वह मई 2013 से बजाज एनर्जी के साथ काम कर रहे हैं और अप्रैल 2020 से कंपनी में वाइस प्रेसीडेंट पद पर कंपनी में सेवा दे रहे थे और संगठन के भीतर क्रमिक रूप से महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई। बजाज एनर्जी से पहले उन्होंने एनटीपीसी, रिलायंस पावर के साथ काम किया है। उनकी विशेषज्ञता संचालन, रखरखाव योजना, दक्षता, कमीशनिंग और संचालन सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में फैली हुई है।

### सिद्धेश्वरनाथ मंदिर पर नवरात्र के सातवें दिन हुई महाआरती

**सादुल्लानगर /बलरामपुर।** नगर के प्रसिद्ध श्री सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में नवरात्रि के सातवें दिन महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, जिनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल थे। माता के भक्तों ने सजीव भक्ति भावना के साथ देवी की आराधना की और महाआरती में भाग लिया। महाआरती का शुभारंभ शाम 9 बजे हुआ, जिसमें मंदिर के पुजारी ओम नारायण मिश्रा, शुभम पांडे बड़े महाराज ने विधि-विधान से आरती की शुरुआत की। आरती के दौरान पूरे मंदिर परिसर में 卐जय माता दी卐 के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों और शंख की ध्वनि ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। महाआरती में शामिल होने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आए थे। मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया था, जो अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन समिति ने पूरी व्यवस्था का ध्यान रखा,श्री सिद्धेश्वरनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि नवरात्रि के दिनों में हर दिन विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया जाता है, लेकिन सप्तमी की महाआरती का विशेष महत्व है। इस अवसर पर देवी दुर्गा के कालरात्रि रूप की पूजा की गई, जो सभी संकटों का नाश करने वाली मानी जाती हैं।

# प्रथम 6 माह में अभी तक का सर्वाधिक कोच उत्पादन

▸ प्रथम 6 माह में कुल 873 कोचों का किया गया उत्पादन

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अप्रैल 2024 से सितंबर 2024 तक प्रथम 6 माह में कुल 873 कोच का उत्पादन किया जो आरेडिका के अभी तक का प्रथम 6 माह का सर्वाधिक उत्पादन है।

इन 873 कोचों में दीनदयालु, स्लीपर और वातानुकूलित शामिल हैं। इस वित्तीय वर्ष दीनदयालु के 122 कोच, 3एसी के 211 कोच, 3एसी इकोनोमी के 210 कोच, 2एसी के 60 कोच, स्लीपर के 85 कोच तथा अन्य कोच शामिल हैं। 2024-25 के प्रथम 6 माह में 3एसी के 211 कोचों का निर्माण किया गया है जो पिछले वर्ष 2023-24 में प्रथम 6 माह में बने 19 कोचों से लगभग 13 गुना अधिक है।

पहली बार आरेडिका ने प्रथम 6 माह में अभूतपूर्व वृद्धि कर एक नये चरण में प्रवेश किया है। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2019-20 में सर्वाधिक 841 कोचों का निर्माण किया गया था जिसको आरेडिका ने इस वित्तीय वर्ष पार कर लिया है। आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया एवं सभी विभागाध्यक्षों के योगदान की प्रशांसा की। उन्होनें कहा कि यह सभी विभागों के सामूहिक प्रयास से संभव हो पाया है और इसी तरह आगे भी लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# पकड़ी गई टप्पेबाज महिला

▸ सोने-चांदी की दुकानों को बनाती थी निशाना

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




पकड़ी गई टप्पेबाज महिला अशोक सोनी मऊ बाजार में सोने चांदी की दुकान खोल रखी है इन्हीं की दुकान पर एक महिला द्वारा विगत एक माह पहले दुकान में आकर लगभग 10 से 11 महिलाओं के कान में पहनने वाला सामान दिखने की बात कही जिस पर दुकानदार ने उसे सामान दिखाई महिला द्वारा एक कान का बाला रख लिया गया एवं बाकी वापस कर दिए गए यही महिला दो-तीन दिन पहले फिर उसी दुकान पर पहुंचती है दुकानदार को जैसे ही शक होता है वह सीसीटीवी कैमरा की फोटो निकाल कर महिला को चेक करने लगता है तो महिला भागने की कोशिश करती है इस पर दुकानदार उसे पकड़ लेता है और पुलिस को सूचना देता है ।पुलिस द्वारा जब मामले में कड़ाई से पूछताछ की गई तो महिला नजनी पत्नी फहीन निवासिनी करनी पश्चिम थाना पीजीआई जनपद लखनऊ के पास अशोक सोनी की दुकान से गायब 1 अदत कान का बाला पीली धातु बारामद हुआ और टप्पे बाजी की बात सामने आई ।जिस पर पुलिस द्वारा महिला को गिरफ्तार करते हुए उसके ऊपर विधि करवाई की जा रही है।

## जनता ने दिखा दिया बीजेपी के खिलाफ और कांग्रेस के साथ है: प्रिन्सू वैश्य



**महराजगंज रायबरेली।** जम्मू कश्मीर में गठबंधन की सरकार बनने पर आज महाराजगंज घासमंडी चौराहे पर कांग्रेसियों द्वारा एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए खुशी का इजहार किया गया साथ-साथ कांग्रेसी नेता प्रिन्सू वैश्य ने राहुल गांधी सोनिया गांधी प्रियंका गांधी के जिंदाबाद के नारे लगाते हुए कहा कि जनता राहुल गांधी को ही अपना नेता मानती है तथा उन्हें अपना समर्थन लगातार देती चली जा रही है जनता ने दिखा दिया कि भाजपा के खिलाफ है और कांग्रेस के साथ है । इस मौके पर प्रिन्सू वैश्य जैनुल अबदीन अमन वैश्य मनीष वैश्य अनिल जायसवाल गुड्डू मनिहार नवी मोहम्मद अरकाम सिद्दीकी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आस्था का केंद्र मां ज्वाला महारानी का मंदिर

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

नगर क्षेत्र के हृदय स्थल में स्थित मां ज्वाला महारानी मंदिर कई दशकों से स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां पर भक्तों की मान्यता है कि मां ज्वाला उनकी सभी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। मंदिर में पूरे वर्ष के दौरान सोमवार और शुक्रवार को लोग अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के उपलक्ष्य में कड़ाह प्रसाद का आयोजन करते हैं। विशेष रूप से शारदीय और वासंतिक नवरात्र के दौरान यहां नारियल-चुनरी चढ़ाने और पूजन-अर्चन का क्रम चलता रहता है। राजस्थानी शैली में निर्मित इस मंदिर का सुनहरे रंग का आकर्षक स्वरूप भक्तों को मंत्रमुग्ध कर देता है।



**मंदिर का ऐतिहासिक महत्व:** मंदिर का इतिहास देवी सती और भगवान शिव की कथा से जुड़ा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जब भगवान शिव का अपने पिता द्वारा अपमान किए जाने पर देवी सती ने यज्ञ कुंड में कूदकर अपनी जान दे दी थी, तब भगवान शिव ने उनके शव के साथ तांडव नृत्य किया था। इसके चलते सृष्टि के विनाश की संभावना उत्पन्न हुई। इस विनाश को रोकने के लिए भगवान विष्णु ने अपने चक्र से देवी सती के शरीर का छेदन करना शुरू किया। मान्यता है कि सती के शरीर से निकली ज्वाला इसी स्थान पर गिरकर पाताल लोक में समा गई, जिससे यहां एक गड्ढा बन गया। पहले लोग इस गड्ढे पर नारियल-चुनरी और दीप अर्पित करते थे, लेकिन अब इसे चबूतरे से ढक दिया गया है और देवी की प्रतिमा स्थापित की गई है।

**श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं:** मां ज्वाला महारानी मंदिर के मुख्य सेवादार शुभम् कसौधन दद्दू ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल और दर्शन की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की है। मंदिर के पास नारियल-चुनरी और अन्य पूजन सामग्री की दुकानों का भी प्रबंध किया गया है। महिला और पुरुषों के लिए कतारों की अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि दर्शन सुव्यवस्थित रूप से हो सके। मंदिर के व्यवस्थापक अमर चंद्र गुप्ता ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए कराह प्रसाद का आयोजन करने के लिए विशेष रूप से कराह की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। साथ ही, दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए धर्मशाला का भी प्रबंध किया गया है। मां ज्वाला महारानी मंदिर में देवी के ज्वाला रूपी स्वरूप की पूजा वर्षों से हो रही है, और यहां भक्तों की अपार भीड़ पूरे वर्ष उमड़ती है। इस धार्मिक स्थल की पवित्रता और इसके प्रति लोगों की श्रद्धा इसे आस्था का प्रमुख केंद्र बनाती है।

## रामलीला के सातवें दिन शूर्पणखा प्रसंग का मंचन



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** क्षेत्र के अचलपुर चौधरी में चल रहे रामलीला के सातवें दिन की प्रमुख घटना के रूप में शूर्पणखा प्रसंग का मंचन किया गया।जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। यह दृश्य रामायण के प्रमुख घटनाक्रमों में से एक है, जब राक्षसी शूर्पणखा लक्ष्मण के क्रोध का शिकार होती है। यह प्रसंग न केवल शूर्पणखा के किरदार को दिखाता है, बल्कि राम, लक्ष्मण और सीता के आपसी संबंध और उनके धैर्य, संयम तथा निर्णय क्षमता को भी उजागर करता है। शूर्पणखा का पात्र मंच पर आते ही अपने भाव-भंगिमाओं और संवादों से दर्शकों का ध्यान आकर्षित करती है। मंच की सजावट में पंचवटी के जंगल की झलक दिखाई देती है, जहां राम, लक्ष्मण और सीता अपने वनवास के समय निवास कर रहे हैं। शूर्पणखा राम को देखकर मोहित हो जाती है। वह राम के प्रति अपने प्रेम का इज़हार करते हुए उनसे विवाह का प्रस्ताव रखती है। राम संयमित और शालीनता के साथ उसका प्रस्ताव ठुकरा देते है और शूर्पणखा को यह समझाने की कोशिश करता हैं। लेकिन राम जी की एक नही सुनती है और कहती है कि तुम सम पुरूष नहि मम सम नारी रची विधाता ने त्रिरूपुरारी लेकिन राम जी जब विवाह का प्रस्ताव नही मानने पर सीता को कुदृष्ट देखने पर लक्ष्मण जी ने सूर्पणखा का नाक काट दिया। इस अवसर कार्यवाहक अध्यक्ष राम सागर शर्मा, ग्राम प्रधान संजय शर्मा सहित अन्य दर्शक लीला देखकर मंत्रमुग्ध हो ग ई।

## राजकीय विद्यालय मधवाजोत में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**बलरामपुर।** राजकीय हाई स्कूल मधवाजोत में विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका निरीक्षण जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद द्वारा किया गयाद्य इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक बलरामपुर द्वारा विद्यालय में हो रहे निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गयाद्य नवनीत कुंवर श्रीवास्तव ने बच्चों द्वारा बनाये गए विज्ञान के मॉडल का निरीक्षण कर अंक प्रदान किया। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता मे गंगाराम कक्षा 10प्रथम, दीपक कुमार कक्षा 10द्वितीय महिमा कक्षा 9तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य -डॉक्टर चंदन कुमार पांडे ने बताया कि मा शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश के क्रम मे यह सफल आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य हैं बच्चों मे विज्ञान के नए खोज के लिए प्रेरित करना और नवाचार की ओर जागरूक करना। उन्होंने बताया स्कूल मे प्रथम स्थान पाए बच्चे जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मे हिस्सा लेंगे।

कार्यक्रम मे मधुलिमा -सहायक अध्यापक- विज्ञान/गणित, संजय कुमार - सहायक अध्यापक- जीव विज्ञान, मधुसूदन पासवान -सहायक अध्यापक- अंग्रेजी हेमंत कुमार यादव -सहायक अध्यापक -हिंदी के सहयोग से विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन हुआ।

# आत्मा योजना अन्तर्गत जनपद स्तरीय किसान मेला आयोजित

▸ मां देवीपाटन मंदिर प्रांगण, तुलसीपुर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आत्मा योजना अन्तर्गत मां पाटेश्वरी देवी देवीपाटन मंदिर परिसर में जनपद स्तरीय किसान मेला की शुरुआत मुख्य अतिथि कैलाश नाथ शुक्ल विधायक तुलसीपुर द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में नरेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक बलरामपुर, कृषि विज्ञान केन्द्र पचपेडया के जगवीर सिंह प्रमोद कुमार मत्स्य वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र पचपेडवा, श्याम बहादुर विषय वस्तु विशेषज्ञ सदर बलरामपुर, अमित कुमार पाण्डेय विषय वस्तु विशेषज्ञ उतरौला, अनिल कुमार विषय वस्तु विशेषज्ञ उतरौला, छोटे लाल रावत अध्यक्ष मृदा परीक्षण प्रयोगशाला, आलोक सोनकर विषय वस्तु विशेषज्ञ तुलसीपुर, संजीव कुमार गुप्ता प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी, रघुनाथ वर्मा सहायक विकास अधिकारी कृषि उतरौला, राजेश वर्मा तुलसीपुर, संतोष तिवारी तुलसीपुर, कमलेश सिंह सहायक तकनीक प्रबन्ध दत्तगंज, शशि चन्द्र तिवारी ब्लाक तकनीकी प्रबन्धक उत्तरौला, एवं प्रगतिशील कृषक राम शब्द वर्मा ग्राम जोगीवीर विकास खण्ड उत्तरौला एवं कृषक बन्धु रमेश कुमार गौतम ग्राम परसपुर कामदा विकास खण्ड हरैयासतघरवा वेद प्रकाश वर्मा ग्राम मदारगड विकास खण्ड हरैबारातघरवा, विनोद कुमार विश्वकर्मा ग्राम पिपरा, विनोद बौधरी ग्राम सहियापुर, मेला राम ग्राम जैतापुर, अब्दुल मुनीम धाम जैतापुर, रविप्रताप सिंह ग्राम कोल्हईयाभोजपुर विकास खण्ड गैसडी, महेश कुमार पुत्र राम बरन ग्राम महुआ रेहराबाजार, पतिराम पुत्र रामफेर ग्राम पटखौली रेहराबाजार, मोरई पुत्र मंगल ग्राम बांकभवानीपुर गैण्डासबुजर्ग, राम निवास पुत्र श्री गया प्रसाद ग्राम बाकभवानीपुर गैण्डासबुजुर्ग आदि किसान बन्धु उपस्थित थे। उक्त किसान मेले में मृदा परीक्षण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला पंचायती राज विभाग, कार्यक्रम विभाग, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग, इफको, जिला समाज कल्याण विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन आदि विभागों द्वारा आकर्षक स्टाल के माध्यम से मेले में आये किसानों को मौके पर उनकी समस्याओं का निदान एवं लाभान्वित किया गया सर्व प्रथम उप कृषि निदेशक बलरामपुर द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में एवं कृषि निवेशों की उपलब्धता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी इसके अतिरिक्त इस समय कृषि यंत्रों का टोकन www.upagriculture.gov.ac.in दिनांक 09 से 23 अक्टूबर 2024 तक के लिए पोर्टल खुला हुआ है।

## शांत, स्थिर कश्मीर का जनादेश

जम्मू-कश्मीर में लोगों ने 'त्रिशंकु जनादेश' नहीं दिया, जैसा कि चुनाव विशेषज्ञों और एग्जिट पोल ने संभावनाएं जताई थीं। लोगों ने स्थिरता, शांतमय, पूर्णता और निरंतरता को चुना, लेकिन इस बार भी जनादेश विभाजित जरूर रहा। हिंदू-मुसलमान की तर्ज पर जनादेश भी बंटा रहा। कुल 60 सीटें मुस्लिम बहुल और 30 हिंदू बहुल थीं। मुसलमानों ने 48 सीटें नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को दीं और 29 सीटों पर भाजपा जीती। मात्र 6 सीटें कांग्रेस के हिस्से आईं। जम्मू में प्राथमिकता का जनादेश भाजपा और कश्मीर घाटी में नेशनल गठबंधन के पक्ष में रहा। एक बार फिर घाटी में भाजपा 'शून्य' ही रही। ऐसा क्यों होता है कि मुसलमान भाजपा को निर्णायक वोट नहीं देते? सरकार ने विकास-कार्य किए हैं, तो उनका फायदा मुसलमानों को भी हो रहा है। यह कश्मीर में भाजपा का 'सांप्रदायिक बहिष्कार' है, लिहाजा इसे जनादेश नहीं मान सकते। यह एक संघशासित क्षेत्र का कुल जनादेश है, जो दरअसल जम्मू में कुछ और है, कश्मीर में कुछ और है। बहरहाल चुनाव आयोग की भाषा में यह साझा और संपूर्ण जनादेश है। ये चुनाव बिल्कुल शांत, सहज रहे। कोई गोली नहीं चली, कोई ग्रेनेड नहीं दागी गई। कोई बहिष्कार नहीं किया गया और न ही दोबारा मतदान की कोई मांग की गई। पाकिस्तान, आतंकवाद, अलगाववाद, पत्थरबाजी और बम धमाकों की आवाजें भी सुनाई नहीं दीं। करीब 30 पूर्व आतंकवादी, अलगाववादी और जमात-ए-इस्लामी के सदस्य चुनाव हार गए। जमात पर प्रतिबंध हटा लिया गया था। उसने भी 'राजनीतिक प्रक्रिया' के जरिए जम्मू-कश्मीर की मुख्यधारा में शामिल होना चाहा, लेकिन जनता ने उसे पूरी तरह नकार दिया। जनादेश इतना मजबूत और निश्चित था कि पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पीडीपी को मात्र 3 सीटें ही नसीब हुईं। उनकी बेटी इल्तिजा तक चुनाव हार गई। इसके अलावा, सांसद इंजीनियर रशीद की 'अवामी इत्तेहाद पार्टी' एक ही सीट तक सिमट कर रह गई। भाजपा ने भी घाटी में निर्दलीय चेहरों पर बड़ा दांव खेला था। चुनाव के दौरान नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, अपनी पार्टी के कई पूर्व मंत्रियों और विधायकों को भी भाजपा में शामिल किया गया था, लेकिन किसी भी 'रंगे सियार' को जनादेश नहीं मिला। बहरहाल यह अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने के बाद का पहला चुनाव था। हालांकि नेशनल कॉन्फ्रेंस जैसी पार्टियां 370 की बहाली की मांग करती रही हैं, लेकिन कोई ऐसी जिद नहीं है, जिसे 'अलोकतांत्रिक' करार दिया जाए। जम्मू-कश्मीर में सब कुछ खुला, स्वतंत्र और सक्रिय है। हालांकि भाजपा ने गुर्जर, बक्करवाल और पहाड़ियों को 'अनुसूचित जनजाति' का दर्जा देकर आरक्षण मुहैया कराने का फैसला किया था। उसे संसद तक में पारित कराया गया था। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने इन जनजातियों को 'राजनीतिक आरक्षण' देने के भी आश्वासन दिए। यदि इनके पर्याप्त वोट भाजपा को मिल जाते, तो उसे 9 अधिक सीटें मिल सकती थीं। यदि ऐसा होता, तो जम्मू-कश्मीर में सत्ता के समीकरण ही बदल जाते। बहरहाल जो जनादेश सामने है, उसके मद्देनजर नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन की सरकार बनना तय है। करीब 15 साल बाद इस गठबंधन की सरकार बन रही है। डॉ. फारूक अब्दुल्ला के मुताबिक, उमर अब्दुल्ला नई सरकार के मुख्यमंत्री होंगे। कमाल देखिए कि उमर विधानसभा चुनाव में बडगाम और गांदरबल सीटों से विजयी रहे हैं, जबकि लोकसभा चुनाव में वह बारामूला सीट से इंजीनियर रशीद से 2 लाख से अधिक मतों से हार गए थे। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि यह भारतीय संविधान पूरी तरह लागू होने के बाद जम्मू-कश्मीर का पहला चुनाव, पहला जनादेश है। अब 370 के बाद कश्मीर अधिक खिला है और खिलखिला रहा है। कश्मीरी जम्हूरियत समझ गई है कि अब पाकपरस्ती के कोई मायने नहीं हैं। हालांकि अब्दुल्ला खानदान को मानसिक तौर पर 'पाकपरस्त' माना जाता रहा है। अब वह सत्ता में आ रहा है, लिहाजा उसे अपनी जुबान और बयानबाजी पर नकेल कसनी पड़ेगी। कश्मीर में स्कूल-कॉलेज, सिनेमा हॉल, खेल के स्टेडियम, छोटे-छोटे उद्योग धंधे, आवाजाही, डल लेक पर शिकारा की सवारी, निर्यात, निवेश आदि सब कुछ खुले हैं। अब नए कश्मीर की स्थिर स्थापना का दौर है।

# चले गए खास होते हुए भी आम दिखने वाले रतन टाटा

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

रतन टाटा सिर्फ अरबपति नहीं बल्कि एक ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने टाटा समूह के साथ इस देश और इस देश के करोड़ों लोगों के लिए बहुत कुछ किया है। तभी तो रतन टाटा के निधन से हर कोई दुखी है। उन्हें संयमित जीवनशैली और टाटा ट्रस्ट के माध्यम से परोपकारी कार्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के लिए भी जाना जाता रहा है। उनके निधन के बाद यह सवाल उठ रहा है कि उनका उत्तराधिकारी कौन होगा?

टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा का 86 साल की उम्र में निधन हो गया। वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल की इंटेसिव केयर यूनिट में भर्ती थे और उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। रतन टाटा ईमानदारी, नैतिक नेतृत्व और परोपकार के प्रतीक थे। करीब 3800 करोड़ रुपये की नेटवर्थ के मालिक रतन टाटा आजीवन अविवाहित रहे। एन चंद्रशेखर टाटा संस के 2017 से चेयरमैन हैं। उनके अलावा टाटा ग्रुप की अलग-अलग कंपनियों से ऐसे बहुत से लोग हैं, जो भविष्?य में टाटा समूह में अलग-अलग जिम्मेदारी निभाते नजर आ सकते हैं। रतन टाटा के पिता नवल टाटा की दूसरी शादी सिमोन से हुई थी। उनके बेटे नोएल टाटा, रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। रतन टाटा की विरासत हासिल करने के लिए उनका यह संबंध उन्हें एक प्रमुख उत्तराधिकारी का दावेदार बनाता है। नोएल टाटा के तीन बच्चे हैं, जिनमें माया, नेविल और लीह हैं। वे रतन टाटा के उत्तराधिकारी हो सकते हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के शब्दों में, भारत ने एक ऐसे आइकॉन को खो दिया है, जिन्होंने कॉरपोरेट ग्रोथ, राष्ट्र निर्माण और नैतिकता के साथ उत्कृष्टता का मिश्रण किया। पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा ने टाटा ग्रुप की विरासत को आगे बढ़ाया। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि टाटा एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। उनका योगदान बोर्ड रूम से कहीं आगे तक गया।



**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के शब्दों में, भारत ने एक ऐसे आइकॉन को खो दिया है, जिन्होंने कॉरपोरेट ग्रोथ, राष्ट्र निर्माण और नैतिकता के साथ उत्कृष्टता का मिश्रण किया। पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा ने टाटा ग्रुप की विरासत को आगे बढ़ाया। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि टाटा एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। उनका योगदान बोर्ड रूम से कहीं आगे तक गया। प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी का कहना है कि रतन टाटा का जाना न सिर्फ टाटा ग्रुप, बल्कि हर भारतीय के लिए बड़ा नुकसान है। व्यक्तिगत तौर पर रतन टाटा का जाना मुझे बहुत दुख से भर गया है, क्योंकि मैंने अपना दोस्त खो दिया है। रतन टाटा, दुनियाभर में फैले टाटा साम्राज्य के सबसे चमकदार रत्न थे। उन्होंने मैनेजमेंट की मॉडर्न तकनीकों को अपनाकर टाटा ग्रुप को दुनिया का भरोसेमंद ब्रांड बनाया। उन्होंने कभी भी टाटा के संस्थापकों के विजन से समझौता नहीं किया। आज जब नैतिकता का स्तर गिर रहा है, उस दौर में भी रतन टाटा व्यक्तिगत स्तर पर मॉरल वैल्यूज को थामे रहे। सही मायनों में रतन टाटा देश के उद्योग का प्रतिनिधित्व करते थे। हम विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर क्षेत्र में उनके भरोसे, उत्कृष्टता और नवीनता के मूल्यों को अपनाते हुए प्रयास कर रहे हैं, यही रतन टाटा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।**

प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी का कहना है कि रतन टाटा का जाना न सिर्फ टाटा ग्रुप, बल्कि हर भारतीय के लिए बड़ा नुकसान है। व्यक्तिगत तौर पर रतन टाटा का जाना मुझे बहुत दुख से भर गया है, क्योंकि मैंने अपना दोस्त खो दिया है। रतन टाटा, दुनियाभर में फैले टाटा साम्राज्य के सबसे चमकदार रत्न थे। उन्होंने मैनेजमेंट की मॉडर्न तकनीकों को अपनाकर टाटा ग्रुप को दुनिया का भरोसेमंद ब्रांड बनाया। उन्होंने कभी भी टाटा के संस्थापकों के विजन से समझौता नहीं किया। आज जब नैतिकता का स्तर गिर रहा है, उस दौर में भी रतन टाटा व्यक्तिगत स्तर पर मॉरल वैल्यूज को थामे रहे। सही मायनों में रतन टाटा देश के उद्योग का प्रतिनिधित्व करते थे। हम विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर क्षेत्र में उनके भरोसे, उत्कृष्टता और नवीनता के मूल्यों को अपनाते हुए प्रयास कर रहे हैं, यही रतन टाटा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

वे भारतीय उद्योग के आधुनिकीकरण से गहराई से जुड़े थे। इससे भी अधिक इसके वैश्वीकरण के साथ जुड़े थे। बड़ी संपत्ति होने के बावजूद वे अपनी साधारण जीवनशैली और टाटा ट्रस्ट के जरिये परोपकारी कार्यों के लिए चर्चा में रहे। टाटा संस में अपने नेतृत्व के दौरान, उन्होंने टेटली, कोरस और जगुआर लैंड रोवर जैसी कंपनियों का अधिग्रहण करके टाटा समूह को मुख्य रूप से घरेलू कंपनी से वैश्विक पावरहाउस में बदल दिया। उनके नेतृत्व में टाटा वास्तव में 100 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के वैश्विक व्यापार साम्राज्य में विकसित हुआ। ऐसे महान व्यक्तित्व को नमन।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

स्मृति शेष

# जिद और जुनून ने टाटा को बनाया देश का रतन

**प्रो. श्याम सुंदर भाटिया**

जिंदगी भर कारोबार... कारोबार... बस कारोबार। जिद, जुनून और लगन के चलते बिजनेस के सिवा कुछ नहीं किया। ठोस फैसले लेते गए, सही साबित भी करते गए। दुनिया इन्हें रतन नवल टाटा के नाम से जानती-पहचानती है। भारत के सबसे बड़े और बेहद ईमानदार उद्योगपतियों में से एक रतन टाटा इतनी कमाई के बावजूद दुनिया के धनकुबेरों की सूची में इसीलिए शुमार नहीं हो पाए, क्योंकि वह अपनी कमाई का 65 प्रतिशत हिस्सा दान कर देते थे।

श्री टाटा यूं तो कम ही बोलते थे लेकिन जब बोलते थे, बेलौस। किसी को बुरा लगे तो लगे। हकीकत से उन्होंने कभी मुंह नहीं मोड़ा। वह महामारी के चलते कॉर्पोरेट जगत में छंटनी, उद्योगपतियों की नैतिकता सरीखे फैसलों पर आहत रहे। कहते थे, कॉर्पोरेट जगत की टॉप लीडरशिप में सहानुभूति की कमी हो गई है। कोरोना के मुश्किल दौर में उद्यमियों और कंपनियों के लिए लम्बे समय तक काम करने और अच्छा प्रदर्शन करने वाले कारिंदों के प्रति संवेदनशीलता जरूरी है। ये वे लोग हैं, जिन्होंने अपना पूरा करियर कंपनी के लिए लगा दिया है। संकट के समय आप इन्हें सपोर्ट करने की जगह बेरोजगार कर रहे हैं। श्री टाटा मानते थे कि मुनाफा कमाना गलत नहीं है, लेकिन यह काम भी नैतिकता से करना जरूरी है। यह सवाल बहुत जरूरी है, आप मुनाफा कमाने के लिए क्या-क्या कर रहे हैं? यह सवाल खुद से लगातार पूछते रहना चाहिए, वे जो फैसले ले रहे हैं, क्या वे सही हैं? वह कंपनी ज्यादा दिन सर्वाइव नहीं कर सकती, जो अपने स्टाफ को लेकर संवेदनशील नहीं है। कर्मचारियों की छंटनी समाधान नहीं है। इससे पता चलता है, भारतीय कॉर्पोरेट जगत की टॉप लीडरशिप में हमदर्दी का अभाव है।

टाटा ग्रुप की कंपनियों में एयरलाइन्स, होटल बिज़नेस, फ़ाइनेंशियल सर्विसेज, ऑटो बिज़नेस शामिल हैं। ये ऐसे सेक्टर हैं, जहां कोरोना महामारी का सर्वाधिक असर हुआ था। एविएशन और होटल इंडस्ट्री की सूरत से हरेक वाकिफ है। ऑटो सेक्टर की भी हालत पतली थी। कारों की बिक्री में रिकॉर्ड गिरावट देखी गई। बावजूद इसके टाटा ग्रुप ने एक भी कर्मी को नौकरी से नहीं निकाला था। सिर्फ सॉफ्टवेयर समूह ने अपने शीर्ष मैनेजमेंट के वेतन में 20 पर्सेंट की कटौती की थी। दरियादिली में पीछे नहीं रहे। कोरोना से निपटने के लिए टाटा समूह ने पीएम केयर्स फंड में 1500 करोड़ का दान किया। नामचीन उद्योगपति श्री रतन टाटा मानते रहे, बिज़नेस का मतलब सिर्फ मुनाफा कमाना नहीं होता है। देशभर में लाखों-लाख लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया। क्या इससे समस्या का हल हुआ? वह खुद ही जवाब देते थे, उन्हें नहीं लगता-ऐसा हो सकता है। आपको बिजनेस में नुकसान हुआ है, ऐसे में लोगों को नौकरी से निकाल देना विकल्प नहीं है, बल्कि उनके प्रति आपकी जिम्मेदारी बनती है। आप इस माहौल में तब तक ज़िंदा नहीं रह पाएंगे, जब तक आप संवेदनशील नहीं रहते हैं। सबसे पहले लोगों के कार्यस्थल के बारे में आपको चिंतित होना चाहिए।

श्री टाटा साफ मानते रहे, मंदी के दौर में बने रहने के लिए आपको जो उचित और आवश्यक लगता है, उसके सन्दर्भ में आपको बदलना होगा। कोरोना संकट के दौर में कोई निश्चित तरीके से व्यापार करना जारी नहीं रख सकता है। इस महामारी के दौरान वर्क फॉर्म होम अच्छा उपाय है। ले-ऑफ कंपनी की समस्याओं को हल करने में मदद नहीं करेगा। आय का कोई सोर्स न होने के कारण लॉकडाउन के दौरान प्रचंड गर्मी में बिना साधन के श्रम शक्ति ने घर वापसी की। देश की सबसे बड़ी श्रम शक्ति को एक ही झटके में कह दिया गया, आपके लिए कोई काम नहीं है। उनके घरों तक भेजने की व्यवस्था नहीं की गई। रहने-खाने का बंदोबस्त नहीं किया। इससे क्षुब्ध श्री टाटा ने सवाल किया, ऐसा करने वाले आप कौन होते हैं? आप अपनी लेबर फोर्स के साथ इस तरह का बर्ताव क्यों करते हैं? क्या आपकी नैतिकता की यही परिभाषा है? टाटा ने इंडस्ट्री के शीर्ष अफसरों से पूछा, इस मुश्किल समय में उनका क्या कर्तव्य बनता है? उनके लिए नैतिकता की क्या यही परिभाषा है? जिन्होंने आपके लिए दिन-रात काम किया, आपने उन्हें ही छोड़ दिया।




श्री टाटा का मानना रहा था कि कोई भी बिजनेस करते समय दो चीजों पर ध्यान देना हमेशा जरूरी है- पहला, किसी भी सिचुएशन में अपने स्टेक होल्डर्स या शेयर होल्डर्स से सामना करना। दूसरा, निचले तबके के कर्मचारियों को भी समझना। अगर कंपनी से जुड़ा कोई भी व्यक्ति नाराज है तो उसका कोई न कोई कारण होता ही है। उसका सॉल्युशन निकालना भी जरूरी है। उन्होंने बताया था कि जिस वक्त उन्हें टाटा मोटर्स का चेयरमैन बनाया गया था, उसके कुछ समय बाद कंपनी में बहुत बड़ी स्ट्राइक हुई थी। उन्होंने उन दिनों 3 से 4 दिन प्लांट में ही बिताए। सभी को यह भरोसा दिलाया था, हम एक हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविकता यही है कि किसी भी कंपनी को उसके प्रॉफ़िट्स और परफॉरमेंस के आधार पर ही जज किया जाता है। प्रॉफ़िट कंपनी की आतंरिक स्थिति को कवर करता है।

आजकल की कंपनियां वर्कर्स की खुशियों से ज्यादा अपने प्रॉफिट पर ध्यान देती हैं। ऐसा ही कुछ वर्कर्स के साथ भी है। ग्राहकों को भी सोचना चाहिए कि जिस कंपनी से वे डील कर रहे हैं, वे गुणवत्ता और कस्टमर सर्विस के अनुसार फेयर हैं या नहीं। एक कंपनी के तौर पर सोचना होगा कि क्या आप अपने कस्टमर्स के प्रति फेयर हैं? अगर कोई भी कंपनी, कस्टमर या वर्कर अपने एथिक्स भूल जाता है तो उसे एक वक्त पर उसका खामियाज़ा भुगतना ही होगा। कोविड की स्थिति में आपके पास भागने का विकल्प नहीं था। आपको बस यह स्वीकार करना था कि कोई भी कारण हो आपको परिस्थितियों के मुताबिक बदलना ही होगा। इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है 'वर्क फ्रॉम होम'। ऐसा पहली बार हुआ जब वर्कर्स को उनके वर्कप्लेस से फर्क नहीं पड़ा। किसी भी परिस्थिति में काम चालू रखना एक बड़ी बात है, इसीलिए लोगों ने 'वर्क फ्रॉम होम' को अपनाया।

बकौल श्री टाटा, आपके पास छिपने और भागने के लिए कोई जगह नहीं है। आप जहां भी जाते हैं, कोविड-19 महामारी आपको हिट करती है। ऐसे में बेहतर है कि हालात को स्वीकारें। पद्मभूषण और पद्मविभूषण से सम्मानित श्री टाटा ने कोरोना महामारी के दौरान एक पोर्टल से पहली बार अपनी बहुमूल्य राय साझा की थी। बोले, आपको उन बातों में बदलाव करना होगा, जिन्हें आप अच्छा मानते हैं या जो जिन्दा रहने के लिए जरूरी है। किसी भी व्यक्ति को अपनी ख़्याली दुनिया से ज्यादा सच्ची असफलता के बारे में चर्चा करनी चाहिए। दुनिया का एक और कटु सत्य यह है कि हर कोई स्पॉटलाइट के पीछे है। उस सफलता को लोग प्रॉफिट से ही नापते हैं, इसीलिए आप प्रॉफिट को कभी भी इग्नोर नहीं कर सकते। सवाल यह उठता है कि उस प्रॉफिट को कमाने के लिए करना क्या है? कड़वी सच्चाई यह है, आप डिफिकल्ट सिचुएशन से भाग नहीं सकते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई थी, भारत की युवा शक्ति नैतिकता और रचनात्मकता के आधार पर दुनिया में पॉवरहाउस बनकर उभरेगी। हमें ज्यादा क्रिएटिव और इनोवेटिव बनने की दरकार है। श्री टाटा अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन इस महान हस्ती की हजारों-हजार प्रेरक कहानियां अनुकरणीय हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## जिसके सम्मोहन में पाग़ल, धरती है, आकाश भी है

**अदम गोंडवी**



जिसके सम्मोहन में पाग़ल, धरती है, आकाश भी है ।
एक पहेली-सी ये दुनिया, गल्प भी है, इतिहास भी है।

चिन्तन के सोपान पर चढ़कर चाँद-सितारे छू आए,
लेकिन मन की गहराई में माटी की बू-बास भी है ।

मानव-मन के द्वन्द्व को आखिर किस साँचे में ढालोगे,
महारास की पृष्ठभूमि में ओशो का संन्यास भी है ।

इन्द्रधनुष के पुल से गुज़रकर उस बस्ती तक आए हैं,
जहाँ भूख की धूप सलोनी चंचल है बिन्दास भी है ।

कंक्रीट के इस जंगल में फूल खिले पर गन्ध नहीं,
स्मृतियों की घाटी में यूँ कहने को मधुमास भी है।

अमृत की बूँदें बरसी थीं तब हमने मुँह फेर लिया,
आज ख़ुशी से ज़हृ पी रहे और इसका एहसास भी है ।



# राशिफल

**मेषः-** जीविका क्षेत्र में नए आयाम आपको उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हलकर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**वृषः-** भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में व्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। खराब संगत से दूरी बनाएं।

**मिथुनः-** महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों के प्रति मन केन्द्रित होगा। अत्यधिक कायरे की ब्यस्तता से मन परेशान होगा। पारम्परिक कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**कर्कः-** क्रोध व शंकाए छोड़ संबंधों में प्यार विखेरें। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिन्ता उत्पन्न करेगी। किसी नए कार्य में मन केन्द्रित होगा।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की ब्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी बिचारों से सिंचित करें। महत्वपूर्ण क्षेत्र में संबंधों का सहयोग मिलेगा।

**कन्याः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक हो सकता है। लेकिन प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढ़ाएंगी। परिवार में कोई सुखद माहौल बनेगा।

**तुलाः-** हर वक्त अपने को लाचार बनाए रखना अच्छी बात नहीं, समय का सदोपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा दें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** शासन-सत्ता के सहयोग से कार्य क्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। प्रयत्न की सार्थकता उच्छृंखलता व व्यग्रता क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**धनुः-** कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत के चकाचौंध आप प्रभावित होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के आसार बढ़ेगे। अच्छे व्यवहारकुशलता से सामाजिक मान-मर्यादा में वृद्धि होगी।

**मकरः-** कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफहोगी।

**कुंभः-** अपने दिनर्चया को सुधारें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। पारिवारिक जरुरतों की पूर्ति साधनाभाव से मन चिंतित होगा। मधुर वाणी से संबंधों में प्रभावशाली होंगे।


**मीनः-** भौतिक सुख-साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी। परिश्रम द्वारा नए अवसरों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

# शिक्षा सुधारों में क्रांति की दरकार

**डा. वरिंद्र भाटिया**

हिमाचल प्रदेश की सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए उत्तर प्रदेश के शिक्षा मॉडल को अपनाएगी। पहाड़ी प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, जो कि उत्तर प्रदेश के दौरे पर थे, ने यूपी में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे गुणात्मक सुधारों की बारीकियों को समझा। यह उनकी एक अच्छी पहल है क्योंकि शिक्षा में सुधारों को लेकर राजनीतिक विचारधारा का आड़े आना अपरिपक्वता की निशानी होती है और हमें हमेशा दूसरों के कामयाब प्रयासों से सीखना चाहिए। आइए, जानें कि देश के सबसे बड़े राज्य ने ऐसा क्या किया है जो कि शिक्षा सुधारों की दिशा में सुर्खियां बटोर रहा है। उत्तर प्रदेश ने शैक्षिक सुधारों में एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू की है, जिसमें एक ऐसा मॉडल स्थापित किया गया है जो सुलभता, आधुनिकीकरण, समावेशन और समग्र विकास को प्राथमिकता देता है। यह उभरती कहानी महत्वपूर्ण गुणात्मक और मात्रात्मक प्रगति को दर्शाती है, जिसमें प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने और बाजार की मांगों के साथ शैक्षिक पेशकशों को एकसार करने पर जोर दिया गया है। राज्य ने सभी स्तरों पर शिक्षा को बढ़ाने के लिए एक व्यापक ढांचा तैयार किया है, जो अपने युवाओं और बच्चों की विविध आकांक्षाओं को पूरा करता है। समावेशिता और सामाजिक पहुंच पर जोर ने यह सुनिश्चित किया है कि हाशिए पर पड़े समुदायों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच मिले। यह पहल न केवल शैक्षिक मानकों को फिर से परिभाषित करती है, बल्कि भविष्य के लिए एक दृष्टि को भी बढ़ावा देती है, जहां हर युवा व्यक्ति अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने और समाज की प्रगति में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए सशक्त होता है।

इस राज्य ने 130000 से अधिक सरकारी स्कूलों को आधुनिक बनाने के लिए ऑपरेशन कायाकल्प शुरू किया। कभी उपेक्षा के प्रतीक रहे इन स्कूलों को बुनियादी ढांचे और डिजिटल उपकरणों के साथ पुनर्जीवित किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 2018 और 2023 के बीच प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उपस्थिति में यह पुनरुत्थान स्कूलों के अवसर और आशा के स्थानों में परिवर्तन को दर्शाता है। भौतिक सुधारों के अलावा, शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है। मिशन प्रेरणा पढने् और अंकगणित जैसे मुख्य शिक्षण मानदंडों पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे ग्रामीण साक्षरता दर में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा की गहरी बाधाओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अब वास्तविक समय में निगरानी की जाने वाली मिड डे मील योजना में प्रतिदिन 1.8 करोड़ बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाता है। इस सुधार ने उल्लेखनीय रूप से 9 प्रतिशत तक ड्रॉपआउट दरों को कम किया है जिससे कक्षाएं जुड़ाव के जीवंत केंद्र बन गई हैं। यदि सामाजिक बदलाव लाना है तो सर्वप्रथम समाज को शिक्षित करना पड़ेगा। भारत के पास विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति है जिसे एक बेहतर मानव संसाधन के रूप में तैयार करने के लिए बेहतर शिक्षा देनी पड़ेगी। वहां के विद्यालयों में में गेट, चारदीवारी, फर्श पर टाइल्स, खेलने के लिए पार्क और लाइब्रेरी के साथ डिजिटल क्लास रूम्स, बालक और



बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, पीने के पानी और हाथ धोने के लिए हैंडवॉश सिस्टम, क्लास रूम में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बेसिक शिक्षा के महत्व को देखते हुए वित्त वर्ष 2016-17 में 55176 हजार करोड़ से बढ़ाकर खर्चा वित्त वर्ष 2021-22 में 63455 तक पहुंचाया गया है।

इसे प्रति वित्त वर्ष लगातार बढ़ाया ही जा रहा है, ताकि हमारे भविष्य के लिए नींव को मजबूत किया जा सके। उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या अधिक है। इसलिए वहां अतिरिक्त प्रयास करने पड़ते हैं। चूंकि प्राथमिक शिक्षा सबका मौलिक अधिकार है, इसलिए बच्चों के भविष्य निर्माण हेतु 1.84 करोड़ पाठ्य पुस्तकें, 1.83 करोड़ बस्ते, 1.61 करोड़ विद्यालय की पोशाकें मुफ्त में वितरित की गईं। इस व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए डीबीटी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को यूनीफार्म, स्वेटर, जूते-मोजे एवं स्कूल बैग खरीदने के लिए अभिभावकों के बैंक खातों में 1100 रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। अनुसूचित जाति के बालकों, अनुसूचित जनजाति के बालकों एवं गरीबी रेखा के नीचे के परिवार के प्रत्येक छात्र-छात्रा को दो जोड़ी यूनीफार्म हेतु 600 रुपए, स्वेटर हेतु 200 रुपए, जूता-मोजा हेतु 125 रुपए, स्कूल बैग हेतु 175 रुपए, अर्थात कुल 1100 रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। प्राथमिक शिक्षा यदि बेहतर है तो आगे की शिक्षा के बेहतर होने की सम्भावना बढ़ जाती है। इसलिए सर्वाधिक कार्य आधार शिक्षा पर किया जाना चाहिए जो कि अनवरत किया जा रहा है। इनमें भी कुछ व्यावहारिक समस्याएं हैं। केवल शिक्षक नियुक्ति या आधारभूत सुविधा बाधा देने से शिक्षा व्यवस्था सुधर नहीं जाती। औचक निरीक्षण में विद्यालयों में नदारद शिक्षकों के लिए सरकार बायोमीट्रिक प्रणाली को अपनाने की बात कर रही है। शिक्षकों की उपस्थिति को ऑनलाइन बनाने की ओर कदम बढ़ाया गया। छोटे-छोटे प्रशासनिक सुधारों का समाज पर व्यापक असर पड़ता है।

उत्तर प्रदेश में परीक्षा व्यवस्था नकल माफिया का पर्याय हो चुकी थी। अपनी प्रतिभा से अंक लाने वाले छात्रों को बाहर के लोग संदेह की नजर से देखते थे। नकल माफियाओं और उनके राजनीतिक रसूख ने इन सब कार्यों को पनपने में बड़ी मदद की। इस तरह के कार्यों में लिप्त परीक्षा केंद्रों को काली सूची में डालकर सरकार ने साफ-सुथरी परीक्षा को संचालित कर पाने में सफलता पाई है। इससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आत्मविश्वास मिला। शिक्षा का मूल उद्देश्य सभी नागरिकों को बेहतर मानव संसाधन के रूप में विकसित करने से है।

शिक्षित समाज ही बेहतर समाज को साकार करता है। शिक्षा व्यक्ति को तार्किक बनाती है, वैज्ञानिक सोच का विकास करती है। उत्तर प्रदेश के मदरसों में जो पाठ्यक्रम चल रहे थे, वे धार्मिक थे, परंतु उनमें वैज्ञानिकता का अभाव था। अतः वहां भी पाठ्यक्रम को बदल कर सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू किया जा रहा है। वहां भी पढने् वाले बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकेगा, क्योंकि अब वे मात्र मजहब से जुड़े पाठ्यक्रम नहीं, अपितु एक पूर्ण पाठ्यक्रम पढ़ेंगे जो उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा। सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं, देश के अनेक राज्यों, जैसे आंध्र प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर व मिजोरम इत्यादि राज्यों में शिक्षा सुधारों के क्षेत्रों में काम हुआ है, जैसे कि आंध्रप्रदेश सरकार ने शिक्षा में एक बड़ा कदम उठाया है। अब प्रदेश में सरकारी अनुदानों से चलने वाले सभी निजी शिक्षण संस्थान बंद हो जाएंगे।

प्रदेश सरकार ने 90 प्रतिशत से ज्यादा सरकारी अनुदान वाले स्कूल और कॉलेज अब सरकारी संस्थान के तौर पर चलाने का फैसला किया है। देश के सभी राज्यों को शिक्षा सुधारों को लेकर एक-दूसरे के तजुर्बे से सीखना होगा और हिमाचल प्रदेश जैसी पहल की दरकार है। ऐसा करने से ही शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति का आगाज होगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएम की अध्यक्षता में राजस्व कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**पीएम आवास योजना के ऐसे पात्र लाभार्थी जिनके पास मकान बनाने के लिए जमीन नहीं है, उन्हें पट्टा आवंटन किया जाए: जिलाधिकारी**



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में राजस्व कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व प्रशासन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा-जिसमें रिट याचिकाओं में प्रतिशपथ पत्र, इन्स्ट्रक्शन दाखिल किये जाने एवं मा0 न्यायालय के आदेशानुसार प्रत्यावेदनों के निस्तारण की अद्यतन स्थिति, राजस्व वाद, धारा-80 के लम्बित प्रकरणों से सम्बन्धित, अतिक्रमण एवं नजूल, संग्रह, पट्टा आवंटन / कब्जा सत्यापन, आडिट सम्बन्धी कार्य, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, धारा 34 के आदेशों के अमल दरामद की फीडिंग, आय, जाति प्रमाण पत्रों की फीडिंग, जन सूचना अध्यादेश के कार्य, डिजिटल क्रॉप सर्वे, अतिवृष्टि एवं जल भराव से दैवी आपदा कार्यों की समीक्षा, स्वामित्व योजना / अंश निर्धारण की समीक्षा की तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के पात्र ऐसे लाभार्थी जिनके पास मकान बनाने के लिए जमीन नहीं है तो उनके लिए जमीनों का पट्टा आवंटन किया जाए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारीयों को निर्देशित किया की तहसील स्तर पर पेंडिंग पड़े मामलों का जल्द निस्तारण कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# माल वाहक वाहनों में जान जोखिम डाल सवारी ढोने वालों के विरुद्ध महोबा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**82 वाहनों को चेक कर 27 वाहनों का चालान तथा 12 वाहनों किया सीज**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जानकारी के आभाव में लापरवाही के चलते माल वाहनों से सवारियों की ढुलाई की जा रही है। ऐसे में माल वाहनों में सवार व्यक्ति की जान जोखिम में है। सड़कों पर आए दिन ऐसा देखा जा रहा है कि जिन वाहनों से माल की ढुलाई की जाती है उन पर यात्री बैठे रहते हैं। यहां तक कि ट्रैक्टर ट्राली पर भी बड़ी संख्या में यात्री बैठकर धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए जाते हैं। पिकअप और हाफ डाला वहां पर भी यात्रियों को बैठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जा रहा है। सड़कों पर ऐसे वाहनों को आए दिन देखा जा सकता है, माल ढोने वाले वाहनों पर यात्रियों को बैठने पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है, मोटरयान अधिनियम के तहत मालवाहन पर सवारियों को नहीं बैठाया जा सकता है। इससे हमेशा जोखिम का खतरा बना रहता है। ऐसी स्थिति में आए दिन विभिन्न दुर्घटनाएं घटित हो रही है, जिसमें लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। यह बहुत ही गम्भीर बात है कि लोग भी माल वाहनों पर बैठने को लेकर सतर्क नहीं है वह खुद अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसी घटनाओं पर रोक लगाये जाने तथा आमजनमानस को इसके प्रति जागरुक किए जाने के उद्देश्य से महोबा पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान शुरू किया गया है और ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस द्वारा इस पर प्रभावी रोक लगाए जाने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में विगत दिवस कुल 82 माल वाहक वाहनों को चेक किया गया है जिसमें 27 वाहनों का चालान किया गया है तथा 12 वाहनों को सीज की कार्यवाही की गई है।

## दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना करने वाले तथा डीजे संचालकों के साथ बैठक संपन्न

महोबा। थाना कुलपहाड़ में उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार की संयुक्त अध्यक्षता में तथा प्र.नि. कुलपहाड़ अर्जुन सिंह की उपस्थिति में थाना क्षेत्र कुलपहाड़ में माँ दुर्गा प्रतिमा की स्थापना करने वाले पण्डाल समिति के सदस्यों एंवं डीजे संचालकों के साथ मीटिंग आहूत की गई, इस दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों तथा धर्मगुरुओं के साथ गहन समीक्षा के उपरांत सभी को शान्ति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश निर्गत किए गए हैं। पुलिस एवं प्रशासनिक



अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि कि जो भी आयोजक दुर्गा प्रतिमाओं को ट्रैक्टर ट्राली पर ले जाकर विसर्जित करने के प्रयास में हैं, कृपया मूर्ति विसर्जन हेतु छोटे हाथी वाहन का प्रयोग करें और बाकी जुलूस में सम्मिलित लोग सवारी वाहन से जाए। अपनी जान को जोखिम में डालकर यात्रा न करें, यातायात नियमों का पालन करें, अपना तथा अपनों का जीवन सुरक्षित करें । आगामी त्यौहारों एवं मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम के दौरान डीजे में कोई भडकाऊ/अश्लील संगीत न बजाया जाये, आवाज कान फोडू न हो, प्रतिमा विसर्जन निर्धारित समय एवं निर्धारित रुट पर होगा, सभी से आह्वान किया गया कि दिन में ही विसर्जन करा लें। कोई भी प्रतिमा विसर्जन जुलूस के आगे पटाखे/फायर क्रैकर आदि नहीं फोड़ेगा।

## खबरें एक नजर में

### मुलायम सिंह की पुण्य तिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा



घाटमपुर (समृद्धि न्यूज़)। गुरुवार को 218 घाटमपुर विधानसभा कार्यालय मे दलितों पिछड़ों शोषितों वंचितों किसानों के मसीहा नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया साथ ही उनके जीवन के संघर्षों व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण किया गया जिसमे मुख्य रूप से विधानसभा अध्यक्ष राजू वर्मा, पूर्व जिलासचिव प्रवीण पंकज, महासचिव अमर सिंह यादव जी, मनोज यादव ब्लाक अध्यक्ष, चन्द्रभान उमराव मुखिया, नरेंद्र सिंह, विरजन बाबू सचान, प्रेम प्रजापति, रणधीर सचान, छोटे सिद्दकी आदि लोग मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में कई घायल

राठ(हमीरपुर)। जरिया थाने के उमरिया गांव निवासी करन पुत्र जयचरन बाइक से जा रहा था। रास्ते में असंतुलित होकर बाइक से गिरकर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। वहीं मझगवां थाने के झिन्नावीरा गांव निवासी प्रिंसी पुत्री देवेन्द्र जलालपुर थाने के ममना निवासी वृजनंदन पुत्र अमर कोतवाली के धनौरी गांव निवासी उत्कर्ष पुत्र हरीहर मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया है।

### बाइक चोरी, हजारों रुपये व दस्तावेज गायब

राठ(हमीरपुर)। कोतवाली के कुर्रा गांव निवासी गंगाचरन पुत्र छविलाल कुशवाहा ने बताया कि वह बिजली विभाग में कुर्रा फीडर में संविदा लाइनमैन के पद पर कार्यरत है। मंगलवार की रात वह बाइक से गांव जा रहा था। गांव के पास दो अज्ञात लोग मिले और बिना कारण गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। बाइक को कुर्रा पुलिया के पास खड़ी करके खेत में बिजली का फाल्ट सही करने चला गया। जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। बताया कि बाइक की डिग्गी में उसका पर्स रखा था। पर्स में 9310 रुपए आधार कार्ड पैनकार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज थे। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### एसपी पलाश बंसल ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई



महोबा। पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गया। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे अभियुक्त गिरफ्तार

महोबा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं इसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई उ.नि. राजेश कुमार व उ.नि. देवेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर रुपयों-पैसों से हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 4 नफर अभियुक्तगण क्रमशः पप्पू अहिरवार पुत्र श्री लेखराज उम्र करीब 45 वर्ष .महेश अहिरवार पुत्र श्री लेखराज उम्र करीब 39 वष , हरनारायन पाल पुत्र शीतल प्रसाद उम्र करीब 50 वर्ष-शिवचरन अहिरवार पुत्र स्व. दसईया उम्र करीब 52 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम तेली पहाड़ी थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम तेली पहाड़ी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनकी जामा तलाशी से 340 रूपये, मालफड़ 400 रुपये व 52 अदद ताश पत्ता बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ में मु.अ.सं. 189/2024 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई ।

### डायल-112 पीआरवी ने घायल को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाकर तत्काल सहायता प्रदान की

महोबा। पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में संचालित डायल 112 पीआरवी वाहन द्वारा जनपदवासियों को प्राप्त इवेन्ट/सूचना पर तत्काल आपात सहायता मुहैया करायी जाती है, जिससे लोगो को उनके मध्य पुलिस बल की उपलब्धता को बोध होता है तथा किसी भी विपरीत परिस्थिति में यह विश्वास होता है कि डायल-112 पीआरवी तत्काल उनकी शिकायत/समस्या के निवारण हेतु उपलब्ध होगी। थाना श्रीनगर क्षेत्र में संचालित डायल112 पीआरवी 5823 को एक राहगीर ने सूचना दी कि पुरवार पेट्रोल पम्प से 200 मीटर महोबा की तरफ श्रीनगर मार्ग पर एक स्कूटी सवार व्यक्ति गिर गया है, जो रोड़ में अचेत अवस्था में पड़ा है। इस मौखिक सूचना पर पीआरवी ने तत्काल फिल्ड इवेंण्ट बनाकर मौके पर पहुंचकर अनियंत्रित होकर सड़क पर घायल पड़े स?कूटी सवार को तत?काल अस?पताल में भर्ती कराते हुए प्राथमिक उपचार कराया गया साथ ही घायल के परिवारीजनों को इसकी सूचना दी गई है, पीआरवी पुलिस कर्मियों की इस त्वरित कार्यवाही से घाटल की जान बचायी जा सकी है। घायल व्यक्ति के परिवारीजनों एवं प्रत्यक्षदर्शी जनता द्वारा पीआरवी कर्मियों व यूपी 112 परियोजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई है।

### अस्पताल परिसर से अप्रेंटिस कर रहे स्वास्थ्यकर्मी की बाइक ले उड़ा शातिर चोर

महोबा। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में बेख़ौफ चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है आज फिर जिला अस्पताल में अप्रेंटिस कर रहे स्वास्थ्यकर्मी की शातिर चोर महज कुछ मिनट के अंदर बाइक चोरी कर आसानी से फरार हो गया चोरी की यह वारदात अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शातिर चोर की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं। दरअसल मामला शहर कोतवाली कस्बा क्षेत्र के जिला अस्पताल परिसर का है जहां मुख्यालय के हिन्द टायर वाली गली गांधीनगर इलाके में रहने वाले हरनाथ सिंह का पुत्र अमित अप्रेंटिस करने जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा अनुभाग आया था। अस्पताल परिसर में इमरजेंसी वार्ड के बगल में अपनी अपाचे बाइक संख्या यूपी-95-एस-3146 खड़ी करके इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी करने लगा तकरीबन 11:30 बजे जब वह बाहर निकला तो उसकी बाइक गायब थी आनन फानन में पीड़ित अमित ने पुलिस को बाइक चोरी की सूचना दी घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 की पीआरवी में तैनात पुलिसकर्मियों ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चोरी की यह वारदात अस्पताल परिसर के गेट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बाइक को बरामद करने की गुहार लगाई है। जिला अस्पताल परिसर में 13 प्राइवेट सुरक्षा गार्ड्स सहित चार चौकीदार एवं अस्पताल में 24 घंटे ड्यूटी देने वाले चार होमगार्ड तैनात हैं।

## मोहन तालाब में वृद्धा का शव उतराता मिला

**महोबा।** कुलपहाड़ की एक मानसिक विछिप्त वृद्ध महिला का शव रेलवे स्टेशन के पास मोहन तालाब में पानी में उतराता पाया गया है, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कुलपहाड़ नगर के किशोरगंज मोहाल की निवासी फूलारानी विश्वकर्मा वृद्ध महिला उम्र लगभग 65 वर्ष जो मानसिक रूप से विछिप्त है। परिजनों के मुताबिक बीती शाम को घर से अचानक कहीं चली गई थी, परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। गुरुवार की सुबह किसी ने मोहन तालाब पर महिला का शव पानी में उतराता देखा, तो तुरन्त पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाकर शिनाख्त कराई और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेज दिया।

# सिलेंडर में आग लगने से दस झुलसे, आधा दर्जन कानपुर रेफर

**कन्या भोज के लिए बन रही थी खीर, घायलों की हालत गंभीर**

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**





कस्बा सुमेरपुर के रामनगर मोहल्ले में नवरात्र की अष्टमी के मौके पर कन्या भोज के लिए खीर बनाते समय गैस सिलेंडर से आग लग गई आग बुझाने के प्रयास में एक महिला सहित करीब दस लोग बुरी तरह से झुलस गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया उनमें से आधा दर्जन घायलों को बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया हैए आग से दस बकरियां भी झुलसी हैं। मोहल्ले के राजाराम प्रजापति के आंगन में गुरुवार की सुबह कन्या भोज के लिए खीर बनाई जा रही थी। खीर बनने के बाद भगौना उतारकर नीचे रखा गया और जैसे ही सिलेंडर से रेग्युलेटर निकाला गया वैसे ही सिलेंडर के अंदर लगी पिन टूट गई। इससे गैस फोर्स के साथ रिसने लगी। कुछ युवकों ने हिम्मत बांधकर सिलेंडर को पानी से भरे भगौने में औंधे मुंह रख दियाए लेकिन गैस आसपास के क्षेत्र में फैल गई और कुछ ही दूर जल रहे दूसरे चूल्हे के संपर्क में आने चारों तरफ आग फैल गई। इससे अफरा.तफरी मच गईए सिलेंडर में लगी आग को बुझाने के प्रयास में अमित कुमार, संदीप कुमार, रोहित सुमित कुमार पुत्र कमलेश विनोद कुमार पुत्र हरिप्रसादं अशोक कुमार पुत्र राम शकील योगेश कुमार पुत्र रामबाबू राजाराम प्रजापति पुत्र मातादीन तिजिया पत्नी राजाराम प्रजापति सुमित पुत्र राजाराम समस्त निवासीगण वार्ड नंबर 5 बसंत नगर थाना सुमेरपुर को उपचार हेतु तत्काल पीएचसी सुमेरपुर भेजा गया जहां से सभी को जिला अस्पताल हमीरपुर रेफर किया गया। जिसमे जिसमे राजाराम तिजिया अमित मुखिया,मन्नू संदीप को गंभीर हालत में कानपुर रिफर कर दिया गया है। फायर सर्विस टीम व थाना सुमेरपर पुलिस के द्वारा आग बुझाई गया है पुलिस का कहना है कि प्रकरण में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है वही घटना के संबंध में एएसपी मनोज गुप्ता ने बताया कि प्रसाद तैयार करते समय गैस सिलेंडर के रिसाव से 10 लोग झुलस गए हैं आधा दर्जन घायलों को बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया है। शेष का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। डाक्टरों का कहना है कि जो लोग कानपुर रिफर किये गये है वे साठ फीसदी से अधिक जल गये है।

# बड़ी माता मंदिर में अष्टमी को खीर-पूड़ी और नारियल के साथ सुबह से लगी भक्तों की भीड़

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पनवाड़ी विकास खण्ड में सबसे प्राचीन बड़ी माता मंदिर मातन पूरा में अष्टमी के दिन सुबह चार बजे से भक्तों की भीड़ आरम्भ हो जाती है महिलाएं खीर-पूड़ी, नारियल के साथ मैया को भोग लगाती हैं और चुनरी वस्त्र धारण करवाती है। आचार्य सुरेश चंद शास्त्री मा गौरी की स्तुति बड़े ध्यान मग्न होकर करते हैं। पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री का कहना है माता रानी को जो भक्त नौ दिन श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना करता है, उन्हें माता रानी मनचाहा वर देकर खुश रखती है और मनानुरूप फल प्राप्त होता है सारे नगर से भक्त गणों का अंबार लग जाता है प्रातः चार बजे से घण्टी की गूंज कानो में सुनाई देने लगती है इस तरह कमेटी के अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा के द्वारा पुख्ता इंतजाम किए जाते हैं जल की व्यवस्था एवम मंदिर परिसर में साफ सफाई आदि की उत्तम व्यवस्था रहती है साथ ही साथ नौ दिन तक पुलिस भी सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तेद रहती है गौरतलब हो कि अष्टमी के दिन नगर की सभी मुहल्ले की कन्याओं को बुलाकर भोज भी कराया जाता है बड़ी संख्या में कन्याएं उपस्थिति होकर भोज ग्रहण करती है जिसमे नगर के सभी सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहते हैं। गौरव आदर्श पालीवाल अंशुल रमेश चंद्र अग्रवाल आकाश सुमित पवन उज्ज्वल डॉ मंगल महान रमेश अग्रवाल व अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा स्वम मौजूद रहते हैं।

## घायल लोगों को सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती

मौदहा (हमीरपुर)। क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में चार युवक घायल सभी घायलों को लहुलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। क्षेत्र के मुटनी गांव निवासी अमित 18 वर्ष पुत्र पंचम लालए बालेंद्र पुत्र छिद्दू मुटनी निवासी बाइक में सवार होकर कस्बे से गांव की ओर जाते समय रमना के पास बाइक का संतुलन बिगड़ जाने पर सड़क पर गिर घायल हो गए राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना भैंसमरी गांव निवासी अनुज पुत्र जसकरनए संतोष 40 पुत्र रामकिशोर बाइक में सवार होकर सुमेरपुर से अपने गांव की ओर जाते समय टोला माफ चंद्रावल नदी के पास बाइक का संतुलन बिगड़ जाने पर सड़क पर गिर घायल हो गए अनुज की हालत गंभीर होने पर पीआरबी 112 नंबर गंभीर अवस्था में कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी।

# पिता-पुत्र की मौत के मामले में रोडवेज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**पुलिस ने बस को लिया कब्जे में**

**राठ(हमीरपुर)।** बुधवार को रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र की दर्दनाक मौत के मामले में मृतक के भाई ने रोडवेज बस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है वही पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक बसेला गांव निवासी संतराम ने बताया कि उसका भाई मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण.पोषण करता था। उसके दो पुत्र निखिल व कार्या थे। निखिल गांव के सरकारी विद्यालय में कक्षा दो में पढ़ता है। साथ में 4 वर्षीय कार्या भी भाई के साथ विद्यालय चला जाता था। बुधवार को पनवाड़ी थाने के नकरा गांव में उसके परिवार के चाचा रामकुमार के यहां कुल देवी की पूजा थी। उसका छोटा भाई सुबह पत्नी रेशमा व एक रिश्तेदार को बाइक से नकरा छोड़ गया था। बच्चें स्कूल गए थे। बच्चों के स्कूल आने के बाद वह दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसका छोटा भाई 27 वर्षीय काशीराम अहिरवार अपने छह वर्षीय पुत्र निखिलए चार वर्षीय कार्या को बाइक से लेकर पनवाड़ी थाने के नकरा गांव कुल देवी की पूजा में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उसके वह गिरवर मोड़ के पास पहुंचे तो महोबा की ओर से आ रही तेज रफ्तार महोबा डिपो बस ने बाइक में सीधी टक्कर मार दी। जिससे भाई व दोनों भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां डॉ ने भाई काशीराम व भतीजा कार्या को मृत घोषित कर दिया था।

# दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को नपा ने कीरत सागर सरोवर में तैयारियां शुरू

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

शारदीय नवरात्रि में नगर में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु नगर पालिका ने कीरत सागर सरोवर में तैयारियां शुरू कर दी हैं। अधिशासी अधिकारी द्वारा अधीनस्थ कर्मचारियों को विसर्जन स्थल पर साफ-सफाई, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, नाविक एवं नाव तथा सुरक्षा के दृष्टिगत बेरीकेटिंग लगाने के निर्देश दिये।

गुरूवार को नगर पालिका परिषद महोबा के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने मूर्ति विसर्जन स्थल कीरत सागर का निरीक्षण किया, जहाँ पालिका द्वारा साफ-सफाई, समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी ने प्रभारी सफाई को स्पष्ट निर्देश दिये कि घाटों तथा क्षेत्र की समुचित सफाई करायी जाये। साथ ही विसर्जन स्थल पर समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। ईओ ने अधीनस्थों को निर्देशित किया कि विसर्जन के दिन पेयजल व्यवस्था दुरूस्त रखी जिससे श्रृद्धालुओं को पेयजल सुलभ हो सके।

सुरक्षा के मद्देनजर अधिशासी अधिकारी ने अधीनस्थों को निर्देश दिया कि प्रतिमा विसर्जन हेतु नावों एवं नाविकों की व्यवस्था करायी जाये तथा कार्यस्थल पर बेरीकेटिंग करायी जाये जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो। कार्य स्थल पर काफी संख्या में सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि नगर में लगभग डेढ़ सैकड़ा दुर्गा प्रतिमाओं के पण्डाल सजे हुए हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी लेखाकार अरूण शुक्ला, प्रभारी सफाई रामसेवक एवं भूपेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे।

# जनपद के समस्त थानों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तीकरण के लिए 'मिशन शक्ति' का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरुप मिशन शक्ति अभियान (फेज -05) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण मे जनपद महोबा के समस्त थानों की पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के गाँवों/स्कूलों/कालेजों में चौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल के आयोजन करने की शुरुआत की गई है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु शक्ति दीदी नियमित रुप से ग्राम/स्कूल चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों/स्कूलों/कालेजों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनकी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया गया है।

उल्लेखनीय है कि जनपद महोबा के समस्त थानो पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रअन्तर्गत स्कूल-कॉलेज, मंदिर, पार्क, मॉल, आटो/बस स्टैंड व दुर्गा पुजा पंडाल सहित ग्रामीण कस्बों में जाकर महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी कर समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया गया है। सभी को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई है और शासन/पुलिस द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर-112,108,181,1076,1090, 1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही शासन द्वारा उनके सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, फ्री सिलाई मशीन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, की विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये सूचना दर्ज होने के उपरान्त शीघ्र त्वरित कार्यवाही की जायेगी।

# खाद को लेकर प्राइवेट दुकानों से किसानों का भरोसा उठा, अफरा-तफरी

**ज्यादा दामों पर प्राइवेट दुकानों में बेची जाती है खाद, दुकानों में मिलावटी खाद की होती है बिक्री**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में किसानों का प्रायवेट दुकानों से विश्वास उठ गया है,यही कारण है कि सभी किसान सहकारी समितियों की ओर खाद लेने के लिये भागते है जिससे जिले में उर्वरक की मांग दिनो दिन अधिक होती जाती है। किसानों का मानना है कि प्रायवेट दुकानों में खाद ज्यादा दामों में व गुणवत्तायुक्त खाद नही मिल पायेगी।

जानकारी के मुताबिक शासन ने खाद की आपूर्ति के लिये कोआपरेटिव को चालिस फीसदी व कृषि विभाग को साठ फीसदी खाद की आपूर्ति करने की जिम्मेदारी सौपी है। सहकारिता विभाग के पास पीसीएफ व अपनी सहकारी समितियां है किसान इन सहकारी समितियों का सदस्य होता है इन समितियों से किसान को उधार उर्वरक मिल जाती है बाद में किसान खाद का मूल्य चुकाता रहता है। जिससे वह सहकारी समितियों की ओर भागता रहता है। इधर किसानों का मानना है कि प्रायवेट दुकानों में अधिक मूल्य की खाद की विक्री की जाती है कई मर्तवा नकली खाद की विक्री कर दी जाती है। जिससे फसल पूरी तरह प्रभावित हो जाती है। जब कि इस समय प्रायवेट दुकानों में यूरिया डीएपी खूब उपलब्ध है मगर किसान इन दुकानों की तरफ रुख नही करता है। हालाकि समय समय पर जो खाद के सैम्पल भेजे जाते है वह कई मर्तवा फेल हो जाते है जिससे किसानों का भरोसा और भी टूट चुका है। किसानों ने बताया कि युरिया व डीएपी में दुकानदार कम से कम सौ रुपये बढा कर खाद की विक्री करता है। इस मामले में हालाकि समय समय पर डीएओ जांच पडताल करते रहते है। एग्राजंक्शन में भी खाद ज्यादा कीमत की विक्री की जाती है जबकि ये दुकाने कृषि विभाग के सहयोग से संचालित की जाती है।

### खाद की बेतहासा वृद्धि के लिये शासन से उच्चाधिकारी करेंगे जांच

हमीरपुर। जिले में प्रत्येक साल बेतहासा उर्वरक की मात्रा बढ़ने से शासन ने चिंता व्यक्त की है,इसके लिये शासन ने लखनऊ से डिप्टी डायरेक्टर टीएसी को जिले में वास्तविक जानकारी करने के लिये भेजने का फैसला किया है। डिप्टी डायरेक्टर कृषि हरीशंकर भार्गव ने बताया कि जिले में परंपरागत खेती व प्राकृतिक खेती के लिये हर साल लाखों रुपये का बजट आता है मगर यहां पर उर्वरक की मात्रा घटने के बजाय लगातार बढती जा रही है जो शासन के लिये चिंता का विषय बन कर रह गयी है। पिछले साल पचास फीसदी अधिक खाद की खपत हुई थी जिसपर आधा दर्जन कृषि विभाग के सदस्यों ने लखनऊ से आकर जांच पडताल की थी इस साल फिर से खाद के लिये मारामारी मची है। जब कि अभी तक जिले में ठीक से बोआई नही हुई है। यदि यही हाल रहा तो जिले में बंजर खेती होने में बहुत सही समय नही लगेगा। यही नही खाद के लिये जो डिमांड गयी है वह पिछले साल की अपेक्षा बहुत अधिक बतायी गयी है।

### किसान बोले- टोकन से खाद का मतलब ऊंट के मुंह में जीरा



मौदहा हमीरपुर। क्षेत्र में उर्वरक की समस्या अभी हल नही हुई है,कल एसडीएम ने किसानों को टोकन के माध्यम से खाद वितरित करायी थी मगर किसानों का कहना है कि इससे किसानो का कोई भला नही होने वाला है। सिलौली निवासी किसान श्याम लाल ने बताया की खादा के लिये तीन दिन से भटक रहे हैं मौदहा खाद लेने के चक्कर लगा रहे हैं फिर भी खाद नहीं मिल पाया अगर समय से खाद नहीं मिलती तो हमारे खेत बोने के लिए रह जाएंगे कमरिया निवासी हबीब ने बताया कि हमारा टोकन बना दिया गया था जिससे दो बोरी ही खाद मिल पाई है और इतने काम नहीं चलेगा खाद की कमी चलते खेती बोन के लिए रह जाएगी जिससे किसान का परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच सकता है,खाद न मिलने से किसानों का गुस्सा रोजाना फूटता जा रहा है जिले का किसान आंदोलित होता जा रहा है,हालाकि एआर कोआपरेटिव का कहना है कि समितियों में खाद धीरे धीरे पहुचाई जा रही।



# अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ खोला मोर्चा

**अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमा को लेकर जतायी नाराजगी**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस द्वारा फर्जी मुकदमा दर्ज किए जाने से नाराज अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन छिबरामऊ के अध्यक्ष व महासचिव के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के विरुद्ध प्रदर्शन कर नारेबाजी की और क्षेत्राधिकारी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा यदि अधिवक्ता के विरुद्ध दर्ज फर्जी मुकदमा तत्काल वापस न हुए, तो बार एसोसिएशन के अधिवक्ता पुलिस के खिलाफ आंदोलन करेंगे। गुरुवार को बार एसोसिएशन छिबरामऊ के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर और महासचिव ललित प्रताप सिंह के नेत्रत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में पुलिस प्रशासन के विरुद्ध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी कर सीओ कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि छिबरामऊ पुलिस द्वारा बार एसोसिएशन छिबरामऊ के अधिवक्ता हिमांशु शर्मा के विरुद्ध बिना वास्तविक तथ्यों की जांच किए झूठा मुकदमा दर्ज कर सम्बंधित थाना पुलिस द्वारा अधिवक्ता का उत्पीड़न किया जा रहा है और संगठन द्वारा वार्ता करने पर कोई संतोषजनक जवाब न देकर अधिवक्ता के परिवार के अन्य सदस्यों को उत्पीड़ित किया जा रहा है। इस दौरान जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, रामचन्द्र यादव, राजीव राठौर, संदीप दीक्षित ,रावेन्द्र सिंह चौहान, सजीव दुबे, प्रमोद दुबे, अनूप कुमार दीक्षित, अमित अग्निहोत्री, चन्द्रजीत यादव, विनीत कुमार चतुर्वेदी, संदीप सिंह चौहान, रामप्रकाश यादव, जयवीर यादव, आशीष कश्यप, रजनीश यादव, मुफीद खां,अभिरूप सिंह दीक्षित, शिवदत्त तिवारी, अमित राजपूत, रूपेश दुबे, सुमनलता शाक्य, स्नेहलता गुप्ता, गुलाम हुसैन, राजेश यादव, रोहित यादव, कपिल तिवारी, कुलदीप यादव, यादवेंद्र प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, नवींद्रनाथ, पुष्पेन्द्र यादव, विमलेश राजपूत, मोहित पाण्डेय सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## नृत्य हमारी संस्कृति और समारोह का जरूरी हिस्साः प्रदीप प्रधान

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।** सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में नृत्य हमारी संस्कृति समारोह जरूरी हिस्सा कार्यक्रम के अंतर्गत एकल डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजई छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, संस्था के प्रबंधक प्रदीप प्रधान ने कहा कि बच्चों को खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर मनोबल बढ़ता है कार्यक्रम को प्रशासिका सुधा प्रधान विश्वास प्रधान ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में प्रधानाचार्य के अलावा स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# एएसपी ने जवाहर नवोदय 'बा' विद्यालय का किया निरीक्षण

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार द्वारा क्षेत्र के अनौगी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय व कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्राओं से हॉस्टल में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। तथा बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा



सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में,घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जागरूक किया गया। इस मौके पर महिला थाना प्रभारी, विद्यालय की प्रभारी वार्डेन अंबुज दुबे, मृदुल पाल, रेखा, रानी, सुमित, उप प्राचार्य फिरोज, एसके सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

## आरोपी को 2 वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदण्ड से किया दण्डित

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अभियुक्तगण द्वारा संगठित गिरोह समाज में भय व आतंक का माहौल बनाना व आर्थिक तथा भौतिक लाभ अर्जित करने पुलिस महानिदेशक निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था। कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अभियुक्त बृजेश उर्फ गुड्डू पुत्र आनंद निवासी हरिया नगला ऐरवा कटरा औरैया को 2 वर्ष 1 माह का कारावास व 5,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# परिवहन मंत्री को दी गई बस स्टॉप की दुर्दशा की जानकारी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम छिबरामऊ डिपो का बस स्टॉप की दुर्दशा से परिवहन मंत्री को अवगत कराया गया।

छिबरामऊ डिपो के बस स्टॉप का सुंदरी का कारण कार्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के अंतर्गत कराया गया था सुंदरीकरण से पूर्व बसो का संचालन बस स्टॉप से किया जाता था सुंदरी का कारण कार्य पूर्ण होने के बाद कर्मचारियों की मनमर्जी के चलते बसो का संचालन पूर्वी बाईपास से यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है उक्त जानकारी



लखनऊ में आवास पर माननीय दयाशंकर सिंह जी परिवहन मंत्री को छिबरामऊ डिपो व गुरसहायगंज बस स्टेशन के संबंध व अन्य यात्रियों की समस्याओं को लेकर पत्र सौंपा, तुरंत ऋरू इटावा को फोन कर कार्यवाही के निर्देश दिये।

# धरतीपुत्र हमारी स्मृतियों में सदैव रहेंगे जीवित : अमित यादव

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

नेताजी ने कड़े संघर्षों के बल पर आम आदमी को समाजवाद के विचारधारा से जोड़ने का काम किया और दबे कुचले उपेक्षित समाज को उनका अधिकार दिलाने का काम किया। हमें ऐसे महापुरूष के आदर्शों से सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए। हम सभी के ऊर्जा के श्रोत और आदरणीय नेताजी हमारी स्मृतियों व विचारों में सदैव जीवित रहेंगे।

यह बातें गुरुवार को समाजवादी शिक्षकसभा कन्नौज के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कही। नेताजी को राजनीति का चाणक्य यूँ



ही नहीं कहा जाता था अपने चरखा दाँव से राजनीति की अच्छी परख रखने वाले राजनीतिक धुरंधरों को सियासत के अखाड़े में कई बार पटखनी दी। हम समाजवादियों के बीच भले ही नेताजी न हों लेकिन उनका पढ़ाया गया अनुशासन, बंधुत्व, सामाजिक न्याय एवं समरसता का पाठ आज हर समाजवादी कार्यकर्ता के दिलों में बसता है और जो लड़ाई आपने देश को बाँटने और नफरत फैलाने वालों के विरूद्ध जारी रखी थी उसे प्रत्येक कार्यकर्ता निरंतर पूरी ऊर्जा, निष्ठा और समर्पण भाव के साथ लड़ता रहेगा। नेताजी को याद करते हुए उन्होंने कहा कि यदि आप भारत की राजनीति के बारे में बात करना चाहते हैं तो आमजन में धरती पुत्र के नाम विख्यात माननीय मुलायम सिंह यादव के बारे में जानना होगा। नेताजी ने अपने करियर की शुरुआत शिक्षा के क्षेत्र से की थी।

हालांकि उन्हें तो नेता बनकर देश सेवा करनी थी, इसलिए ज्यादा समय शिक्षा जगत में न रहकर वे लंबी राजनीतिक यात्रा पर निकल गये। जिलाध्यक्ष ने नेताजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने विद्यालय के नन्हें मुन्ने बच्चों को फल वितरित किये। इस मौके पर सुनील यादव ब्लॉक अध्यक्ष ,अनिल कुमार , पंकज पाल , टिंकू यादव, अवनीश पाल , अनिल कुमार ओमेंद्र सिंह,पंकज पाल,अमन कुमार , प्रमोद कुमार, जितेंद्र , संजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

# फ़ातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से हकीम के मेडिकल कैम्प में पहुंचे 150 मरीज



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

मोहल्ला बिरतिया वार्ड नंबर 8 मालवीय नगर स्थित नगर पालिका के बारात घर के पास फ़ातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से 50 प्रतिशत छूट के साथ मेडिकल कैंप में मरीजो को बीमारी के हिसाब से दी गई दवाई यह मेडिकल कैप का आयोजन दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक चला। हुज़ूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सैयद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी ने बताया कि फ़ातहे बिलग्राम मिशन मेडिकल कैम्प में बरेली के मशहूर हकीम अब्दुल हक के द्वारा मरीज को बहुत ही शांति और सदभाव तरीके से देखा गया।

## खबरें एक नजर में

### 5.0 ऑपरेशन हेतु चलाया गया जागरुकता अभियान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शासन द्वारा चलाये जा रहे बाल श्रम, भिक्षावृत, अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कन्नौज एवं अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी ए.एच.टी.यू. जनपद कन्नौज के कुशल निर्देशन में ए.एच.टी.यू. प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह मय हमराह का॰ 1011 हिमेश रावत तथा श्री अरविन्द्र नेगी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी कन्नौज, श्रम विभाग छिबरामऊ, द्वारा कस्बा छिबरामऊ में बस स्टैण्ड, पश्चिमी बाई पास, पूर्वी बाई पास, हाईवे पर होटल, ढाबो व मेडिकल स्टोर, मन्दिर आदि स्थानों पर बालश्रम रोकथाम, भिक्षावृत एवं नशा मुक्त व मिशन शक्ति अभियान 5.0 ऑपरेशन हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवयोजकों को बालश्रम अधिनियम के बारे में बताया गया एवं सघन चैकिंग अभियान के दौरान 01 बच्चे को श्रम मुक्त कराया गया और लोगो को बाल श्रम एंव भिक्षावृत रोकने हेतु जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

### मोमबत्ती जलाकर रतन टाटा को दी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुरानी गल्ला मंडी में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में व्यापारियों ने मोमबत्ती जलाकर रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा देश एवं दुनिया के प्रसिद्ध उद्योगपति, महान देशभक्त पद्मविभूषण रतन टाटा के निधन का समाचार अत्यंत दु:खद एवं पीड़ादायक है। भारत को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने और स्वास्थ्य व जनसेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए उनको सदैव स्मरण किया जाएगा। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को विपदा की इस घड़ी में संबल प्रदान करें। इस दौरान महामंत्री अनिल यादव, सत्यनारायण वर्मा, विमलेश गुप्ता, संजीव गुप्ता गांधी, अमित भारतीय, प्रियांशु गुप्ता, राम गुप्ता, चंद्रभान उर्फ मुन्ना गुप्ता, बृजेश गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, उमेश चंद्र गुप्ता, वेद प्रकाश राठौर एवं विशाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं ने रजत पदक जीतकर बढ़ाया सम्मान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर छात्राओं ने जनपद का मान बढ़ाया है। विद्या भारती द्वारा क्षेत्रीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में किया गया था। जिसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के 49 जनपदों के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। इसमें एथलेटिक्स की अनेक प्रकार की खेल विधाओ का आयोजन किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मन्दिर नदसिया की छात्रा आंशि पटेल ने अंडर 14 की 100 मीटर दौड़ व सरस्वती शिशु मन्दिर जलालाबाद की छात्रा दिव्या भारती ने अंडर 11 की हाई जम्प में दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त कर किया। छात्राओं ने रजत पदक जीत कर अपने क्षेत्र के साथ साथ जनपद का नाम भी रोशन किया।

### मां भगवती के रात्रि जागरण में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** कस्बे के अन्नूपर्णा नगर मोहल्ले में 13वें दुर्गा महोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम के सप्तम दिवस की बेला में मां भगवती के रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें बाहरी जनपदों से आए कलाकारों ने सजीव मंचन कर सभी का मन मोह लिया। शरदीय नवरात्र के पावन पर्व पर मां अन्नपूर्णा नवदुर्गा कमेटी के तत्वाधान में 13वें दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां सुबह कलश पूजन व शाम को महाआरती का आयोजन किया जाता है। बुधवार को सपा नेता अवनीश यादव, सुखेन्द्र यादव, अभिषेक, आलोक यादव तथा रघुवीर सिंह राठौर सहित नगर के कई गणमान्य नागरिकों ने मां भगवती की आरती उतारी। इसके उपरांत मां भगवती के पण्डाल में विशाल जागरण का आयोजन किया गया। आयोजित जागरण में पंकज सावरियां ग्रुप के कलाकरों द्वारा संजीव मंचन का आयोजन किया गया। जिससें राधा-कृष्ण, मां भद्रकाली, सुदामा चरित्र तथा भगवान शंकर की लीलाओं का प्रदर्शन किया। इस मौके पर समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं ने एसडीएम कार्यालय पर की नारेबाजी



**तिर्वा।** तहसील के लायर्स बार एसोसिएशन व न्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर एसडीएम कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। करीब आधा घण्टे तक चले प्रदर्शन के बाद अधिवक्ता चले आए। विदित हो कि पिछले शनिवार को तहसील समाधान दिवस के दौरान न्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने तहसील कर्मियों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एडीएम को ज्ञापन देकर शिकायत की थी। इसपर कोई कार्रवाई न होने पर गुरूवार को न्यू बार एसोसिएशन व लायर्स बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से एकजुट होकर एसडीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी की। तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अकुंश न लग पाने के लिए एसडीएम को भी जिम्मेदार ठहराया। करीब आधा घण्टे तक एक सैकड़ा अधिवक्ता कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते रहे। बाद में सभी चेतावनी देकर चले गए।

## युवक का अपहरण करने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** फोन कर युवक को बहला फुसला कर बुलाने और फिर उसका अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासिनी मसीदा पत्नी चुन्ने खां ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि 02 जुलाई 2024 को पड़ोसी जनपद हरदोई के ग्राम दहेलिया थाना अरवल निवासी जीशान व अकील बहला फुसलाकर उसके पुत्र फिरदौस (25) को फोन करके बुला लिया। इसके बाद उसे गायब कर दिया। परिजनों ने पुत्र का अपहरण करने सहित किसी अनहोनी की आशंका जताई है। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## मुलायम सिंह की द्वितीय जयंती कार्यक्रम संपन्न

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की द्वितीय जयंती कार्यक्रम छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के आवास पर मनाया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने नेताजी के दिखाएं रास्ते पर सभी समाजवादियों से चलने का आहान किया और बताया कि नेताजी ने हमेशा समाज के दबे कुचले वँचितो को मुख्य धारा मे लाने के लिए कार्य किया उन्होंने बताया कि मुझे नेताजी के साथ बरसों कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ नेताजी ने मुझे हमेशा प्यार और स्नेह दिया उन्होंने सर्वप्रथम मुझे यूबजन सभा का जिला अध्यक्ष 1994 में बनाया था कार्यक्रम का संचालन आदिल प्रवेश ने किया कार्यक्रम के प्रमुख रूप में विधानसभा अध्यक्ष उमेशपाल सुग्रीव यादव कमलेश यादव पूर्व प्रधान अनुराग बाजपेई लालू ठेकेदार रवि गुप्ता पिंटू यादव मस्कुलर हसन मीडिया प्रभारी अंकुर सिंह यादव रामेंद्र सिंह यादव पूर्व प्रधान हरदयनारायण दुबे पिंकी कश्यप सुनीता यादव किरण यादव जीतू लाखन सिंह यादव राकेश कठेरिया सैकड़ो सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मंदिर निर्माण के लिए सपाईयों ने किया भूमि पूजन

**कार्यकर्ताओं के साथ सपा नेता दी श्रद्धांजलि**

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



ग्राम भैसियापुर में हवन पूजन करते सपा नेता कोची यादव व अन्य।

पूर्व सपा छात्रसभा अध्यक्ष कोची यादव ने सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव की दूसरी पूर्ण तिथि पर अपनी निजी तीन बीघा भूमि पर मुलायम सिंह यादव का मंदिर बनवाने के लिए गुरूवार को हवन पूजन कर भूमि का पूजन किया। उन्होने मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मंदिर बनवाने का ऐलान किया था। इससे पहले भी सपा नेता कोची यादव ने लोकसभा उपचुनाव में डिंपल यादव की जीत पर अपने खून से पत्र लिखकर मैनपुरी की जनता का आभार प्रकट किया था। इसके अलावा सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव की तबियत बिगड़ने पर पूरे अंग दान उन्हे देने की घोषणा की थी। उन्होने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न दिए जाने की मांग को भी प्राथमिकता से उठाया था। समाजवादी पार्टी में अपनी अलग पहचान बनाने वाले कोची यादव ने समर्थकों के साथ अपनी निजी 03 बीघा भूमि पर मुलायम सिंह यादव के मंदिर का निर्माण शुरू करा दिया है। इस मौके पर सूरज सिंह, राहुल यादव, पंकज गुप्ता, श्याम यादव, अमित कुमार, अनुज यादव, मनोज कुमार, आशीष कुमार, टीटू यादव, श्याम सुंदर गुप्ता आदि ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजलि दी।

# एक दिन के प्रधानाचार्य व उप प्रधानाचार्य बने बच्चे



**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को चौधरी जयवीर सिंह इंटर कॉलेज मिश्रापुर में कक्षा 11 की छात्रा अक्षरा को प्रधानाचार्य व कक्षा 08 की छात्रा अंशु को उप प्रधानाचार्य के पद पर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा 01 दिन के लिए नियुक्त किया गया। अपने बीच से ही प्रधानाचार्य वं उप प्रधानाचार्य को पाकर छात्र छात्राओं एवं समस्त विद्यालय में हर्ष का माहौल रहा। नवनियुक्त प्रधानाचार्य व उप प्रधानाचार्य ने विद्यालय के कार्यो को विधिवत संचालित किया। अभिभावकों, छात्र, छात्राओं से समस्याओं को सुना तथा उनका निस्तारण किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से 145 जोड़े बंधन में बंधे

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के पीएसएम डिग्री कॉलेज के प्रांगण में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 145 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंध गए। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। इस अवसर पर विकास खंड कन्नौज में 49, जलालाबाद 57, गुगरापुर 16, कन्नौज नगर क्षेत्र 23, कुल 145 जोड़ों का विवाह हुआ। जिसमें 03 जोड़े मुस्लिम समुदाय के रहे। मंत्री असीम अरूण ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में वर-वधू को वैवाहिक जीवन की बधाई एवं आर्शीवाद देते हुए कहा कि एक जोडे के विवाह होने पर कितनी खुशी होती है। यहां तो 145 जोडो का विवाह हो रहा है। मंत्री ने कहा कि अब कोई भी युवा बेरोजगार नही रहेगा। युवाओं को स्व-रोजगार करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत युवाओं को 05 लाख रुपये का ब्याज मुफ्त लोन देने का काम किया है। इस योजना के माध्यम से छोटे व्यवसाय हमारे युवा कर सकते हैं। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में सभी वर- वधुओं को आर्शीवाद दिया। कहा कि योजना का उद्देश्य है। कि हम इसी तरह जनपद के सभी वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के विवाह की व्यवस्था इस सरकार की योजना के माध्यम से करें। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह, सदर विधायक प्रतिनिधि विवेक पाठक, ब्लाक प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी सहित आदि लोग रहे।

## समाजवाद की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** नेताजी ने कड़े संघर्षों के बल पर आम आदमी को समाजवाद की विचारधारा से जोड़ने का काम किया। दबे, कुचले, उपेक्षित समाज को उनका अधिकार दिलाने का काम किया। हमें ऐसे महापुरूष के आदर्शों से सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए। हम सभी के ऊर्जा के श्रोत और नेताजी हमारी स्मृतियों व विचारों में सदैव जीवित रहेंगे। यह बात समाजवादी शिक्षकसभा के जिलाध्यक्ष अमित कुमार यादव ने कही। गुरूवार को नेताजी मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कही। जीटी रोड तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में समाजवादी शिक्षकसभा के जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवाद को जमीन पर साकार करने वाले, वंचितों और पिछड़ों के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव एक नेता ही नहीं बल्कि एक विचारधारा थे।

## मंत्री ने ब्लड कम्पोनेन्ट सेपरेशन यूनिट का फीता काटकर किया लोकार्पण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग असीम अरूण ने जिला चिकित्सालय में स्थित ब्लड बैंक में ब्लड कम्पोनेन्ट सेपरेशन यूनिट का फीता काटकर तथा एनआरसी केन्द्र के विस्तारित कक्ष का एक नन्हे बच्चे एकांश के हाथों से फीता कटवाकर लोकार्पण किया। मंत्री ने कहा कि कन्नौज की स्वास्थ्य सुविधाओ को बेहतर करने के लिये हमारा जिला अस्पताल लगातार कार्य कर रहा है। कम्पोनेन्ट सेपरेशन यूनिट के माध्यम से ब्लड के चार अंश को अलग-अलग करने की जो व्यवस्था होती है। उसकी सुविधा अभी तक नही थी। आज यह यूनिट ब्लड बैंक में स्थापित की गयी है। ब्लड प्लेटलेट्स, आरबीसी आदि कम्पोनेंट की सुविधा अब कन्नौज में मिलेगी। इससे लोगो का बेहतर इलाज भी होगा और खर्च भी कम होगा।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

**तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के धर्मपुर गांव के बाहर गुरूवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला।

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप जड़ा। कोतवाली पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के परसोहा गांव निवासी विकास पुत्र भोलू (18) पुत्र रामचरन का शव गुरूवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के धर्मपुर गांव के बाहर फांसी के फंदे पर लटकता मिला। युवक का शव फंदे पर लटके होने की सूचना मिलते ही तिर्वा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना की जानकारी होते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप जड़ते हुए हंगामा काटा। कोतवाली पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मामले में कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोतवाल ने की बैठक

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** बीते दिनों से रेलवे ट्रैक पर घटना को अंजाम देने के लिए अराजकतत्वों द्वारा तरह- तरह के प्रयास किए जा रहे है। इस पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रसाशन सक्रिय है। गुरुवार को जसोदा चौकी पर गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे ने जन समूह के साथ बैठक की। रेलवे ट्रैक पर अराजकतत्वों के द्वारा रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूक किया गया और बताया कि जैसे पुलिस विभाग पुलिस मित्र का गठन किया गया। उसी प्रकार से रेल दुर्घटनाओं को रोकने के रेल मित्रो का गठन किया जाएगा। इस मौके पर चौकी प्रभारी सुनील कुमार चौधरी, सतेंद्र कटियार, उदय कटियार, रामप्रकाश सक्सेना, सचिन पाठक, लालू कटियार, के.के, नीरज आदि लोग मौजूद रहे।

# खाद भंडार दुकानों पर निरीक्षण कर, की कार्रवाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

अपर कृषि निदेशक जगदीश कुमार, उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही एवं जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में उर्वरक की दुकानों का निरीक्षण किया गया। शहर के तिर्वा रोड स्थित क्षत्रपति फर्टिलाइजर्स थोक विकेता बिना किसी पूर्व सूचना के प्रतिष्ठान बन्द कर गायब हो गये। प्रतिष्ठान का निरीक्षण न हो पाने पर फर्टिलाइजर्स का तत्काल प्रभाव से लाइसेन्स निलम्बित करने की कार्यवाही की। तथा पॉस मशीन आईडी को बन्द कराने हेतु संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक) को पत्र लिखा गया। राजपूत खाद भण्डार मिश्रीपुर निरीक्षण किया गया। जहाँ पर स्टॉक रजिस्टर अधूरा पाया गया। सन्देह के आधार पर उक्त प्रतिष्ठान से 03 नमूने (एनपीके, डीएपी एवं एमओपी) गृहीत किये गए। इनको भी निलम्बित करते हुए लाइसेन्स निरस्तीकरण का नोटिस जारी किया। गुरसहायगंज में स्थित प्रकाश ब्रदर्स की चौहद्दी पुनः देखने के लिए निर्देशित किया गया तथा किसानों द्वारा ओवर रेटिंग की शिकायत मिलने पर उनका लाइसेन्स निलम्बित करने की कार्यवाही की गई। अनुपम एजेन्सी गुरसहायगंज के प्रतिष्ठान पर 66 बोरी डीएपी रखी पायी गयी। जिनका वितरण कृषकों को निर्धारित मूल्य पर कराया गया।

# मेधावी छात्रा गौरी तिवारी बनी एक दिन के लिए सीडीओ

## प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को किया निर्देशित



बच्चे को गिफ्ट देती सीडीओ बनी छात्रा व मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान के तहत मेधावी छात्रा के एक दिन के लिए मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। छात्रा का कहना है कि वह जज बनकर पीड़ित जनता को न्याय दिलाना चाहती है।

केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ में वर्ष 2024 में कक्षा 12 में विद्यालय से टॉप कर 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली बालिका गौरी तिवारी पुत्री शैलेंद्रनाथ तिवारी निवासी मोहल्ला संगत फतेहगढ़ को एक दिन के लिए सांकेतिक मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह के निर्देश के क्रम में जनपद में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस-5 के अंतर्गत बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक दिन के सांकेतिक अधिकारी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में एक दिन की मुख्य विकास अधिकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य यह है कि बालिकाओं को इन पदों पर कार्यरत होकर कैसे पदगत दायित्व का निर्वहन किया जाता है इसके प्रति जागरूकता पैदा करना है। जिसके फलस्वरुप उन्हें देश के प्रदेश के संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर पहुंचने की प्रेरणा मिले। मीडिया के सवालों के जवाब में गौरी तिवारी ने कहा कि प्रत्येक छात्र-छात्रा को अपने लक्ष्य को निर्धारित करना चाहिए और दिन रात उसी क्रम में तैयारी करनी चाहिए। जिससे वह सफल हो सके। कुछ लोग जो सच्चे मन से तैयारी नहीं करते हैं वहीं असफल रह जाते हैं। गौरी तिवारी ने बताया कि वह पहले तो एडवोकेट और उसके बाद जज बनना चाहती है और जनता की सेवा करना चाहती है। उन्होंने कार्यालय में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि बालिका गौरी तिवारी बहुत ही होनहार छात्रा है और उसका लक्ष्य निर्धारित है कि वह जज बनना चाहती है। सीडीओ ने गौरी तिवारी का परिचय परियोजना निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों से कराया तथा बालिका को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

# महागौरी की पूजा के साथ मंदिरों में हुए हवन यज्ञ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मठिया देवी मंदिर में मां की सजी मूर्ति व उमड़े भक्तगण

शारदीय नवरात्र के आठवें दिन भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर मां दुर्गा के आठवें स्वरुप महागौरी की विधि विधान से पूजा अर्चना की और हवन यज्ञ में आहुतियां दीं। मठिया देवी मंदिर परिसर में विशाल यज्ञ का आयोजन किया गया।

गुरुवार को मां दुर्गा के अष्टम स्वरुप महागौरी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंदिरों में हवन यज्ञ किये गये। नगर के ऐतिहासिक मंदिर गुरुगांव देवी, बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर, रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मन्दिर, भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मन्दिर, खतराना स्थित मां दुर्गा के मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने हवन यज्ञ में आहुतियां देकर सुख समृद्धि की कामना की। मठिया देवी मंदिर के बाहर हुए हवन यज्ञ में आहूतियां देने के लिए भारी संख्या में भक्त पहुंचे। ऐतिहासिक गुरुगांव देवी मन्दिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। यहां पर लगे मेले में भक्तों ने जमकर खरीददारी की। इसके अलावा बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर में भी हवन यज्ञ हुआ। यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने माथा टेंककर सर्वमंगल की कमना की। इसके अलावा भोलेपुर स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी उमड़ी घरों में भी व्रती महिलाओं ने मां महागौरी की पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ किये और शाम के समय महिलाओं ने देवी जागरण का आयोजन किया।

# बाइक की टक्कर से बालिका की मौत



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतका के परिजन



मृतक बालिका का फाइल फोटो

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बालिका की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार वंशिका पुत्री सतेन्द्र आयु करीब 9 वर्ष निवासी बांसमई थाना नवाबगंज कक्षा 3 की छात्रा थी। वह कल शाम 5 बजे अपने घर के सामने खड़ी थी, तभी सामने से तेज रफ्तार मोटर साइकिल ने वंशिका के टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गयी। जिसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने हालत गम्भीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां डाक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतका की मां अलका व एक भाई देव व 2 बहनें रजनी व उन्नति हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के पिता खेती करते हैं।

# नेताजी का जीवन हम सबके लिए वास्तव में प्रेरणास्रोत है: डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

- नेताजी जैसी शख्सियत होना आज के समय में बहुत मुश्किल
- द्वितीय पुण्यतिथि पर सपा नेताओं ने अर्पित किये श्रद्धासुमन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



नेताजी की पुण्यतिथि मनाते सपा नेता

नेताजी मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने नेताजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। गुरुवार को आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व रक्षा मंत्री नेताजी मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि नेताजी का जीवन वास्तव में प्रेरणा स्रोत है। हमें उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से फर्श से अर्श तक का सफर तय किया। नेताजी ने जो पौधा लगाकर उसे सींचा वह आज फलित हो रहा है। उनके बताये गये मार्ग पर चलकर समाजवादी पार्टी को हम सभी मिलकर मजबूत करें और 2027 में फिर से अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य, अरशद जमाल सिद्दीकी, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव, राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा जितेंद्र यादव व अन्य सपा नेताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर नेताजी के ऊपर एक विचार गोष्ठी भी रखी गई। जिसमें सपा नेताओं ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डाला।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा नेताजी वह शख्सियत थे जो अपना रास्ता खुद बनाते थे। उन्होंने सैफई जैसे छोटे गांव से चलकर और देश की बड़ी हस्तियों में अपना नाम शुमार किया।

नेताजी का जीवन वास्तव में प्रेरणा स्रोत है। लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य ने कहा कि नेताजी जो शख्सियत थे उन्हीं का प्रतिबिंब हम आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव में देखते हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि नेताजी जैसी शख्सियत होना आज के समय में बहुत मुश्किल है। रमेश चंद्र कठेरिया, मशरूर खान, विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने नेताजी की अलग-अलग स्मृतियों को याद कर और उनके द्वारा किए विकास कार्यों को साझा किया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य समीर यादव, कार्यक्रम प्रभारी युवजन सभा जिलाध्यक्ष शिवम यादव, जिला सचिव रामपाल सिंह यादव, विकास गुप्ता, विनीत परमार, डॉ0 धर्मेंद्र कुशवाहा, निजाम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष सौरभ कटियार, बृजेश पाल, अजय यादव, रामशरण कठेरिया, मुजीबुल हसन, जगतपाल कुशवाहा, अर्चित मिश्रा, शिवशंकर शर्मा, विनय यादव, आशीष शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया।

# एआरटीओ ने चेकिंग के दौरान 12 वाहन किये सीज, 26 का किया चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह के निर्देशन में मनाये जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के नवम दिवस परिवहन विभाग द्वारा कठोर कार्यवाही करते हुए प्रदूषण फैलाने वाले तथा बिना कर जमा किए संचालित पाए गए 12 वाहनों को थाना राजेपुर में सीज कर दिया गया तथा इन पर 1,92,000 का जुर्माना लगाया गया। सीज वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न की भी जांच की गई तथा सीज किए गए वाहनों में 5 में प्रेशर हॉर्न लगे पाए गए। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि अन्य 26 वाहनों के चालान प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र न होने तथा हेलमेट का प्रयोग न करने के अभियोग में किए गए हैं। एआरटीओ प्रशासन वी0एन0 चौधरी द्वारा जनपद के प्रदूषण जांच केंद्रों की सघनता से चेकिंग की गई। जनपद में 6 प्रदूषण जांच केंद्र संचालित है। वर्तमान में प्रदूषण जांच केंद्रों पर वाहन ले जाने के साथ-साथ इसका संक्षिप्त वीडियो भी अपलोड किया जाता है, ताकि जांच कठोरता से हो सके।

# चोरों ने स्टार्टर सहित हजारों का सामान चुराया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नबाबगंज के गांव सहसा जगदीशपुर में पिछले 20 दिनों में दूसरी बार स्टार्टर चोरी होने की घटना सामने आई है। जिससे गांव के बाकी समर मालिक डरे हुए हैं। पिछले महीने ही चोरों ने गांव के ही अरविंद गंगवार पुत्र स्व0 महिमाचंद्र की समर से नकब लगाकर स्टार्टर, केबिल व अन्य सामान चोरी कर लिया था और अब गुरुवार रात सत्येंद्र सिंह गंगवार पुत्र स्व0 फूलचन्द्र के खेत में लगी समर से भी स्टार्टर चोरी कर लिया।

घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब सुबह सत्येंद्र सिंह खेत में गये और देखा कि स्टार्टर व अन्य सामान गायब है। अज्ञात चोरों द्वारा हजारों के विद्युत उपकरण चोरी किये जाने की खबर गांव में जंगल में आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि सत्येंद्र सिंह की समर गांव में ही है तब भी चोरी हो गई, तो गांव से दूर स्थित ट्यूबवेल कैसे सुरक्षित रहेंगे। गांव वालों ने बताया कि आसपास के गांव में भी कुछ समय पहले इसी तरह स्टार्टर की अन्य चोरियाँ भी हो चुकी हैं। पीड़ित ने बताया कि सभी सामान मिलाकर चोर करीब १५ हजार का सामान ले गये हैं। पीड़ित ने थानाध्यक्ष नवाबगंज को लिखित रूप में तहरीर दे दी है।

# हत्या के मामले में साले-बहनोई सहित तीन को आजीवन कारावास

**21 वर्ष पुराने मुकदमे में आया फैसला**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज कक्ष संख्या-5 न्यायाधीश रितिका त्यागी ने हत्या के मामले में उमेश चन्द्र पुत्र नाहर सिंह निवासी नगला कोठी बिछ्वा मैनपुरी, राजेश कुमार पुत्र अर्जुन सिंह यादव, सुधीर पुत्र शेर सिंह निवासीगण जिराउ कायमगंज को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व एक एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते 21 वर्षो पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के ग्राम जिराउ निवासी कल्पना पत्नी बलवीर सिंह यादव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरी पहली शादी रामभरोसे धानुक निवासी जिराउ से हुई थी। घटना से करीब 15 साल पहले मैंने रामभरोसे छोड़कर बलवीर सिंह यादव से शादी कर ली थी और पत्नी की तरह उसके साथ रहने लगी थी। बलवीर से मुझे तीन लड़कियां और एक लड़का हुआ। लड़का खत्म हो गया था। मैं बलवीर के साथ घर में रहती थी। बलवीर के घर वाले बलवीर से नाराज रहते थे। उनके परिवार के बच्चों की शादी नहीं हो रही थी। घटना के चार महीना पहले राजेश का तिलक मलोखर से आना था। जब उन लोगो को मालूम हुआ बलवीर ने मुझसे शादी की है तब तिलक न चढ़ाकर वह लोग वापस लौट गए। तब से अर्जुन के लड़के मेरे पति से रंजिश मानने लगे। हम लोग उनसे सतर्क रहने लगे है। 8 अक्टूबर 2003 को बलवीर सुबह शौचक्रिया करने गए थे। तब मैंने देखा राजेश, सुधीर, ब्रजेश, उमेश तेजी से भागते उधर ही जा रहे थे। मुझे शक हुआ मैं अपनी लड़की के साथ बलवीर को बचाने के चली। तब तक चारों लोगों ने खेत में पकड़ लिया। राजेश व उमेश ने मेरे पति को गोली मारी। जिससे मौके पर उनकी मौत हो गयी। चीखने चिल्लाने पर गांव के लोग आ गए। जिससे हमलावर भाग गये थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता भानु प्रकाश, शैलेश सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिक त्यागी ने अर्जुन, राजेश, सुधीर को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व एक-एक लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# बालक की हत्या में प्रकाश में आयी अभियुक्ता गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बालक की हत्या में प्रकाश में आयी अभियुक्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि दिनांक 08 अक्टूबर को धनपाल पुत्र रामलाल निवासी रामनगर पुठरी थाना नवाबगंज द्वारा उसके नाती आसू उम्र 04 वर्ष को पेप्सी का लालच देकर जहरीला कीटनाशक पदार्थ पिलाकर शव को खंडहर में फेंक देने के संबंध में लिखित तहरीर दी गयी थी। नवाबगंज पुलिस ने तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 234/2024 धारा-103(1)/123/238 बीएनएस बनाम 1. जूली पुत्री परशुराम, 2. सुरजीत पुत्र परशुराम निवासीगण ग्राम रामनगर, थाना नवाबगंज के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में कुंती पत्नी धीरेन्द्र उर्फ पम्मी निवासी ग्राम रामनगर, थाना नवाबगंज जिला फर्रुखाबाद का नाम प्रकाश में आया है। जिसके क्रम में आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभियुक्ता कुंती को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस मुठभेड़ में छह अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



घटना के संबंध में जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक

पुलिस ने पशु क्रूरता तथा गौ वध निवारण अधिनियम आदि में वांछित आधा दर्जन अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार दिनांक 09.10.2024 को रात्रि में सूचना के आधार पर चौकी प्रभारी उनि अच्छेलाल पाल मय हमराही हे0का0 सुनील कुमार व का0 सोनू समय करीब 00:10 बजे ग्राम जैतपुर के पास पहुँचे। जहां पर एक कंटेनर बंद बाडी वाहन संख्या-यू.पी.21 सीटी0922 में 25 राशि बैल लदे हुए थे। उक्त प्रकरण में तत्काल वादी उनि अच्छेलाल पाल चौकी प्रभारी राजपूताना की तहरीर के आधार पर थाना जहानगंज पर मु0अ0सं0 198/24 धारा 11(1)(डी) पशु क्रूरता अधिनियम तथा 3/5(क)/8 गौवध निवारण अधिनियम व धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में अभियुक्तगण 1. उवैश पुत्र सलीम निवासी ग्राम नंगलिया थाना अजीमनगर, जनपद रामपुर, 2. उमर मोहम्मद पुत्र बादशाह निवासी ग्राम दाबलपुर थाना कांठ जनप शाहजहाँपुर, 3. कौशर अली पुत्र तुराब खाँ निवासी ग्राम ठिरिया निजामत खाँ, थाना कैंट जिला बरेली, 4. धर्मेंद्र पुत्र हरदयाल, 5. कप्तान पुत्र मेवाराम, 6. गोविन्द पुत्र विनोद निवासीगण मुरहास पट्टी खुर्द, कोतवाली मोहम्मदाबाद, जनपद फतेहगढ़ प्रकाश में आये। मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु थाना जहानगंज द्वारा संभावित स्थानों पर दविश दी गयी। ग्राम बर्ना खुर्द के पास दविश के दौरान उपरोक्त अभियुक्तगणों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त उवैश पुत्र सलीम निवासी ग्राम नंगलिया थाना अजीमनगर जनपद रामपुर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

जिसको इलाज हेतु सीएचसी भेजा गया। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगणों पर विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे पंजीकृत हैं।

# नम आंखों से दी गयी नेताजी को भावभीनी श्रद्धांजलि



नेताजी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते सपा नेता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष अश्विनी यादव ने नेताजी की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनके याद किया। साथ ही सभी को उनके पदचिंहों पर चलकर पार्टी को मजबूत करने की बात कही।

समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर सपाइयों ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धासुमन अर्पित किये। साथ ही कहा कि नेताजी जमीन से जुड़े नेता थे। उन्होंने कई ऐसे कार्य किये, जिनके लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। जवानों को शहीद का दर्जा दिलाने तथा उनकी डेड बाडी को घर ले जाने जैसे कई कार्य रक्षा मंत्री रहते किये। नेताजी हम सभी के दिलों में आज भी जिन्दा हैं। नगर के माया गेस्ट हाउस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।नगर अध्यक्ष अश्विनी यादव ने नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके संघर्ष को याद किया। पार्टी के पदाधिकारियों ने नेताजी के विचार और उनकी नीतियों को प्रत्येक पीडीए परिवार तक पहुंचाने का भी आह्वान किया। इस मौके पर रवि यादव सहमीडिया प्रभारी, राहुल यादव सभासद, अश्विनी यादव नगर अध्यक्ष, अमन सूर्यवंशी, बाबा साहेब वाहिनी के जिला अध्यक्ष अरविंद यादव, जिला अध्यक्ष शिक्षक सभा अभिषेक यादव, अनुज यादव, शक्तिमान, सिंघानिया, आकाश भाटिया नगर महासचिव, कुलबीर यादव, अवनीश यादव, अभिषेक यादव जिला सचिव, लोहिया वाहिनी विनय यादव, प्रशांत यादव, रवि यादव उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने दी।

## गृहकलह से क्षुब्ध महिला ने पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शमसाबाद थाना क्षेत्र के गाँव हन्सापुर गौराईपुर निवासी सतानो देवी उम्र 30 वर्षीय पत्नी राम निवास ने ग्रह कलह से शुब्ध होकर जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।



रथ पर सवार मां दुर्गा के स्वरुप की झांकी

# अष्टमी पर निकाली गयी मां के नौ स्वरुपों की शोभायात्रा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में गुरुवार को अष्टमी पर नवदुर्गा के नौ स्वरुपों की शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्पवर्षा की गयी। शोभायात्रा नगर के सरकारी अस्पताल के पास बने तपस्वी वाले बाग मंदिर से शुरु होकर नगर के मुख्य मार्गो पर होती हुई कमालगंज चौराहे पर बने दुर्गा मंदिर पर समाप्त हुई। जिसमें नगर के लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर सहयोग किया गया। जिसमें माताएं, बहनें एवं युवा वर्ग के सहयोग के कारण शोभा यात्रा को भव्य रुप प्रदान किया गया। जिसमें श्रीकृष्ण-राधिका एवं काली माता, हनुमानजी एवं नवदुर्गा के नौ रूपों को सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। कमालगंज नगर में अष्टमी को नवदुर्गा शोभायात्रा शिव दुर्गा मंदिर की तरफ से निकाली जाती है। शोभा यात्रा के बाद मंदिर पर प्रसाद का वितरण किया गया। जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया एवं रात में महिलाओं ने जगराता किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर के मुख्य रूप से कर्ताधर्ता धीरू शुक्ला, मनोज गुप्ता, दीपक सुनार, पंकज गुप्ता, वरुण चौरसिया, संजू चौरसिया आदि कमेटी के पदाधिकारी एवं भक्तगणों द्वारा शोभायात्रा में सहयोग किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



जांच करती फॉरेंसिक टीम

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के नगला गेरुआ निवासी प्रेमपाल की शादी दो वर्ष पूर्व जनपद औरैया के गांव लाल निवासी हाकिम सिंह की पुत्री शिवानी से हुई थी। गुरुवार को शिवानी का शव फांसी पर झूलता मिला।

सूचना मिलने पर पिता हाकिम सिंह व अन्य परिजन मौके पर पहुंच गये। वहीं हाकिम सिंह ने बताया कि पति पत्नी में अनबन रहती थी। जिसके चलते उनकी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर हलका इंचार्ज दरोगा नरेश चंद्र, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा इंद्रजीत सिंह तथा कांस्टेबिल किरण कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा मामले की जांच पड़ताल की। घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दी गयी। जिस पर फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। खबर लिखे जाने तक महिला के परिजनों तथा मायके पक्ष के लोगों में समझौता का प्रयास चल रहा था। वहीं थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में तहरीर नहीं दी गयी।

# कुश्ती प्रतियोगिता में राजेपुर विकास खण्ड का रहा दबदबा

**बालिका वर्ग में पांच व बालक वर्ग में जीते तीन गोल्ड मेडल**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में हुआ। प्रतियोगिताओं में 8 विकास क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुक्केबाजी प्रशिक्षक अथक पटेल एवं मनोज कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर पुरुस्कृत किया। बालिका वर्ग में पांच गोल्ड व बालक वर्ग में तीन गोल्ड पदक प्राप्त कर उच्च प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर के छात्र-छात्राओं ने अपना दबदबा बनाया। जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, जिला व्यायाम शिक्षिका दुर्गा वर्मा, अरुण यादव, कुलदीप कुमार यादव, आलोक कुमार, मनीष यादव, संजीव यादव, अंकित यादव, विमलेश, अभिषेक आदि लोग मौजूद रहे। बालक वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में 25 से 30 किलो भार वर्ग में उत्तम राजेपुर प्रथम, ब्रह्मानंद बढ़पुर द्वितीय व नीलेश शमशाबाद तृतीय रहे। 30 से 35 किलो भार वर्ग में आर्यन राजेपुर प्रथम, शोभित बढ़पुर द्वितीय, प्रांशु मोहम्मदाबाद तृतीय रहे। 35 से 40 किलो भार वर्ग में दीपक राजेपुर प्रथम, कुनाल बढ़पुर द्वितीय रहे। 40 से 45 किलो भार वर्ग में नईम मोहम्मदाबाद प्रथम, अंकित राजेपुर द्वितीय, आर्यांश बढ़पुर तृतीय रहे। 45 किलो भार वर्ग में मोहित बढ़पुर प्रथम, लकी मोहम्मदाबाद द्वितीय, सुमित शमशाबाद तृतीय रहे। कुश्ती बालिका वर्ग 25 से 30 किलो भार वर्ग में क्षमा राजेपुर प्रथम, सुशीला शमशाबाद द्वितीय, आकांक्षा बढ़पुर तृतीय रही। 30 से 35 किलो भार वर्ग में नेहा राजेपुर प्रथम, खुशबू बढ़पुर द्वितीय, तनू मोहम्मदाबाद तृतीय रही। 35 से 40 किलो भार वर्ग में सुहानी राजेपुर प्रथम, अनिक्ता बढ़पुर द्वितीय, सिमर नगर क्षेत्र तृतीय रही। 40 से 45 किलो भार वर्ग में उमांशी राजेपुर प्रथम, पारुल नगर क्षेत्र द्वितीय, कीमती बढ़पुर तृतीय रही। 45 किलो भार वर्ग में नैन्सी राजेपुर प्रथम, नेहा मोहम्मदाबाद द्वितीय रही। सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर पुरुस्कृत किया गया।




## धूमधाम से मना गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में दशहरा पर्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सनातन से चली आ रही परंपरा एवं संस्कृति को छात्रों में जागृत करने के उद्देश्य से गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में गुरुवार को दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत, अन्याय पर न्याय की जीत तथा असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने दुर्गा स्वरूपा कन्याओं का विधिवत पूजन अर्चन किया तथा माल्यार्पण कर उन्हें उपहार भेंट किया। कक्षा नर्सरी से यूकेजी के नन्हे नन्हे मुन्ने बच्चों ने रामलीला का मंचन किया। इसमें बच्चों ने प्रभु श्री राम तथा माता सीता के चरित्र को उजागर किया। राम की भूमिका में आयांश मिश्रा, ओम गुप्ता सीता की भूमिका में काव्या वर्मा, नैना यादव तथा हनुमान की भूमिका में अयान सिंह राठौड़, शिवाय कश्यप, अयांश दीक्षित आदि छात्रों ने अहम भूमिका निभाई। कक्षा 4 से 8 तक के छात्रों ने भी रामलीला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। रामलीला में मुख्य भूमिका में सूर्यांश शुक्ला, काव्या सिंह, आयुष यादव, हर्ष मिश्रा, प्रणव चतुर्वेदी, कृष्णा पाठक आदि छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। रावण के पुतले के दहन के साथ ही आतिशबाजी का आनंद लिया गया। प्रधानाचार्य ने मानव जीवन में त्योहारों के महत्व का प्रतिपादन किया और उन्होंने सभी को नवरात्र तथा विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मैनेजर विनोद कुमार अग्रवाल एवं प्रमोद कुमार अग्रवाल ने राम लक्ष्मण की आरती उतारकर दशहरे का कार्यक्रम का समापन किया।

## दो पक्षों के में चले लाठी-डंडे व ईंट पत्थर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के सरपारपुर निवासी गुड्डू पुत्र रघुनंदन सिंह ने गांव के सोहित पुत्र मिंटू, अवनेश पुत्र सोनपाल तथा रोहित पुत्र मिर्ची लाल सहित तीन लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 9 अक्टूबर की शाम 7 बजे के करीब आरोपी गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों द्वारा लाठी-डंडों तथा ईट पत्थरों से हमला किया गया। इस घटना में पीड़ित का सर फूट गया। पीड़ित के अनुसार आरोपी यहीं नहीं रुके घर के पास रखा चूल्हा भी फोड़ दिया। शोर शराबा होने पर जब तक मुहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी जानमाल की धमकी देकर फरार हो चुके थे। पीड़ित ने सभी आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



दुर्गा अष्टमी पर पाण्डाल में पूजन करते भक्तगण

## नवरात्रि पर मां दुर्गा के जयकारों के साथ भक्तों ने की पूजा अर्चना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नवरात्रि पर पाण्डालों में विशेष पूजा अर्चना व आरती के साथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शहर के ग्राटगंज स्थित राजू गुप्ता एवं मोहल्ले के द्वारा लगाये गये पाण्डाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिदिन पूजा अर्चना व आरती के साथ प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। पहले दिन हवन पूजन के साथ प्रतिमा स्थापित हुई। स्थानीय लोगों के साथ रोजाना भव्य आरती के साथ पूजन हुआ। अष्टमी पर महाआरती के साथ भक्तों ने जागरण किया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी पहुंचक पूजा अर्चना की। माता रानी के जयकारे के साथ भक्तों ने भाग लिया। राम नवमी पर्व पर रोजाना आरती के साथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सदर विधायक ने जाम की समस्या के निराकरण के लिए भेजा प्रस्ताव

**80 सूत्रीय प्रस्ताव में सड़क, पुल, पुलिया व रेलवे क्रासिंग आदि**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



वार्ता करते विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने जनपद की जाम की समस्याओं का निराकरण करने के लिए वाईपास व फोरलेन एवं रेलवे क्रासिंग बनाने व चौड़ीकरण एवं नवनिर्माण मरम्मत व पुलिया निर्माण हेतु 80 योजनाओं के संदर्भ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रस्ताव भेजा।

ठंडी सड़क स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा कि फर्रुखाबाद वाईपास इटावा-बरेली राष्ट्रीय राज्य मार्ग व कानपुर रोड फोरलेनीकरण जिला जेल फतेहगढ़ से गुरसाहयगंज तक कुल मार्गों का चौड़ीकरण व सुंदरीकरण 5, रेल उपरिगामी सेतु 4 व नवनिर्माण हेतु मार्गों की संख्या 29, मरमम्म हेतु मार्गों की संख्या 31, पुल व पुलिया निर्माण 9 विकास कार्यों का प्रस्ताव भेजा। जिसमें 80 सूत्रीय प्रस्ताव में सरकार द्वारा मंजूर होते ही शहर की दशा व दिशा बदलेगी। जिससे विकास के रास्ते खुलेगें। उन्होंने कहा कि हम विकास हेतु पहले से चिंतित है। सरकार द्वारा मांगी गई कार्य योजनाओं में भेजे गये प्रस्ताव में चाचूपुर से हथियापुर तक मार्ग व गंगा के ऊपर पुल निर्माण, पांचाल घाट से रेलवे स्टेशन तक चौड़ीकरण, कादरीगेट से मसेनी चौराहे तक चौड़ीकरण सड़क, आईटीआई चौराहे से सेन्ट्रल जेल चौराहे तक चौड़ीकरण सड़क, फर्रुखाबाद-कायमगंज मार्ग देवरामपुर चौराहे पार करते हुए रेल उपरिगामी सेतु एवं सम्पर्क मार्ग का निर्माण, छोटी जेल से कानपुर मार्ग पर रेलवे क्रासिंग व उपरिगामी सेतु एवं निर्माण, अमेठी कोहना से भैरव घाट मंदिर मार्ग निर्माण, फर्रुखाबाद-पुठरी मार्ग गुतासी चौराहे व जसमई मार्ग सहित 80 प्रस्ताव शासन को भेजे है।

जिसमें कई सड़कों का सर्वे भी कराया गया है। उन्होंने कहा कि शहर में जगह-जगह जाम से निजात दिलाने के लिए यह कार्य कराये जाने के लिए मसौदा तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा चौक पर वाहन चेकिंग के नाम लोगों को परेशान न किया जाये। साथ ही किसी थाने में फरियादी के साथ लापरवाही न हो और न ही भ्रष्टाचार जैसे की शिकायत आये। जिससे सरकार की छवि धूमिल न हो। इस तरह की कोई शिकायत आयी तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने गरीब महिला को खून देकर बचायी जान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



रक्तदान करते अंकुर मिश्रा

शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने मुस्लिम समाज की महिला को रक्तदान करके गंगा जमुनी विचारधारा की मिसाल कायम की।

सरल स्वभाव के अंकुर मिश्रा समाजसेवा में कुछ न कुछ करते रहते है। अपने स्तर पर लोगों की मदद करना उनका स्वभाव बन गया है। वैसे तो पेशे से अधिवक्ता है। गरीब वादकारियों का निःशुल्क केस लड़ते है। कई बार उन्होंने वादकारियों को न्याय दिलाया और आर्थिक भी मदद की। बीमार मुस्लिम समाज की महिला को खून की जरुरत पड़ी तो उन्होंने हामी भरी और उसे रक्त देकर मिशाल बनायी। मोहल्ला गढ़ी मजीद खान निवासी गरीब दिव्यांग आसिफकी मां शहाना को आवास विकास स्थित एक हॉस्पिटल में खून की जरुरत पड़ी और उसकी जान खतरे में थी। जब उन्हें पता चला तो उन्होंने हॉस्पिटल पहुंचकर मुस्लिम महिला को रक्त देकर जाति धर्म से उठकर कार्य किया। इस कार्य के लिए लोगों ने उन्हें बधाई दी।

# पुण्यतिथि पर मुलायम सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**महानगर अध्यक्ष के निवास पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन**



मुलायम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को समाजवादी पार्टी महानगर द्वारा पूर्व रक्षा मंत्री/ पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक धरती पुत्र स्व. मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के निवास बजरिया सालिगराम में मनायी गई।

अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग के पूर्व प्रदेश सचिव युनूस अंसारी ने की। संचालन रजत क्रांतिकारी ने किया। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने कहा मुलायम सिंह यादव ही एक ऐसे नेता है जिनके आदेश के कारण आज हमारे देश के शहीद सैनिकों के पार्थिक शरीर घर तक आ पाते है। उन्होंने कहा दीपावली का त्योहार निकट है, हम सभी समाजवादी साथियों को ये ध्यान रखना है कि हम सबके साथ हमारे आसपास के वो लोग भी त्योहार मनाये जो आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है, हमारी यह जिम्मेदारी है कि उन घरों में कोई भूखा न सोये, यही नेता जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिला महासचिव जहान सिंह लोधी ने कहा कि नेता जी ने जमीनी स्तर पर जनता के लिए बहुत काम किये, चुंगी जैसे छोटे-छोटे करो से निजात नेता जी ने दिलाई। नागेन्द्र सिंह शाक्य, ओम प्रकाश शर्मा, प्रवेश कटियार, रंजीत चक, प्रदीप यादव ने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता करते हुए यूनिस अंसारी ने कहा इस देश में स्व0 मुलायम सिंह यादव जैसा नेता दोबारा नहीं मिलेगा। हम उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते है। इस मौके पर अतुल वर्मा, ऋषि अवस्थी, ब्रजभान यादव उर्फ रिंकू, कुलदीप भारद्वाज, खुर्शीद खां अमित यादव, अमन भारद्वाज, डॉ. शिवम अवस्थी, सत्यम अवस्थी, नफीस, मुन्ना, अमित यादव आदि लोग मोजूद रहे।

## आर्मी पब्लिक स्कूल में रावण वध का हुआ मंचन




रामलीला का मंचन करते पात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजय दशमी के पर्व को बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय के छात्रों ने संस्कृत में रावण वध का मंचन किया। अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विजय दशमी के पर्व के महत्त्व का वर्णन करते हुये विद्यालय के छात्र सोयल कुमार ने संस्कृत में अपने विचार प्रस्तुत करते हुये कहा कि विजय दशमी का पर्व भारत का प्रमुख पर्व है जो अधर्म पर धर्म की तथा असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के अन्दर रावण छिपा हुआ होता है, जिसे हमें अपने ज्ञान, सदाचरण और सद्भाव रूपी अस्त्र से उसे नष्ट कर देना चाहिये। उन्होंने बताया कि शस्त्र पूजन भी किया जाता है। राम की भूमिका सार्थक दीक्षित, लक्ष्मण की भूमिका अमन तिवारी, हनुमान की भूमिका शौर्य वर्मा, विभीषण की अखिलेंद्र पाण्डेय तथा रावण की भूमिका अभिनव ने निभाई। छात्रों के अभिनय को सभी दर्शकों ने तालियां बजाकर सराहा।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मना राम नवमी पर्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में अध्यक्ष शिवविलास त्रिवेदी एवं प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती पर माल्यार्पण एवं पुर्षाचन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया।

भगवान राम और सीता के बाल रूप व भगवान विश्वामित्र संवाद, पुष्पवटिका, धनुष यज्ञ, राम सीता विवाह आदि कार्यक्रमों में भैया, बहनों ने सभी का मन मोह लिया। संचालन बाल कलाकार के रूप में आशुतोष अवस्थी ने प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने रामनवमी का महत्व बताते हुए बताया कि भगवान राम जैसा आदर्श महापुरुष इस देश में नहीं हुआ है ना कभी होगा। उनके आदर्शो पर चलकर हम अपने देश को एक नई अलख जगा सकते, बिना आदर्श पुरुष बनने से अपने देश का विकास नहीं कर सकते हैं और हम अपने देश में बिना हिंदू राष्ट्र के इस क्रियाकलापों में इसकी कल्पना नहीं कर सकते हैं। आदर्श नीति से हम अपने देश को एकजुट रखकर विकास के रास्ते खोल सकते हैं। कार्यक्रम प्रभारी सर्वेश कुमार शुक्ला ने किया एवं अतिथि परिचय प्रदीप अवस्थी ने कराया। 101 कन्याओं का पूजन प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह एवं विद्यालय अध्यक्ष शिव विलास व त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर आचार्य अंजलि, अपर्णा अवस्थी, अमृता शर्मा, आर्तिका शुक्ला, पल्लवी राजपूत, रितु, रामानंद पांडे, कृष्ण कुमार, वीरेश सिंह, प्रदीप शर्मा, प्रदीप सेंगर, शिवकुमार यादव, आलोक सिंह, रजनीश मिश्रा, प्रखर सक्सेना, बृजपाल सिंह मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### भाकियू के सदर तहसील पदाधिकारी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन हरपाल गुट की बैठक सम्पन्न हुई। तहसील अध्यक्ष एसबी सिंह शेरा ने विजय कुमार मसीह को तहसील सदर का मीडिया प्रभारी बनाया गया। साथ ही सदस्य अजय पाल व किशन पाल को घोषित किया। संगठन को गति देने के लिए तीनों पदाधिकारियों को निर्देश दिये गये। इस मौके पर भाकियू नेता मौजूद रहे।

### देवेन्द्र कुमार बने बसपा अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष आरडी बौद्ध ने अमृतपुर विधानसभा का अध्यक्ष मंझना निवासी देवेन्द्र कुमार बनाया है। उन्हें पार्टी की रीति नीति का प्रचार प्रसार कर बहन मायावती के निर्देशों का पालन करते हुए पार्टी को गति देने का निर्देश दिया गया है।

### विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजक बने प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने एमआईसी के प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजक बनाया है। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अन्तर्गत विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन होगा। जिसमें राष्ट्रीय अविष्कार के अन्तर्गत कक्षा ९ से १२ तक के छात्र-छात्रायें विद्यालय स्तरीय तथा जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करेगें। छात्र-छात्रायें विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन करेंगे। १५ अक्टूबर को विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन एमआईसी फतेहगढ़ में आयोजित होगा। जिसका आयोजक प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर को बनाया गया है।

### डीएम ने विद्यालय का निरीक्षण कर परखी शिक्षा की गुणवत्ता



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों से सवाल हल करवाये। बाद में उनकी टॉफी वितरित कीं। टॉफी पाकर बच्चे फूले नहीं समाये। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह ने कम्पोजिट विद्यालय बलीपुर ब्लॉक कमालगंज का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा और बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर सवाल हल कराए। जिलाधिकारी ने बच्चों को चॉकलेट वितरित कीं। शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार एवं स्कूल की खिड़कियों में जाली लगवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा बीडीओ को विद्यालय को गोद लेकर विद्यालय को मॉडल विद्यालय बनाने के लिये निर्देशित किया।

### रास्ता खोलने का विरोध करने पर दबंगों ने पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव ज्यूनी निवासी वीरवती कठेरिया उम्र 40 वर्षीय पत्नी राधेश्याम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि हमने गाँव के प्रमोद यादव से 15 विसे जमीन खरीदकर बैनामा कराया था। ग्राम प्रधान बब्लू पुत्र ग्रीश चन्द्र दबंगई के बल पर रास्ता खोलने लगे। मेरे द्वारा विरोध करने पर ग्राम प्रधान बब्लू अपने भाई हरजू सिंह सहित परिवार के राजेश, रमेश, रवेन्द्र, अजय, बन्टी के साथ एक राय होकर आये और आते ही मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों व लाठी-डन्डों से मारापीट करने लगे। हमें पिटता देख बीच बचाव के लिए आए हमारे जेठ वेदराम पुत्र लटूरी सिंह, जिठानी ओमादेवी को भी उक्त लोगों ने लाठी-डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर वीरवती, वेदराम, ओमा देवी का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# एसएस पब्लिक स्कूल में मनाया गया दशहरा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

गुरुवार को एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में दशहरा पर्व धूमधाम और उत्साह से मनाया गया। अध्यक्ष सुरेश चंद्र अवस्थी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने प्रभु श्रीराम के जन्म, सीता स्वयंवर, पंचवटी प्रकरण, लंका दहन, समुद्र पर पुल निर्माण, रावण वध और श्रीराम राज्याभिषेक तक का मंचन आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। आकृति ने राम, काव्या ने सीता, आरव ने लक्ष्मण, पियूष ने हनुमान जी, राहुल ने नारद, वैष्णवी ने सूर्पनखा, तनवी ने कौशल्या, रामकुमार ने रावण तथा अंशू ने जनक का वेश धारण किया। आरिश, अभिशान, अनमोल, अनिरुद्ध, भोला, वंश, अनुष्का, छवि, पायल, राधिका, अक्षिता, दुर्गा, संध्या, आरोही, सौम्या और जाह्नवी आदि बच्चों ने विविध रूपों से दर्शकों का मन मोहा। भगवान राम, सीता और हनुमान के साथ ही सभी स्वरूपों की आरती उतारी गई। कार्यक्रम के में प्रधानाचार्य देवेश नारायण अवस्थी, डॉयरेक्टर जतिन नारायण अवस्थी, प्रबंधिका अनुपम अवस्थी, राजेश तिवारी, पूजा कुमारी, आयुषी कशिश, सोनू सिंह, गौरव, पियूष, हर्षित आदि ने व्यवस्था संभाली।

# लोधी समाज ने बालक की बरामदगी के लिए विधायक से लगायी गुहार

**सदर विधायक ने झाड़ा पल्ला, बोले मामला पुलिस का है**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पीड़ित परिजन से जानकारी करते जिलाध्यक्ष

लोधी जागृति मंच के जिलाध्यक्ष लोधी मनोज राजपूत ने अपनी टीम के साथ थाना मऊदरवाजा के अनर्गत ग्राम रामपुर डफरपुर के लगभग एक माह पूर्व पूर्व बालक देवेश उर्फ पुत्र देवा पुत्र धनीराम राजपूत लापता है जिसकी समाज के कुछ लोगों ने पुनः जानकारी दी।

संज्ञान में लेकर जिलाध्यक्ष ने टीम के साथ के साथ गुरवार को तीसरी बार पीड़ित परिवार से मिला और लापता पुत्र के संबंध मे प्रशासन की कार्यवाही को और तेज गति मिले इसके लिए जिलाध्यक्ष ने सदर विधायक से बात की। उन्होंने इस मामले से ये कहकर पल्ला झाड़ लिया कि बच्चे का लापता होना बड़े स्तर का मामला है, पुलिस प्रशासन से बच्चे को जल्द पता करने की मांग की। जिलाध्यक्ष के साथ सभासद विश्वनाथ राजपूत, प्रधान नरोत्तम सिंह, डॉ0 राघवेंद्र सिंह, राहुल राजपूत, उधन राजपूत, वीरेंद्र राजपूत, शैलेन्द्र राजपूत सहित लोग मौजूद रहे।

# एक मंच पर भारत और नेपाल कवियों ने किया काव्यपाठ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सम्मानित होते राष्ट्रीय कवि शिवओम अम्बर मौजूद लोग

आरोग्य चेतना समिति व सामाजिक संस्था टीम आलवेज पॉजिटिव के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्मृति शेष ओमप्रकाश सिंह भदौरिया की चतुर्थ पुण्यतिथि पर उत्सव गेस्ट हाउस में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। डॉ. अरुण प्रताप सिंह भदौरिया व आनंद भदौरिया के संयोजन में कवियों ने काव्य पाठ किया।

राष्ट्रीय कवि डॉ. शिवओम अम्बर ने कवि सम्मेलन की अध्यक्षता की व संचालन कवि महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रीति पवन तिवारी ने मां बागीश्वरी की वंदना पढ़ी। डा0 शिव ओम अंबर ने कहा कि शब्दों में टंकार बिठा, लहजे में खुद्दारी रख। जीने की ख्वाहिश है तो मरने की तैयारी रख। बाजपुर उत्तराखंड से पधारे कवि विवेक बादल बाजपुरी ने अपने अंदाज में कहा रंग भरते हुए दिन रात बना सकता है, सिर्फ बादल है जो बरसात बना सकता है। नेपाल से पधारे कवि हेमबाबू लेखक ने नेपाली व हिंदी दोनों भाषा में काव्यपाठ करते हुए जीवन के यथार्थ को चित्रित किया। मैनपुरी से आये युवा कवि मनोज चौहान ने कहा अपने सिर पर आजादी का लेकर के उन्माद गया, पराधीन भारत से शेखर गया किंतु आजाद गया। प्रीति पवन तिवारी ने गीत सुनाया। रंग गुलशन के हर फूल पर आयेगा, देखना जब मेरा हमसफ़र आयेगा। नेपाली कवि जगदीश ओझा ने कहा नेपाल का हिमालय भारत की गंगा, दोनों में है प्रेम का गहरा रंग। नेपाल के कवि प्रजापति नेगी, कानपुर के कवि भानु प्रताप सिंह, डॉ. अरुण प्रताप सिंह, रोहित तिवारी, आनंद भदौरिया ने काव्यपाठ का तालियां बटोरी। इस मौके पर विजय कुमार वर्मा, कन्हैया लाल पाण्डेय, लालाराम शर्मा, हरिभान सिंह गहरवार, नरेश सिंह परमार, राम शंकर अवस्थी, सत्यपाल सिंह मौजूद रहे। शिवराम सिंह स्मृति समाज भूषण सम्मान, जयराम सिंह स्मृति समाज भूषण सम्मान, अनुपम सागर, अभिषेक कुमार, अमित कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## हत्या के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद समृद्धि न्यूज।** हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-07 अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्त आत्माराम को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। पीड़ित सुखराम पुत्र लायकराम लोधी राजपूत निवासी ग्राम पचरौली थाना कायमगंज का निवासी है। 12.01.1991 को मैं तथा मेरा भाई राम सिंह अपने घर से ग्राम हज्जू नगला जो मेरे गांव का पुरवा है रामफल के घर आये हुए थे। जैसे ही हम दोनों लोग रामफल के आंगन में पहुंचे, कि उसी समय करीब 4:30 बजे दिन रामफल के लड़के आत्माराम मेरे भाई को जान से मार डालने के लिए देशी तमंचा 12 बोर से फायर करके मेरे भाई के पेट में गोली मार दी। गोली लगते ही मेरा भाई मौके पर गिरकर मर गया। मैंने शोरगुल मचाया, तो पड़ोस के हाकिम सिंह पुत्र जंगी वर्मा तथा गिरन्द पुत्र झब्बूलाल वर्मा निवासी ग्राम पचरौली जो अपने ग्राम हज्जू नगला आया हुआ था तथा दौड़कर मौके पर आ गये। जिन्होंने घटना देखी तथा हम लोगों ने मिलकर आत्माराम को रोकना चाहा तो वह तमंचा फेंकर भाग खड़ा हुआ। मेरे भाई रामसिंह ने उसकी बहन से छेड़छाड़ की थी। इसी कारण से उसने मेरे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमें में अभियुक्त आत्माराम पुत्र रामफल निवासी हज्जू नगला थाना कायमगंज जिला फर्रुखाबाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-7 अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्त आत्माराम को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024



# रामगढ़ में ट्रक ने चार बच्चियों को रौंदा, तीन की मौत, एक घायल

**मुर्रामकला में पसरा मातम तीन बच्चियों की लाश देख फट गया कलेजा**

एजेंसी

**रामगढ़।** नवरात्रि के समय हर जगह मां दुर्गा की आराधना की जा रही है। नारी शक्ति का इससे बड़ा पर्व नहीं मनाया जाता है। ऐसे महापर्व में गुरुवार को सड़क हादसे में तीन कन्याओं की जान चली गई। इस हादसे के बाद रामगढ़ थाना क्षेत्र के मुर्रामकला गांव में मातम पसर गया है। तीन छोटी बच्चियों की लाश देख हर किसी का कलेजा फट गया। लोगों की जुबान ऐसी बंधी की ढांढस बंधाने के लिए भी शब्द नहीं मिले।

मुर्रामकला बस्ती के बालेश्वर महतो के पुत्री ममता कुमारी (15 ), सुखलाल महतो की पुत्री मनीषा कुमारी (14)और संतोषी देवी की पुत्री प्रतिमा कुमारी (12) की सड़क हादसे में जान चली गई। इस हादसे में विनोद महतो की 10 साल की पुत्री नैना कुमारी बाल बाल बची है। हालांकि उसका इलाज चिकित्सक कर रहे हैं और वह खतरे से बाहर है। राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर स्थित मुर्रामकला बस्ती में एक अनियंत्रित ट्रक ने कहर बारपाया है। हजारीबाग की तरफ जा रहे चावल लदे ट्रक का चुटूपालू घाटी में ब्रेक फेल हो गया।



**मौके पर पहुंची पुलिस, सीओ ने दी सहायता राशि**

घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अंचल अधिकारी सुदीप एक्का और थाना प्रभारी कृष्ण कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने राहत बचाव कार्य शुरू किया और घायल बच्ची का इलाज सदर अस्पताल में कराया। इस दौरान अंचल अधिकारी ने मृत बच्चियों के परिजनों को तत्काल 20000 की सहायता राशि दी है। साथ ही सड़क दुर्घटना में मौत के बाद सरकारी प्रावधान के अनुसार 100000 अति शीघ्र देने का आश्वासन भी दिया है।

**संतोषी देवी के भाग्य में न पति था, न पुत्री**

भाग्य ने सबसे अधिक नुकसान मुर्रामकला की संतोषी देवी का किया है। संतोषी देवी के पति की मौत पांच-छह साल पहले ही हो चुकी है। पति के निधन के बाद संतोषी ने अपना सहारा मायके में ढूंढा और वह मुर्रामकला आ गई थी। वह अपनी दो बेटियों के सहारे अपने भविष्य को संवारने की कोशिश कर रही थी, कि ईश्वर ने वह सपना भी तोड़ दिया। गुरुवार को उसकी 12 वर्षीय पुत्री प्रतिमा की सड़क हादसे में जान चली गई।

## लाओस में पीएम मोदी ने देखा लाओ रामायण का मंचन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को लाओ रामायण का एक एपिसोड देखा। इसे फलक फलम या फ्रा लक फ्रा राम कहा जाता है। लुआंग प्रबांग के प्रतिष्ठित रॉयल थिएटर ने इसे प्रदर्शित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा विजयादशमी कुछ ही दिन दूर है और आज लाओ पीडीआर में मैंने लाओ रामायण का एक हिस्सा देखा, जिसमें प्रभु श्री राम की रावण पर विजय को दर्शाया गया है। यह देखकर खुशी हुई कि यहां के लोग रामायण से जुड़े हुए हैं। प्रभु श्री राम का आशीर्वाद हम पर हमेशा बना रहे! लाओस में रामायण का आयोजन जारी है और यह महाकाव्य दोनों देशों के बीच साझा विरासत और सदियों पुरानी सभ्यता के संबंध को दर्शाता है। लाओस में सदियों से भारतीय संस्कृति और परंपरा के कई पहलुओं का पालन और संरक्षण किया जाता रहा है दोनों देश अपनी साझा विरासत को उजागर करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय जांच ब्यूरो ने मानव तस्करी मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मानव तस्करी मामले में एक गिरोह के पांच लोगों के खिलाफ बुधवार को एक विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया है। इनमें मंजूर आलम उर्फ गुड्डु, साहिल, आशीष उर्फ अखिल, पवन यादव उर्फ अफजल उर्फ अफरोज और मुख्य साजिशकर्ता कामरान हैदर उर्फ जैदी हैं। यह गिरोह भारतीयों को साइबर अपराध से जुड़े कार्यों के लिए लाओस भेज रहा था। इस गिरोह का संचालन चीन के घोटालेबाज कर रहे थे जो यूरोपीय और अमेरिकी नागरिको को निशाना बनाते थे।

एनआईए ने गुरुवार को यह जानकारी दी।एनआईए के मुताबिक जांच में पता चला है कि ये लोग आर्थिक रुप से कमजोर भारतीय युवाओं को मानव तस्करी के जरिए 'लाओ पीडीआर के गोल्डन ट्राएंगल क्षेत्र' में ले जाते थे। जहां उन्हें यूरोपीय और अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता था।




ये लोग 'अली इंटरनेशनल सर्विसेज' चलाते थे, जिसकी आड़ में मानव तस्करी की जाती थी। एनआईए के मुताबिक जांच में यह भी पता चला है कि मुख्य साजिशकर्ता कामरान हैदर उर्फ जैदी ने पूरे अभियान के दौरान चीनी घोटालेबाजों के चंगुल से भागने की कोशिश करने वाले पीड़ितों से 'क्रिप्टो करेंसी वालेट' के माध्यम से पैसे ऐंठे। पवन यादव अन्य मध्यस्थ एजेंटों को दरकिनार कर तस्करी किए गए लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर अपने गिरोह में शामिल कर चीनी कंपनियों में नौकरी पर रखा। इसके साथ इनकी फर्जी प्रोफाइल बनाकर अमेरिका और यूरोप के लोगों से चैटिंग करने का काम कराया। अमेरिका व यूरोप के नागरिकों को साइबर घोटाले के तहत क्रिप्टो करेंसी ऐप में निवेश करने के लिए राजी करवाया। एनआईए के मुताबिक जांच में विभिन्न अवैध गतिविधियों में शामिल तस्करों और दलालों के एक सुव्यवस्थित नेटवर्क का पता चला है। इनमें बगैर लाइसेंस के मानव शक्ति आपूर्ति एजेंसियों के संचालन से लेकर दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में आपराधिक गतिविधियों के लिए संभावित पीड़ितों के अवैध स्थानांतरण और परिवहन तक शामिल है। आरोप पत्र में नामित आरोपित सीधे तौर पर हवाई टिकट और दस्तावेजों की व्यवस्था करने और गोल्डन ट्राएंगल क्षेत्र में संपर्कों की मदद से अवैध सीमा पार कराने में शामिल थे।

# राफेल नडाल ने किया टेनिस से संन्यास का ऐलान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने संन्यास का ऐलान कर दिया है। 38 साल के नडाल ने गुरुवार को एक इमोशनल वीडियो जारी करते इस बात की जानकारी दी। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने सभी को शुक्रिया कहा।

उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप से एक कठिन निर्णय है, जिसे लेने में मुझे कुछ समय लगा है लेकिन इस जीवन में, हर चीज की शुरुआत और अंत होता है। इसी के साथ उन्होंने बताया कि उनका आखिरी मैच डेविस कप फाइनल होगा। सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि हेलो दोस्तों, मैं आपको यह बताने आया हूं कि मैं पेशेवर टेनिस से संन्यास ले रहा हूं। मेरे लिए पिछले कुछ वर्ष कठिन रहे हैं, विशेषकर पिछले दो वर्ष। दिग्गज खिलाड़ी ने आगे कहा कि मैं बहुत उत्साहित हूं कि मेरा आखिरी टूर्नामेंट डेविस कप का फाइनल होगा, जिसमें मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व करूंगा। मुझे लगता है कि यह एक चक्र पूरा हो रहा हैं, क्योंकि एक पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में मेरी पहली सबसे बड़ी खुशी 2004 में सेविले में डेविस कप फाइनल था। इसी के साथ उन्होंने पूरे टेनिस जगत को धन्यवाद दिया।



**22 ग्रैंड स्लैम खिताब किए अपने नाम**

38 साल के नडाल की गिनती दुनिया के महान टेनिस खिलाड़ियों में होती है। वह सर्बिया के नोवाक जोकोविच के बाद दूसरे सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले टेनिस खिलाड़ी हैं। नडाल ने अपने करियर में कुल 22 ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किए हैं, जो टेनिस में एक बड़ी उपलब्धि है। उनसे आगे केवल सर्बिया के नोवाक जोकोविच हैं, जिन्होंने अब तक सबसे ज्यादा 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इसके अलावा नडाल ने 2008 ओलंपिक में टेनिस में सिंगल्स कैटेगिरी में स्वर्ण पदक जीता, वहीं 2016 में रियो ओलंपिक में डबल्स में स्वर्ण अपने नाम किया।

## इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने खैबर पख्तूनख्वा हाउस को डी-सील करने का दिया आदेश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सील किए गए खैबर पख्तूनख्वा हाउस के मामले में प्रशासन को अदालत से जोरदार झटका लगा है। इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने आज खैबर पख्तूनख्वा हाउस को खोलने (डी-सील) का आदेश दिया। एआरवाई न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा सरकार की सचिव प्रशासन के माध्यम से दायर याचिका की सुनवाई आज चीफ जस्टिस आमिर फारूक ने की। याचिका में हाई कोर्ट से अनुरोध किया गया था कि अंतिम निर्णय तक इसे डी-सील करने का आदेश दिया जाए। याचिका में यह भी तर्क दिया गया कि यह हाउस प्रांतीय सरकार की संपत्ति है। इसकी सीलिंग अवैध है।

# आत्ममंथन की बजाय हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रही कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद ईवीएम और चुनाव आयोग पर सवाल उठाने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि नाच न जाने आंगन टेढ़े वाली सोच से कांग्रेस घिर चुकी है।

कांग्रेस आत्ममंथन करने के बजाय अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रही है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि हरियाणा चुनाव में लोगों ने स्पष्ट रूप से कांग्रेस को नकार दिया है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस के सारे दावे झूठे हैं। ये अपनी हार का ठीकरा कभी चुनाव आयोग और कभी ईवीएम पर फोड़ रहे हैं। आत्मंथन करने के बजाय हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ने में लगे हुए हैं। चुग ने कहा कि राहुल गांधी एक जिद्दी बालक की तरह अपनी परीक्षा में असफल होने के बाद आत्ममंथन करने के बजाय फेल होने का ठीकरा परीक्षा केंद्र और शिक्षकों पर फोड़ रहे हैं।



## खबरें एक नजर में

**दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बची इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस**

**पटना।** रेलगाड़ी संख्या 18623 इस्लामपुर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन बीती देर रात करीब 12.15 बजे पटना-गया रेलखंड के बेलागंज-नेयामतपुर रेलवे स्टेशन के बीच पिलर संख्या 75/05 के पास दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गई। इस संबंध में जहानाबाद रेल थाना अध्यक्ष दीप नारायण यादव ने बताया कि बुधवार की देर रात करीब सवा बारह बजे यह घटना हुई है। उन्होंने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा रेल पटरी में बिछाये गये सीमेंट ब्लॉक्स स्लीपर को उठाकर रेल लाइन पर रख दिया गया था। हालांकि, ड्राइवर ने उसे देख लिया और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका लेकिन ट्रेन रुकते-रुकते इंजन स्लीपर में जा टकराया। इस दौरान रेल यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि रेल पटरी से स्लीपर हटाकर रेल परिचालन शुरू कराया गया। इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ स्थानीय थाना बेलागंज में एफआईआर दर्ज कराई गई गयी है। इधर, घटना की छानबीन करते हुए रेल पुलिस की टीम भी लगातार छापेमारी कर रही है।

**आरपीएफ-जीआरपी ने रूसी पर्यटक के फोन का पता लगाया**

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** भारतीय रेलवे के जीआरपी और आरपीएफ टीम की कर्मठता एवं त्वरित प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप एक रूसी पर्यटक के चुराए गए फोन का पता लगाया गया। 17 अगस्त 2024 को नीना निकोनोरोवा, गया-कामाख्या एक्सप्रेस में यात्रा कर रही थीं। तब बिहार में फल्गु नदी के ऊपर से गुजरते समय, वह बाहर के आकर्षक दृश्यों को रिकॉर्ड कर रही थीं, तभी अचानक एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके हाथ पर डंडे से वार कर उनका फोन छीन लिया। नीना ने तुरंत ही गया, शेखपुरा और कामाख्या रेलवे स्टेशनों पर जाकर रेलवे पुलिस (जीआरपी) को इस घटना की जानकारी दी। जीआरपी ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (02), 313 और 317 (05) के तहत केस दर्ज किया। नीना की शिकायत के बाद, जीआरपी और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने मिलकर एक अभियान के तहत मुस्तैदी के साथ कुछ ही दिनों में, पिंटू कुमार और साजन कुमार नामक दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तीन मोबाइल फोन बरामद किए, लेकिन नीना का फोन अभी तक नहीं मिला था। संदिग्धों से पूछताछ में पता चला कि नीना का फोन साहिल पासवान नामक व्यक्ति के पास था, जो बिहार के गांधीनगर मानपुर का निवासी था। साहिल ने ही कथित तौर पर नीना पर हमला किया और उनका फोन चोरी किया था। जीआरपी और आरपीएफ की टीमों ने साहिल की तलाश में बिहार के गया जिले एवं आस-पास के इलाकों में छापेमारी शुरू कर दी है। चोरी के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और नीना के फोन को बरामद करने के लिए आरपीएफ और जीआरपी की टीमें सतर्कता से काम कर रही हैं।

**उत्तर प्रदेश मे विधानसभा उपचुनाव को लेकर तेज हुई सरगर्मी**

**लखनऊ।** प्रदेश मे लोकसभा चुनाव के दौरान खाली हुई दस विधानसभा सीटों के उपचुनाव को लेकर हरियाणा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश मे चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार चुनाव आयोग भी हफ्ते भर के अंदर चुनावी अधिसूचना की घोषणा कर सकता है ! वैसे तो प्रदेश की सभी दसों विधानसभा सीटें भाजपा और सपा के लिये महत्त्वपूर्ण है लेकिन इन दस सीटों मे भी आंबेडकर नगर की कटेहरी और अयोध्या की मिल्कीपुर सीट सबसे महत्त्वपूर्ण है क्युकी इन दोनों सीटों के प्रभारी खुद योगी आदित्यनाथ है। कटेहरी विधानसभा सीट की बात करें तो 2022 के विधानसभा चुनाव मे सपा के लाल जी वर्मा ने यहाँ से जीत दर्ज की थी जबकि निषाद पार्टी के प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी 7696 वोटों से चुनाव हार गए थे। लाल जी को 93524 वोट तो निषाद पार्टी के प्रत्याशी अवधेश कुमार को 85828 वोट मिला था। निषाद पार्टी का इस सीट पर काफी मजबूती से उभरी है जिसको देखते ये कहा जा सकता है पार्टी के प्रत्याशी के इस बार के उपचुनाव मे जीतने की प्रबल संभावना है।

# भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित होगी 'एक दौड़ शूरवीरों के नाम'

एजेंसी

**जयपुर।** भारतीय सेना के अद्वितीय साहस और बलिदान को समर्पित 'ऑनर रन' के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई है। यह प्रतिष्ठित ऑनर रन 8 दिसंबर को जयपुर में आयोजित की जाएगी, जिसमें एक दौड़ शूरवीरों के नाम थीम को प्रमुख रूप से दर्शाया गया है।

जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) जयपुर (राजस्थान) कर्नल अमिताभ शर्मा के अनुसार इस आयोजन के तहत 13 अक्टूबर को 5 किलोमीटर की प्रोमो रन का आयोजन किया जाएगा, जो वैशाली नगर स्थित आर्मी क्षेत्र के विजय द्वार से शुरू होगी। इस प्रोमो रन में नागरिक, आर्मी ऑफिसर्स, वेटेरन्स और आर्मी पर्सनल एक साथ दौड़कर जयपुरवासियों को देश भक्ति, स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक और प्रेरित करेंगे।

यह दौड़ भारतीय सेना के शूरवीरों, पूर्व सैनिकों और शहीदों के सम्मान में समर्पित है, जो उनकी अद्वितीय वीरता और बलिदान की गाथा का स्मरण कराती है। 'ऑनर रन' का प्रबंधन आईआईईएमआर द्वारा किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य न केवल सेना के जवानों और उनके परिवारों का सम्मान करना है, बल्कि जयपुर में देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत बनाना है। प्रोमो रन के लिए रिपोर्टिंग का समय सुबह 5.30 बजे तय किया गया है।

## भारत ने नेपाल के आग्रह पर पुल निर्माण सामग्री भेजी


**काठमांडू।** भारत ने नेपाल सरकार के आग्रह पर पुल निर्माण सामग्री भेजी है। नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन के कारण 40 से अधिक पुल पूरी तरह से टूट गए हैं। इस कारण अभी भी कई राजमार्गों पर यातायात शुरू नहीं हो पाया है। टूटे हुए पुलों के स्थान पर फौरी तौर पर अस्थाई पुल बनाए जा रहे हैं। नेपाल सरकार ने भारत सरकार से इसके लिए मदद मांगी थी। भारत सरकार ने पहली खेप के रूप में 10 प्री फैब्रिक्रेटेड पुल निर्माण सामग्री नेपाल सरकार को हस्तांतरण की है। बुधवार देर रात बीरगंज स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के तरफ से नेपाल सरकार को यह सामग्री दी गई। इस सामग्री का मूल्य 38 करोड़ रुपये से अधिक बताया गया है।

# टेली मानस हेल्पलाइन में 2 साल में आए 14.5 लाख से अधिक कॉल, अब वीडियो कॉल भी कर सकेंगे लोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय टेली-मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत दो साल पहले शुरू की गई टेली मानसिक स्वास्थ्य सहायता और राज्यों में नेटवर्किंग (टेली मानस) हेल्पलाइन पर अब तक 14.5 लाख अधिक कॉल आ चुकी है।

गुरुवार को विश्व मानसिक दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने टेली मानस एप लॉन्च किया। इस एप के माध्यम से लोग वीडियो कॉल के जरिए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का समाधान पा सकेंगे।



फिलहाल यह सुविधा कर्नाटक, जम्मू एवं कश्मीर और तमिलनाडु में शुरू की गई है लेकिन जल्द ही इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा। यह पहल मानसिक स्वास्थ्य को सुलभ और सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे लोग मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर सही परामर्श ले सकेंगे। उल्लेखनीय है कि टेलीमानस टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरः 14416 या 1-800-891-441 कई भाषाओं में है और इसके माध्यम से फोन करने वाले अपनी पसंद की भाषा चुनकर सेवायें ले सकते हैं। कॉल पर विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। टेली मानस ऐप एक मोबाइल प्लेटफॉर्म है जिसे मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर सहायता प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है।

ऐप में एक लाइब्रेरी है जिसमें आत्म-देखभाल, संकट संकेतों को पहचानने, तनाव, चिंता और भावनात्मक संघर्ष के शुरुआती संकेतों के प्रबंधन के सुझाव शामिल हैं। यह उपयोगकर्ता के अनुकूल अनुभव प्रदान करते हुए दिमागी चुनौतियों, खेलों और माइंडफुलनेस प्रथाओं के माध्यम से उनके समस्या का समाधान करने की सुविधा प्रदान करता है।

**मैं सही फैसले लेने में विश्वास नहीं करता बल्कि मैं फैसले लेता हूं और फिर उन्हें सही साबित कर देता हूं**

# न केवल व्यापार जगत में योगदान के लिए बल्कि मानवता के सच्चे सेवक भी थे टाटा



**मुंबई।** भारत के सबसे पुराने कारोबारी समूह के मुखिया रतन टाटा का निधन हो गया है। वे टाटा संस के मानद चेयरमैन थे। उन्होंने 86 साल की उम्र में मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली। रतन टाटा किसी पहचान के मोहताज नहीं है। भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में रतन टाटा के नाम का डंका बज रहा हैं। अपने असाधारण व्यक्तित्व और परोपकारी नीति के वजह से रतन टाटा सबके दिलों पर राज करते थे।

उन्हें बुधवार को ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 7 अक्टूबर को भी उनके अस्पताल जाने की खबर आई थी, लेकिन उन्होंने पोस्ट करके कहा था कि वे ठीक हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा की अगुआई में ही टाटा ग्रुप ने देश की सबसे सस्ती कार लॉन्च की, तो हाल ही में कर्ज में फंसी एअर इंडिया को 18 हजार करोड़ की कैश डील में खरीदा था। बिजनेस में बेहद कामयाब रतन टाटा निजी जिंदगी में बेहद सादगी पसंद थे और मुंबई में अपने छोटे से फ्लैट में रहते थे। 28 दिसंबर 1937 को नवल और सूनू टाटा के घर जन्मे रतन टाटा ग्रुप के फाउंडर जमशेदजी टाटा के परपोते थे। उनका परिवार पारसी धर्म से है। उनके माता पिता बचपन में ही अलग हो गए थे और दादी ने उनकी परवरिश की थी। 1991 में उन्हें टाटा ग्रुप का चेयरमैन बनाया गया था।

**21 साल चेयरमैन रहे, टाटा ग्रुप का मुनाफा 50 गुना बढ़ा**

1962 में फैमिली बिजनेस जॉइन किया था। शुरुआत में उन्होंने टाटा स्टील के शॉप फ्लोर पर काम किया। इसके बाद वे मैनेजमेंट पोजीशन्स पर लगातार आगे बढ़े। 1991 में, जे.आर.डी. टाटा ने पद छोड़ दिया और ग्रुप की कमान रतन टाटा को मिली। 2012 में 75 वर्ष के होने पर, टाटा ने एग्जीक्यूटिव फंक्शन छोड़ दिए। उनके 21 वर्षों के दौरान, टाटा ग्रुप का मुनाफा 50 गुना बढ़ गया। इसमें अधिकांश रेवेन्यू जगुआर-लैंडरोवर व्हीकल्स और टेटली जैसे पॉपुलर टाटा उत्पादों की विदेशों में बिक्री से आया। चेयरमैन का पद छोड़ने के बाद उन्होंने 44 साल के साइरस मिस्त्री को उत्तराधिकारी नियुक्त किया। उनका परिवार ग्रुप में सबसे बड़ा इंडिविजुअल शेयरहोल्डर था। हालांकि, अगले कुछ वर्षों में, मिस्त्री और टाटा के बीच तनाव बढ़ गया। अक्टूबर 2016 में, चार साल से भी कम समय के बाद, मिस्त्री को रतन टाटा के पूर्ण समर्थन के साथ टाटा के बोर्ड से बाहर कर दिया गया। फरवरी 2017 में नए उत्तराधिकारी का नाम घोषित होने तक टाटा ने चेयरमैन के रूप में अपना पद वापस ले लिया।

**कोविड-19 महामारी के समय 500 करोड़ रुपए दान दिए**

रतन टाटा, ग्रुप की परोपकारी शाखा, टाटा ट्रस्ट में गहराई से शामिल थे। टाटा ग्रुप की यह आर्म शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण विकास जैसे सेक्टर्स में काम करती है। अपने पूरे करियर के दौरान, रतन टाटा ने यह तय किया कि टाटा संस के डिविडेंड का 60-65 प्रतिशत चैरिटेबल कॉज के लिए इस्तेमाल हो। रतन टाटा ने कोविड-19 महामारी से लड़ने के लिए 500 करोड़ रुपए का दान दिया था। रतन टाटा ने एक एग्जीक्यूटिव सेंटर की स्थापना के लिए हार्वर्ड बिजनेस स्कूल को 50 मिलियन डॉलर का दान दिया था। वे यहीं से पढ़े थे। उनके योगदान ने उन्हें विश्व स्तर पर सम्मान दिलाया, एक परोपकारी और दूरदर्शी के रूप में उनकी विरासत को और बढ़ाया है।

**लव लाइफ में अनलकी रहे रतन टाटा**

रतन टाटा अकूत संपत्ति के मालिक होते हुए भी लव लाइफ में हमेशा अनलकी रहे। दिग्गज बिजनेसमैन को चार बार प्यार हुआ, लेकिन हर बार उनकी लव स्टोरी अधूरी रह गई। रतन टाटा को ब्रिटेन में एक लड़की से प्यार हुआ। 1962 युद्ध के समय उनकी दादी ने फोन करके उन्हें घर बुला लिया और बाद में रतन टाटा ब्रिटेन नहीं जा पाए इसके बाद लड़की ने किसी और से शादी कर ली।

**अपने जन्मदिन पर संघ मुख्यालय पहुंचे थे प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा**

**नागपुर।** प्रसिद्ध उद्योगपति स्वर्गीय रतन टाटा का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से गहरा नाता था। इसी के चलते 8 साल पहले रतन टाटा ने अपना 79वां जन्मदिवस संघ कार्यालय में मनाया था। सारे कार्यक्रम रद्द कर रतन टाटा नागपुर पहुंचे थे। संघ ने भी अपने सारे नियम और सादगी से इतर रतन टाटा का जोरदार स्वागत किया था। प्रसिद्ध उद्योगपति टाटा और नागपुर का रिश्ता तीन पीढ़ियों का रहा है। रतन टाटा के पुर्खों ने नागपुर में एम्प्रेस मिल की स्थापना की थी। महज 50 लाख रुपये की कमी के चलते यह मिल टाटा समूह को बंद करनी पड़ी थी। इस तरह से मिल का बंद होना रतन टाटा के लिए बेहद कष्टप्रद था। रतन टाटा ने इस बात का जिक्र अपने कुछ साक्षात्कारों में किया था। इसके अलावा नागपुर में जन्मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी टाटा परिवार के रिश्ते बेहद करीबी थे। कारोबार के आइकॉन के रूप में देश में स्थापित हो चुके रतन टाटा के जीवन में समाजसेवा, दान और राष्ट्रवाद यह तीन बातें उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के करीब ले गईं। इसी के चलते 28 दिसंबर 2016 को रतन टाटा अपने 79वें जन्मदिवस के अवसर पर अचानक नागपुर पहुंचे थे। स्वर्गीय नाना चुडासमा की पुत्री तथा भाजपा नेता शाइना एनसी के साथ दोपहर को रतन टाटा नागपुर एयरपोर्ट पर उतरे। उस वक्त नागपुर एयरपोर्ट पर जिसने भी उन्हें देखा उन सभी की आँखें खुशी से चमक उठीं। वहीं टाटा के स्वागत में नागपुर के सभी प्रमुख संघ पदाधिकारी एयरपोर्ट पर मौजूद थे।

1- रतन टाटा जब 10 साल के थे, तब उनके माता-पिता अलग हो गए और युवा रतन का पालन-पोषण उनकी दादी, नवाजबाई टाटा ने किया। वह एक शानदार शख्सियत थीं और जिन्होंने उन्हें नैतिक मूल्य दिए। उन्होंने अपना करियर टेल्को (अब टाटा मोटर्स) शुरू की है और ब्लास्ट फर्नेस में चूना पत्थर को खोदने का भी काम किया।

2- साल 1991 में उन्होंने टाटा समूह की मूल कंपनी टाटा संस के अध्यक्ष के रूप में जेआरडी टाटा की जगह ली। उन्होंने दो बार यह पद संभाला - 1991 से 2012 तक, जब वे पहली बार सेवानिवृत्त हुए, और 2016 से 2017 तक, जब वे साइरस मिस्त्री की बर्खास्तगी के बाद अंतरिम नियुक्त हुए।

3- रतन टाटा को भारत के तीसरे और दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया था. साल 2000 में पद्म भूषण और 2008 में पद्म विभूषण सहित कई पदक और सम्मान से उन्हें सम्मानित किया गया। उन्हें सिंगापुर, इटली, फ्रांस, जापान और ऑस्ट्रेलिया की सरकारों द्वारा भी सम्मानित किया गया और महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा उन्हें ब्रिटिश साम्राज्य का मानद नाइट बनाया गया।

4- रतन टाटा ने टाटा समूह को भारत-केंद्रित और बड़े पैमाने पर अलग-अलग कंपनियों के समूह से वैश्विक हितों और राजस्व स्रोतों के साथ एक सुव्यवस्थित और (बेहद) लाभदायक कॉर्पोरेट कंपनी में बदल दिया।

5- उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने ब्रिटिश ऑटोमोटिव दिग्गज जगुआर और लैंड रोवर, अमेरिकी लक्जरी होटल श्रृंखला रिट्ज कार्लटन और इतालवी एयरोस्पेस निर्माता पियाजियो का अधिग्रहण किया।

6- टाटा समूह के अध्यक्ष के रूप में 22 वर्षों में लाभ और राजस्व में 50 और 40 गुना की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई. साल 2011-12 में बाद वाले ने पहली बार 100 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया।

7- रतन टाटा ने 105 साल पुराने टाटा ट्रस्ट के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कई अभूतपूर्व काम किये। एक परोपकारी और लीडर के रूप में उनकी सादगी और मानवता के लिए प्रशंसा की जाती है।

8- साल 86 वर्ष की उम्र में, उन्होंने कुत्तों सहित छोटे जानवरों के लिए 20 से ज्यादा एकड़ में फैला एक अत्याधुनिक 165 करोड़ का अस्पताल खोला था।

9- रतन टाटा की निगरानी में टाटा समूह और टाटा ट्रस्ट ने देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बेहतर बनाने के साथ कैंसर जैसी बीमारियों से लड़ने में भी निवेश किया है। उनके नेतृत्व में बनाए गये कैंसर के अस्पताल बेहतरीन अस्पतालों में से एक हैं।